भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाएँ

कार्तिक, पक्ष - कृष्ण, तिथि - तृतीया, संवत 2079 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-33, 12 अक्टूबर - 18 अक्टूबर, 2022 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## ओसवाल सोप ग्रुप

OSWAL SOAP GROUP · SINCE ओसवाल 1956

हर रिश्ते का रखे ख्याल...

6 करोड़ परिवारों का विश्वास | जब अपने घर का हो सवाल, तो सिर्फ ओसवाल | क्वालिटी प्रोडक्ट्स की विशाल श्रृंखला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ओसवाल सोप | 1kg डिशवॉश टब | 1kg व्हाइट सोप | 1kg वॉशिंग पाउडर | 1kg डिटर्जेंट पाउडर | 100g नहाने का साबुन |
| 100g ग्लिसरिन बाथ सोप | 250ml लिक्विड हैंड वॉश | 500ml लिक्विड डिशवॉश | 1Ltr. डिटर्जेंट लिक्विड | 1Ltr. टॉयलेट क्लीनर | 1kg देसी खांड |
| 1kg चाय पत्ती | 250g डस्ट चाय | 800g पोहा | 1kg जीरा | 1kg सैंधा नमक | 1kg काला नमक |
| 1kg बासमती चावल | 500g हल्दी पाउडर | 1kg मिर्च पाउडर | 500g धनिया पाउडर | | |
| 1Ltr. 5Ltr. कच्ची घानी तेल | 1Ltr. 5Ltr. रिफाइंड सोयाबीन तेल | 1Ltr. रिफाइंड सोयाबीन तेल पाउच | 5Ltr. 1Ltr. मूंगफली तेल | 50g अगरबत्ती | घास की झाड़ू |
| 1kg चना दाल | 1kg मूंग दाल | 1kg हरी मूंग दाल | 1kg काबुली चना | 1kg तूअर दाल | 1kg उड़द धुली दाल |

अब घर बैठे मँगवाए ओसवाल उत्पाद

ओसवाल रिटेल शॉप्स की जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

Follow us on :

OswalSoap.com

अधिक जानकारी के लिए

+91 9116171956, 9680201956 पर कॉल करें

Marketed by Uttam Chand Desraj

नकली माल से सावधान

स्कैन करें और ओसवाल के उत्पाद खरीदें।

GET IT ON Google Play

## जागरूक खबरें

### विलुप्त होती कलाओं को एक मंच प्रदान करने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विलुप्त होती कलाओं को एक मंच प्रदान करने के लिए 15 अक्टूबर से दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर माथुर ने आज यहां प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। माथुर ने बताया कि कम्युनिटी ऑफ़ ड्रीमर्स की ओर से 15 और 16 अक्टूबर को इस प्रदर्शनी का आयोजन पिलवा गार्डन में किया जायेगा जहां प्रोफेशनल डिजाइनर्स के साथ इन कलाकारों को विशेष रूप से स्टाल दिया जायेगा। प्रोफेशनल डिजाइनर और बड़े व्यापारियों से इन कलात्मक कलाकारों को मिलवाने और आगे काम दिलवाने का भी यह एक मंच है।

### नक्की नौकायन को लेकर साढे पांच करोड़ की निविदा हुई प्राप्त

**माउंट आबू @ जागरूक जनता।** राजस्थान में पर्वतीय पर्यटन स्थल मांउट आबू में बहुचर्चित नगर पालिका की आय का प्रमुख स्त्रोत नक्की नौकायन का ठेका लंबी प्रक्रिया के बाद किसी निणर्य पर नहीं पहुंच पाने की वजह से पालिका मंडल की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में पालिका आयुक्त ने बोट हाउस ठेका निविदा प्रक्रिया में तीन फर्मों की ओर से भाग लिए जाने की बात कही। जिस पर एक फर्म को तकनीकी कारणों से पहले ही निविदा प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया था।

### मोदी 1 नवम्बर को राजस्थान दौरे पर

**जयपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी 1 नवम्बर को राजस्थान दौरे पर आएंगे। आदिवासी जिले बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में मोदी बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। मानगढ़ राजस्थान-गुजरात बॉर्डर पर बांसवाड़ा के आनंदपुरी के पास एक पहाड़ी पर है। यहां पर मध्यप्रदेश और गुजरात की भी सीमाएं मिलती हैं। गुजरात में विधानसभा चुनाव इसी साल हैं। 2023 में राजस्थान और मध्यप्रदेश में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मोदी की मानगढ़ की सभा 3 राज्यों के चुनावी समीकरणों को साधने में बड़ी भूमिका निभाएगी। यहां से देशभर के आदिवासी समाज को मोदी मैसेज देंगे। माना जा रहा है पीएम नरेंद्र मोदी के साथ कई केंद्रीय मंत्री भी दौरे पर साथ आएंगे।

### आरपीएससी और यूपीएससी के अभ्यर्थी कर सकेंगे मुफ्त यात्रा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आरपीएससी की प्राध्यापक परीक्षा व संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित कम्बाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट के अभ्यर्थी राजस्थान रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। प्राध्यापक परीक्षा 11-21 अक्टूबर व कम्बाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट 15-16 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थी परीक्षा से एक दिन पूर्व व एक दिन बाद प्रवेश पत्र और फोटो युक्त आइडी के आधार पर बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

### ई-रिक्शा के लिए जोन निर्धारण का विरोध

**जयपुर @ जागरूक जनता।** ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन ने ई-रिक्शा संचालन के लिए जोन निर्धारण का विरोध किया है। इस संबंध में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आरटीओ में ज्ञापन भी सौंपा। एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बस-ऑटो सहित अन्य परिवहन के साधन शहर में हर तरफ आ-जा सकते हैं। ऐसे में ई-रिक्शा चालकों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। ई रिक्शा के कारण शहर में वायु व ध्वनि प्रदूषण में कमी आई है। इसे और बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

गहलोत का बड़ा फैसला

# माह में एक बार विधायक खाएंगे इंदिरा रसोई का भोजन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज इन्दिरा रसोई योजना की समीक्षा बैठक ली और उसमें तय किया है कि हर माह एक विधायक किसी भी दिन जाकर इन्दिरा रसोई में खाना खाएंगे।इससे भोजन की गुणवत्ता भी बनी रहेगी और निरीक्षण भी हो जाएगा। सीएम गहलोत ने कहा कि यह फैसला इसलिए किया गया हैं कि ताकि आम जन को यह भरोसा हो कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक भोजन मिलता रहेगा। राजस्थान में करीब एक हजार इंदिरा रसोई का संचालन किया जा रहा हैं। इसमें आठ रूपए में भोजन उपलब्ध होता है।दो साल पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इंदिरा रसोई योजना की शुरुआत की थी। इसकी मॉनिटरिंग के लिए ऐप भी बनाई गई है। शुरूआत में इस दौरान 7 जिला मुख्यालय इस कार्यक्रम से जुड़े थे। इसमें नगर निगम जयपुर ग्रेटर और हैरिटेज में दस-दस स्थानों पर रसोई शुरू की गई थी।

### आठ रूपए में भोजन

**योजना** के तहत लोगों को सिर्फ 8 रुपए में खाना मिल रहा है। 8 रुपए की थाली में 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जी, 250 ग्राम चपाती और अचार दिया जाता है।

### यह हैं भोजन का समय

**दोपहर** का खाना सामान्यतः सुबह 8.30 बजे से 1 बजे तक और रात का खाना शाम 5 बजे से 8 बजे तक मिलता है। भोजन करने के लिए किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कोई आवश्यकता नहीं है। कोई भी व्यक्ति 8 रुपए में भोजन की थाली प्राप्त कर सकता है।

खंडपीठ के बाद एकलपीठ से भी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को झटका

# RCA के चुनावों पर 18 तक रोक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खंडपीठ के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को मंगलवार को एकलपीठ से भी झटका लगा है। दरअसल, जस्टिस महेंद्र गोयल की एकलपीठ ने चुनावों पर लगी अंतरिक रोक को 18 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में जारी नोटिस पर जवाब पेश करने के लिए आरसीए को एक सप्ताह का समय दिया हैं। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश दौसा जिला क्रिकेट संघ व अन्य जिला संघों की याचिका पर दिए। वहीं, मामले में हाईकोर्ट की ओर से पूर्व में मुख्य चुनाव अधिकारी रामलुभाया, प्रमुख खेल सचिव और सहकारिता रजिस्ट्रार सहित अन्य को नोटिस की तामील नहीं हुई है। गौरतलब है कि सोमवार को एकलपीठ के स्टे आदेश के खिलाफ खंडपीठ में सुनवाई हुई थी। वहां से भी आरसीए को कोई राहत नहीं मिली। सोमवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ में आरसीए चुनावों को लेकर दायर अपील पर सुनवाई हुई। इस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने आदेश देते हुए कहा कि इस मामले में दायर मुख्य याचिका पर सुनवाई मंगलवार को एकलपीठ में सूचीबद्ध है। ऐसे में इस अपील से जुड़े तथ्यों को एकलपीठ के सामने ही रखा जाए। साथ ही एक सप्ताह बाद मामले को खंडपीठ में सूचीबद्ध करने के हाईकोर्ट ने निर्देश दिए हैं।

दरअसल, राजस्थान हाईकोर्ट में नागौर, श्रीगंगानगर, दौसा और अलवर क्रिकेट जिला संघों ने याचिका दायर की थी। इस याचिका में कहा गया कि पूर्व आईएएस अधिकारी रामलुभाया को राज्य सरकार ने लाभ का पद दिया है। ऐसे में उन्होंने चुनाव अधिकारी की निष्पक्षता पर याचिका में सवाल उठाए। याचिका में कहा गया कि रामलुभाया चुनावों में सीएम गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को फायदा पहुंचाएंगे। ऐसे में निष्पक्ष चुनाव अधिकारी बनाए जाने तक चुनाव स्थगित किए जाने चाहिए।

इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती जरूरत के बाद सक्रिय हुई सरकार

# बिल्डर करेंगे 10% वाहन के लिए चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य में फ्लैट प्रोजेक्ट्स में अब इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सुविधा देना अनिवार्य होगा। इसमें बिल्डर को कुल वाहन पार्किंग में से एक समय में कम से कम 10 प्रतिशत वाहन के लिए चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। इसमें छोटे और बहुमंजिला फ्लैट प्रोजेक्ट दोनों शामिल हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से बढ़ते दायरे के बीच सरकार ने चार्जिंग सुविधा अनिवार्य करने की तैयारी कर ली है। नगरीय विकास विभाग की एक्सपर्ट कमेटी की अनुशंसा पर इसे अब बिल्डिंग बायलॉज में शामिल किया जा रहा है। अभी राज्य में 70 हजार इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर्ड हैं। राज्य सरकार ने हर साल 35 लाख ईवी मेन्यूफेक्चरिंग का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### चार्जिंग स्टेशन नहीं

अभी जरूरत के आधार पर चार्जिंग स्टेशन ही नहीं है। यदि वाहन को कम समय में चार्ज करना है तो लोगों को वाहन डीलर के शोरूम या फिर उसके सर्विस सेंटर पर ही जाना पड़ रहा है। इससे न केवल ज्यादा समय लग रहा है बल्कि ज्यादा वाहन चालक होने के कारण कतार में भी लगना पड़ रहा है। आगामी दो-तीन वर्ष में ऐसे वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ने की संभावना है। चार्जिंग स्टेशन के लिए डिस्कॉम 6 रुपए प्रति यूनिट में बिजली सप्लाई करेगा।

### यहां अनिवार्य नहीं

- स्वतंत्र आवास
- इको-फ्रेंडली आवास
- फार्म हाउस

### इसलिए पड़ी जरूरत

- 35 लाख यूनिट प्रति वर्ष मेन्यूफेक्चरिंग का लक्ष्य अगले पांच साल में
- 15 प्रतिशत दोपहिया ई-वाहन होंगे नए रजिस्ट्रेशन वाहनों में
- 30 प्रतिशत तिपहिया ई-वाहन होंगे नए रजिस्ट्रेशन वाहनों में
- 5 प्रतिशत चौपहिया ई-वाहन का लक्ष्य नए रजिस्टर्ड वाहनों में से।

### अभी इलेक्ट्रिक वाहन

- 70 हजार वाहन रजिस्टर्ड हैं कुल
- 1700 चौपहिया वाहन हैं इनमें
- 35000 ति-पहिया वाहन (ज्यादातर ई-रिक्शा)
- 33300 दोपहिया वाहन हैं इनमें

### यूं बढ़ती जा रही इमारतें

- 15 फीसदी औसतन बढ़ रहे बहुमंजिला इमारत प्रोजेक्ट हर साल
- 125 प्रोजेक्ट हैं बहुमंजिला इमारतों के अभी
- 1500 प्रोजेक्ट हैं पन्द्रह मीटर से कम ऊंचाई के
- 10 हजार फ्लैट के नक्शे स्वीकृत हो रहे हैं बहुमंजिला इमारतों में
- 11 हजार फ्लैट बन रहे हैं पन्द्रह मीटर से कम ऊंचाई की इमारत में।




# आज होगी रवाना दुनिया की दूसरी सबसे लग्जरी ट्रेन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पैलेस ऑन व्हील्स यानी पहियों पर महल। ये ट्रेन भी अपने नाम जैसी है। आप जैसे ही इसके कोच में एंट्री करेंगे तो लगेगा आप किसी महल में आ गए हैं। हर कोच को शाही अंदाज में तैयार किया गया है। आपकी खातिरदारी भी शाही अंदाज में होगी। ट्रेन में वो तमाम सुविधाएं हैं, जो किसी फाइव स्टार होटल में होती हैं, लग्जरी सुइट, जिम, स्पा, बार। यही वजह है कि पैलेस ऑन व्हील्स को दुनिया की दूसरी सबसे लग्जरी ट्रेन का खिताब हासिल है। कोरोना काल के दौरान 2 साल तक ट्रेन के सफर पर ब्रेक लग गया था। अब 12 अक्टूबर से दोबारा दिल्ली से इसकी शुरुआत हो रही है।

यह पैकेज 7 दिन और 8 रात का होगा। इनमें दो कैटेगरी है। डीलक्स कैटेगरी के लिए साढ़े तीन लाख और सुपर डीलक्स के लिए करीब साढ़े पांच लाख रुपए खर्च करने पड़ेंगे। 2 साल में ट्रेन में काफी बदलाव कर दिया गया है। क्या कुछ बदला गया है और कैसा है ट्रेन का नया लुक।

### कपल्स के लिए स्पेशल लग्जरी रूम

इस ट्रेन की सबसे खास बात है इसके स्पेशल लग्जरी सुईट। पूरे सफर में इन सुइट का किराया सबसे महंगा है। स्पेशल लॉन्ज के साथ इसे खास तौर पर कपल्स के लिए तैयार किया गया है। पैलेस ऑन व्हील्स में 22 कोच हैं। इनमें से 14 कोच को लग्जरी रूम की तरह तैयार किया गया है। इसके अलावा बाकी कोच में किचन, 2 रेस्टोरेंट, 1 बार, 1 स्पा-हेल्थ क्लब है। वहीं, 2 कोच टेक्निकल और अन्य स्टाफ के लिए तैयार किए गए हैं।

### 40 साल में 70 हजार लोग कर चुके हैं सफर

पैलेस ऑन व्हील्स के संचालन को करीब 40 साल हो चुके हैं। इतने सालों में 70 हजार से ज्यादा लोग इस शाही ट्रेन में सफर कर चुके हैं। सबसे ज्यादा मेहमान UK, US, UAE समेत जर्मनी, फ्रांस, पेरिस, रूस और अमेरिका से आते हैं।

### प्रॉफिट का 20 प्रतिशत डेकोरेशन पर होता है खर्च

साल में 4 महीने के लिए इस ट्रेन की बुकिंग बंद कर दी जाती है, क्योंकि 8 महीने के सफर के बाद हर साल 4 महीने ट्रेन का डेकोरेशन किया जाता है। RTDC के अधिकारियों के अनुसार हर साल इसके प्रॉफिट का 20 प्रतिशत हिस्सा इसकी सजावट समेत अन्य लग्जरी सुविधाओं पर खर्च किया जाता है।

### भारत गौरव पॉलिसी के तहत चलेगी ट्रेन

RTDC विभाग के मुताबिक ये ट्रेन अब भारत गौरव पॉलिसी के तहत चलेगी। हालांकि, इसका संचालन राजस्थान टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ही कर सकता है। काफी वक्त से इसे किसी निजी फर्म को देने की प्लानिंग थी, लेकिन किसी ने भी इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसलिए आरटीडीसी ही इसे चला रही है। माना जाता है ररुझष्ठष्ट और भारतीय रेलवे की बॉन्डिंग भी सही है। पैलेस ऑन व्हील्स की लास्ट ट्रिप में करीब एक करोड़ से ज्यादा का फायदा हुआ था।

जयसमंद झील स्थित विश्रांति गृह में पौधारोपण किया

# राज्यपाल मिश्र का उदयपुर में स्वागत



जयपुर। बांसवाड़ा के दो दिवसीय प्रवास के अंतर्गत राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार सुबह उदयपुर जिले के डबोक एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे सड़क मार्ग से बांसवाड़ा के लिए रवाना हुए। राज्यपाल मिश्र ने जयसमंद झील स्थित वन विभाग के विश्रांति गृह में अल्प विश्राम किया और विश्रांति गृह परिसर में पौधारोपण भी किया।

## जागरूक खबरें

सीएम के प्रमुख सचिव को यथास्थिति से कराया अवगत

### नायला योजनाः आवंटियों ने की पट्टे जारी करने की मांग

**जयपुर @ जागरूक जनता।** नायला की पिंकसिटी प्रेस एनक्लेव योजना के आवंटियों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रमुख सचिव कुलदीप रांका व जेडीसी रवि जैन से मुलाकात की। चलो नायला संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जेडीए पहुंचकर जेडीसी से डिमांड नोट व कब्जा पत्र जारी कराने की मांग की। सभी आवंटियों ने एक स्वर में मांग की कि पिंकसिटी प्रेस एनक्लेव योजना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सौगात है। राजनीतिक द्वेष के कारण योजना में अनावश्यक गतिरोध पैदा किया गया है। इस योजना के लिए दिए गए 10-10 हजार रुपए के प्रथम भुगतान के डीडी भी भुनाए जा चुके हैं। योजना और आवंटियों के समस्त दस्तावेज जेडीए वेबसाइट पर मौजूद हैं।

### जेडीए ने कार्रवाईकर डेढ़ बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जेडीए प्रवर्तन शाखा ने सोमवार को दो जगह कार्रवाई की। जलमहल के सामने डेढ़ बीघा भूमि को अतिर मण से मुक्त कराया। यहां रातों रात 70 फीट लम्बी और दो फीट ऊंची दीवार बनाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। प्रवर्तन शाखा के मुख्य नियंत्रक रघुवीर सैनी ने बताया कि इस भूमि का बाजार मूल्य 150 करोड़ रुपए है। इसके अलावा लालकोठी स्थित विधानसभा के पीछे 720 वर्ग गज जमीन को भी अतिर मण से मुक्त कराया। यहां 25 वर्षों से अतिर मण कर जूस सेंटर, सब्जी की दुकानें व चाय की दुकानें चल रही थीं। कार्रवाई के दौरान यहां बने निर्माण को भी प्रवर्तन दस्ते ने ढहा दिया। विरोध को ध्यान में रखते हुए ज्योति नगर थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

### ऋण आवेदन पत्र ऑनलाईन आंमत्रित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय वित्त विकास निगम के सौजन्य से अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन के व्यक्तियों को उद्योग, व्यवसाय एवं सेवा कार्य में आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने हेतु ऋण आवेदन पात्र ऑनलाईन आंमत्रित किये जा रहे है।परियोजना प्रबंधक संजू पारीक ने बताया कि आवेदक स्थानीय ई-मित्र या स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से पोर्टल पर ऋण आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। विस्तृत जानकारी स्थानीय पंचायत समिति एवं नगर पालिका से प्राप्त कर सकते है।




ANCHOR | राजस्थान विधानसभा

# 4 साल में आठवें उपचुनाव की तैयारी, 7 में से 5 उपचुनाव सत्तारूढ़ कांग्रेस ने जीते

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और वरिष्ठ विधायक भंवरलाल शर्मा के निधन से खाली हुई सरदारशहर सीट पर अब उप चुनाव की तैयारी है। 6 माह के भीतर इस सीट पर उपचुनाव होने हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अगले साल मार्च तक इस सीट पर उपचुनाव करा लिए जाएंगे। हालांकि दिलचस्प बात तो यह है कि 4 साल में यह आठवां विधानसभा उपचुनाव होगा जिसमें प्रदेश में एक साल के बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ही बीजेपी और कांग्रेस उपचुनाव के जरिए आमने-सामने होंगे।

### बीजेपी ने 2 सीटें गंवाई

विधानसभा उपचुनाव में प्रमुख विपक्षी दल बीजेपी को भी दो सीटें गंवानी पड़ीं। मंडावा सीट पर जहां विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने कब्जा किया था तो लोकसभा चुनाव के दौरान नरेंद्र खींचड़ के सांसद बनने के बाद इस सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीत मिली। इसी तरह से धरियावद सीट पर भी बीजेपी का कब्जा था बीजेपी के गौतम लाल मीणा के निधन के चलते इस सीट पर हुए उपचुनाव में भी कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की। वहीं बीजेपी ने केवल राजसमंद सीट पर ही अपना कब्जा बरकरार रखा। किरण माहेश्वरी के निधन के बाद इस सीट पर हुए उपचुनाव में उनकी बेटी ने चुनाव जीता।

### 7 में से 5 उप चुनाव जीते कांग्रेस पार्टी ने

वहीं प्रदेश में 4 साल में 7 उप चुनाव हो चुके हैं जिनमें से पांच उपचुनावों में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की है जबकि एक सीट पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और एक सीट पर बीजेपी ने जीत दर्ज की है।

### रालोपा ने अपनी सीट पर बरकरार रखा कब्जा

वहीं लगातार तीन बार से खींवसर सीट पर जीत दर्ज कर रहे हैं हनुमान बेनीवाल के नागौर का सांसद बनने के बाद इस सीट पर हुए उपचुनाव में भी रालोपा ने अपना दबदबा बरकरार रखा और हनुमान बेनीवाल के भाई नारायण बेनीवाल यहां से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे।

### 7 में से 5 उप चुनाव जीते कांग्रेस पार्टी ने

सत्तारूबढ़ कांग्रेस पार्टी ने सात में से पांच उपचुनाव में जीत दर्ज की है जिनमें मंडावा, सुजानगढ़, सहाड़ा, वल्लभनगर और धरियाबाद विधानसभा क्षेत्र है।

### रामगढ़ में भी जीता चुनाव

**साल** 2018 में विधानसभा चुनाव के दौरान रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी के निधन के चलते इस सीट पर चुनाव रद्द कर दिया गया था जिसे सरकार बनने के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की थी। कांग्रेस की सफिया जुबेर यहां से विधायक बनीं।

## जागरूक खबरें

### ■ सभी राजकीय समारोहों के अंत में राष्ट्रगान गाया जाएगा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने एक परिपत्र जारी कर आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के दौरान राज्य में आयोजित होने वाले समस्त राजकीय समारोहों के अंत में राष्ट्रगान का गायन किये जाने के निर्देश प्रदान किये हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी परिपत्र के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अब राज्य में होने वाले सभी राजकीय समारोह के अंत में राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा।

### ■ 246 भामाशाह, 105 प्रेरकों का सम्मान आज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 26 वां राज्य स्तरीय भामाशाह एवं प्रेरक सम्मान समारोह 12 अक्टूबर को मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में आयोजित होगा। समारोह में राज्य स्तर पर 246 भामाशाह को सम्मानित किया जाएगा, जिनमें से 49 भामाशाहों को शिक्षा विभूषण तथा 197 भामाशाहों को शिक्षा भूषण सम्मान प्रदान किया जाएगा, वहीं जिला स्तर पर भी 1 हजार 400 भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राज्य स्तर पर 105 तथा जिला स्तर पर 270 प्रेरकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**आरएएस भर्ती**

### ■ कार्मिक विभाग ने 650 पदों के लिए भेजी अभ्यर्थना

**अजमेर @ जागरूक जनता।** अगले साल विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य में भर्तियों की रफ्तार बढ़ रही है। कार्मिक विभाग ने राजस्थान लोक सेवा आयोग को आरएएस-अधीनस्थ सेवा भर्ती 2022 के लिए अभ्यर्थना भिजवाई है। इसमें करीब 650 पद हैं। राजस्थान लोक सेवा आयोग से मिली जानकारी के अनुसार पदों की संख्या-वर्गीकरण को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। आयोग स्तर पर श्रेणीवार पदों, नियमों, योग्यता और अन्य का परीक्षण किया जाना है। तकनीकी समस्या होने पर आयोग पुनः कार्मिक विभाग को पत्र भेजेगा।

### ■ एक लाख परिवारों को मिलेगा फायदा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों के लिए राजस्थान ग्रामीण परिवार आजीविका ऋण योजना लागू की गई है। योजना में वर्ष 2022-23 में एक लाख परिवारों को अकृषि कार्यों के लिए दो हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। ऋण की अधिकतम राशि 2 लाख रुपए होगी। सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 5 वर्षों से निवास कर रहे परिवार ऋण के लिए पात्र होंगे।
**ये होंगे पात्र:** योजना का लाभ लघु एवं सीमांत कृषकों के साथ भूमिहीन श्रमिकों (किरायेदार, मौखिक पट्टेदार, बटाईदार) को मिलेगा। दस्तकार तथा अकृषि कार्यों में जीवन यापन करने वाले ग्रामीण परिवार के सदस्य भी पात्र होंगे। प्रति समूह अधिकतम 10 सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से ऋण दिया जाएगा।

### ■ गहलोत ने हरेंद्र मिर्धा की पत्नी रतन मिर्धा के निधन पर जताया शोक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के पूर्व मंत्री हरेंद्र मिर्धा की पत्नी रतन मिर्धा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गहलोत ने मंगलवार को मिर्धा के आवास पर जाकर रतन मिर्धा के निधन पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवारजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

---

**सीएम अशोक गहलोत ने कहा- यह फैलाया गया कि गांधी परिवार की कोई पूछ नहीं रहा, ये बकवास**

# राजस्थान कांग्रेस में लड़ाई नहीं, मिलकर सरकार बनाएंगे-गहलोत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में हुए सियासी बवाल के मामले में गांधी परिवार के कमजोर पड़ने की चर्चाओं पर पलटवार किया है। गहलोत ने कहा- अब फैलाया जा रहा है कि गांधी परिवार को कोई पूछ नहीं रहा है। गांधी परिवार को वोट दिलाने की शक्ति नहीं रही है। ये सब बातें बकवास हैं। उन्होंने कहा कि 30 साल से गांधी परिवार का कोई व्यक्ति पद पर नहीं है। गांधी परिवार का कोई व्यक्ति न मंत्री, न पीएम और न सीएम बना। बताइए गांधी परिवार को लेकर इनके पेट में दर्द क्यों होता है? इन्हें गांधी परिवार से तकलीफ क्या है? क्यों गांधी परिवार पर बार- बार अटैक करते हैं? गहलोत विद्याधर नगर में रैगर समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

### कोई लड़ाई नहीं

गहलोत ने कहा- कांग्रेस में झगड़ों की बात प्रचारित की जाती है। इससे बीजेपी को फायदा मिलता है। अखबारों में रोज न्यूज आती रहती है कि राजस्थान कांग्रेस में लड़ाई चल रही है। कोई लड़ाई नहीं है। हम सब मिलकर अगली सरकार बनाएंगे। यह हमारा संकल्प है। हमें जनता का आशीर्वाद चाहिए।

### जनता आज भी सोनिया, राहुल, प्रियंका को मानती है

**गहलोत** ने कहा- ये लोग कहते हैं, इनकी वोट कैचिंग पावर नहीं रही। आज भी देश की जनता कांग्रेस में सोनिया, प्रियंका और राहुल गांधी को मानती है। ये देश में जहां भी जाएंगे, लाखों लोग इकट्ठे हो जाएंगे। गहलोत ने कहा- ये बार-बार वंशवाद की रट लगाते हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कह दिया कि हमारे परिवार का कोई व्यक्ति अध्यक्ष नहीं बनेगा। आप वंशवाद की बात करते हो, हम बाहर रह जाएंगे। सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री का पद त्याग दिया।

### जनसंघ-बीजेपी आरक्षण का विरोध करते थे

गहलोत ने कहा- आजादी के बाद कांग्रेस ही वह पार्टी है, जिसने आपको मान-सम्मान दिया है। आरक्षण की रक्षा की है। आज जो राज में हैं, इन्होंने कभी आरक्षण का समर्थन नहीं किया। ये वे लोग हैं जो पहले जनसंघ के रूप में काम करते थे। आज भाजपा के रूप में है। ये नफरत करते थे। आरक्षण का विरोध करते थे। हम वो बातें भूले नहीं हैं।

---

**पीएम नरेन्द्र मोदी 14 अक्टूबर को रखेंगे आधारशिला, 4 मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण भी होगा**

# राजस्थान में खुलेंगे 5 नए मेडिकल कॉलेज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में आने वाले सालों में 5 मेडिकल कॉलेज खुलेंगे। इन कॉलेजों की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अक्टूबर को रखेंगे। इन कॉलेजों के खुलने के बाद राज्य में एमबीबीएस के लिए 400 सीटें और बढ़ जाएगी। इन कॉलेजों में इसी सत्र से नीट क्लीयर कर चुके अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान से मिली रिपोर्ट के मुताबिक 14 अक्टूबर को प्रधानमंत्री वर्चुअली इन मेडिकल कॉलेजों की आधारशिला और लोकार्पण करेंगे। श्रीगंगानगर, चित्तौड़गढ़, सिरोही और धौलपुर के मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण किया जाएगा। इन कॉलेजों का लोकार्पण होने के बाद आगामी सत्र से इसमें पढ़ाई शुरू हो जाएगी। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने इन सभी कॉलोजों में 100-100 सीटों पर एडमिशन की अनुमति दे दी है।

### इन कॉलेजों की रखी जाएगी आधारशीला

4 कॉलेजों के लोकार्पण के अलावा पीएम मोदी बूंदी, बारां, करौली, सवाई माधोपुर और झुंझुनूं के मेडिकल कॉलेजों का भी शिलान्यास किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य पूरे प्रदेश के सभी 33 जिलों में एक-एक सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलना है। वर्तमान में सभी संभागीय मुख्यालयों (जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, भरतपुर, अजमेर) के अलावा झालावाड़, बाड़मेर, भीलवाड़ा, चूरू, डूंगरपुर, पाली, सीकर और अलवर में मेडिकल कॉलेज संचालित हैं।

---

**अखिलेश यादव ने दी मुखाग्नि**

# मुलायम सिंह पंचतत्व में विलीन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**इटावा।** इस दौर में समाजवादी राजनीति के सबसे बड़े स्तंभ और तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री रहे 'धरतीपुत्र' मुलायम सिंह यादव पंचतत्व में विलीन हो गए। सैफई में यादव परिवार की कोठी से करीब 500 मीटर दूर मेला ग्राउंड पर उनके पुत्र और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पूर्व राष्ट्रीय सम्मान के साथ तिरंगे में लाए गए उनके पार्थिव शरीर को मंत्रोच्चार के बीच वैदिक रीति से स्नान कराया गया। चंदन की चिता पर सोय लोहिया के शिष्य मुलायम के अंतिम दर्शन के लिए डेढ़ लाख से ज्यादा लोग सैफई पहुंचे। उन्हें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, उप्र सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद, असीम अरुण, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर राव, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू आदि ने सैफई के लाल को अंतिम विदा दी। इससे पूर्व धरतीपुत्र के अंतिम दर्शन करने के लिए लाखों लोगों के अलावा राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार और अभिनेता अभिषेक बच्चन भी पहुंचे।

# 50वें CJI होंगे जस्टिस चंद्रचूड़

**चीफ जस्टिस यूयू ललित ने नाम की सिफारिश की, पहली बार पिता के बाद बेटा भी होगा CJI**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ देश के 50वें CJI होंगे। CJI यूयू ललित ने कानून मंत्री किरन रिजिजू को उनके नाम की सिफारिश की है। CJI ललित 8 नवंबर को रिटायर हो जाएंगे। जस्टिस चंद्रचूड़ 9 नवंबर को CJI के रूप में शपथ लेंगे। CJI ललित ने मंगलवार सुबह एससी के जजों की उपस्थिति में पर्सनली जस्टिस चंद्रचूड़ को अपने पत्र की एक कॉपी सौंपी।

### जस्टिस चंद्रचूड़ के पिता 16वें CJI थे

जस्टिस चंद्रचूड़ के पिता यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ देश के 16वें CJI थे। उनका कार्यकाल 22 फरवरी, 1978 से 11 जुलाई, 1985 तक यानी करीब 7 साल तक रहा। पिता के रिटायर होने के 37 साल बाद उसी पद पर बैठेंगे। जस्टिस चंद्रचूड़ पिता के 2 बड़े फैसलों को एससी में पलट भी चुके हैं। वह बेबाक फैसलों के लिए चर्चित हैं। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल 9 नवंबर, 2022 से 10 नवंबर, 2024 तक यानी 2 साल का होगा।कानून मंत्री किरन रिजिजू ने 7 अक्टूबर को CJI ललित को चिट्ठी लिखकर उनसे उनके उत्तराधिकारी का नाम बताने की अपील की थी।

---

**त्योहारी सीजन के बीच परीक्षा पर्व होगा शुरू**

# 7 माह में 1 करोड़ अभ्यर्थी देंगे 15 भर्ती परीक्षाएं

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में त्योहारी सीजन के बीच परीक्षा पर्व भी शुरू होने वाला है। अगले 7 महीने में होने वाली भर्ती परीक्षाओं का शेड्यूल तय हो चुका है। इनमें वनपाल-वनरक्षक भर्ती में 22 लाख, तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में 8 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। सीईटी स्नातक व 12वीं स्तर में भी 40 लाख अभ्यर्थी शामिल होने की उम्मीद है। स्कूल व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती, आगामी आरएएस सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं में 30 लाख अभ्यर्थी बैठ सकते हैं। यानी 7 माह में भर्ती परीक्षाओं में करीब 1 करोड़ अभ्यर्थी भाग्य आजमाएंगे। कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा का कहना है- फरवरी तक का शेड्यूल तय है। मार्च-अप्रैल में बोर्ड परीक्षाओं के चलते परीक्षा केंद्र नहीं मिलते। इसलिए अब जो भी नई भर्ती आएगी, उसकी परीक्षा मई या इसके बाद ही कराई जा सकेगी।

# नड्डा 20-21 को कोटा में

**कोटा @ जागरूक जनता।** भापा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दिवाली से पहले राजस्थान दौरे पर आएंगे। नड्डा 20 और 21 अक्टूबर को कोटा में दो दिन के दौरे (प्रवास) पर रहेंगे। कोटा संभाग के बीजेपी के बूथ सम्मेलन को नड्डा संबोधित करने आ रहे हैं। दो दिवसीय दौरे के कहत नड्डा 20 अक्टूबर को कोटा आएंगे, नाइट स्टे करेंगे और 21 अक्टूबर को सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बूथ सम्मेलन के साथ ही कोटा संभाग में 3 प्रमुख प्रोग्राम में जेपी नड्डा मौजूद रहेंगे। बीजेपी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ जेपी नड्डा की बैठक होगी। इसके अलावा युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम करेंगे। एक अन्य कार्यक्रम प्रबुद्धजनों (इंटेलेक्चुअल्स) के साथ संवाद का रहेगा। जिसमें उद्योग-व्यापार जगत के लोग, सीए-सीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट्स, पूर्व सैनिक, कलाकार, साहित्यकार जैसे लोग मौजूद रहेंगे।

---

**राजस्थान का संशोधन केंद्र जल्द कर सकता है पास, शुरू हो रहा धरपकड़ अभियान**

# मिलावटखोरों को होगी उम्रकैद, 50 हजार तक जुर्माना

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान सरकार दीपावली के सीजन को देखते हुए मिलावट और नकली खाने-पीने की चीजों के खिलाफ बड़ा धरपकड़ अभियान चलाने जा रही है। मिलावटखोरों को कड़ी सजा दिलाने और उनके खिलाफ सख्त एक्शन के लिए राजस्थान सरकार ने गृह विभाग के तहत आईपीसी की धाराओं में संशोधन के लिए केंद्र सरकार सरकार को जरूरी प्रस्ताव भेज रखा है। जो लागू हुआ तो सख्ती से मिलावटखोरों से सरकार निपट सकेगी। 18 सितम्बर 2021 को राजस्थान विधानसभा से दी क्रिमिनल लॉज राजस्थान अमेंडमेंट बिल-2021 (दण्ड विधियां राजस्थान संशोधन विधेयक-2021) पास होने के बाद केंद्र को भेजा गया था। उसे जल्द पास करवाने के लिए राज्य सरकार केंद्र से फॉलो अप ले रही है। उम्मीद है जल्द यह संशोधन केंद्र से पास होगा, अमेंडमेंट केंद्र सरकार लागू करती है, तो यह मिलावटखोरी और नकली प्रोडक्ट्स बेचने वालों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रोविजन करेगा।

### मिलावटखोरों की सूचना देने पर मिलेगी 51,000 प्रोत्साहन राशि

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि शुद्ध खाद्य उत्पाद प्राप्त करना नागरिकों का अधिकार है और खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग इसमें सरि य भूमिका निभाएं। गहलोत बीते दिनों मुख्यमंत्री निवास पर 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। अभियान की अवधि में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले उत्पादकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सूचना देने वालों को 'अनसेफ फूड' प्रमाणन पर 51,000 रूपए तथा 'सब-स्टेण्डर्ड' होने पर 5,000 रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।




JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

---

**ANCHOR** वनपाल, होस्टल सुप्रीन्टेंडेंट, क्लर्क, जूनियर असिस्टेंट, जमादार, कांस्टेबल पोस्ट

# प्रदेश में 7 परीक्षाओं के लिए होगा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने प्रदेश 12वीं लेवल (सीनियर सेकेंडरी लेवल) की कई भर्तियों में समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) का पैटर्न लागू करते हुए 7 भर्ती परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इनमें राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा में वनपाल, अल्पसंख्यक मामलात अधीनस्थ सेवा में छात्रावास अधीक्षक, राजस्थान सचिवालय क्लेरिकल सर्विस में क्लर्क ग्रेड-2, राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय क्लेरिकल सर्विस में जूनियर असिस्टेंट, RPSC ऑफिस क्लेरिकल सर्विस में क्लर्क ग्रेड-2, राजस्थान आबकारी अधीनस्थ सेवा में जमादार ग्रेड-2 और राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा में कांस्टेबल के पद पर भर्ती के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म आमंत्रित किए गए हैं। माना जा रहा है 17 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती की जाएगी। हालांकि पदों की डिटेल अलग से बताई जाएगी। इस समान पात्रता परीक्षा को क्वालीफाई करने वाले कैंडिडेट्स को आगे भर्ती एजेंसी की ओर से आयोजित लिखित परीक्षा या इंटरव्यू या दोनों में शामिल होकर मेरिट में आना होगा। कुल पदों से लगभग 15 गुना कैंडिडेट्स को इस परीक्षा में क्वालिफाई घोषित किया जाएगा। हालांकि इसमें रिलेक्सेशन भी दिया जा सकता है।

**पात्रता :** 12वीं क्लास पास कैंडिडेट्स आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अलग-अलग पदों के अनुसार टेक्नीकल और अतिरिक्त योग्यता भी दी गई है।

**आयु सीमा :** पुलिस मुख्यालय में कांस्टेबल के पदों के लिए 18 से 24 साल की उम्र के युवा आवेदन कर सकते हैं। बाकी सभी परीक्षाओं के लिए 18 से 40 साल उम्र के लोग आवेदन कर सकते हैं। जो कैंडिडेट 31 दिसम्बर 2020 को आवेदन के योग्य थे,उन्हें 31 दिसम्बर 2024 तक अधिकतम आयु सीमा में राज्य सरकार की ओर से छूट दी जाएगी।

### ऑनलाइन आवेदन करने का प्रोसेस

बोर्ड की ओर से आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। जिन्हें ई मित्र या जन सुविधा केंद्र से भरा जा सकता है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट http://rsmssb.rajasthan.gov.in पर जाकर आवेदन करना होगा।

**आवेदन फीसः** सामान्य वर्ग और क्रीमीलेयर के ओबीसी आवेदकों के लिए 450 रुपए। राजस्थान के नॉन क्रीमीलेयर कैटेगरी के पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग और -आर्थिक कमजोर कैंडिडेट्स के लिए 350 रुपए। सभी विशेष योग्यजन और राजस्थान के एससी-एसटी आवेदकों के लिए 250 रुपए। सभी वर्गों के कैंडिडेट्स जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख से कम है। उनके लिए 250 रुपए।

### आवेदन फीस कैसे जमा कराएं

ई-मित्र या जन सुविधा केंद्र के जरिए ऑनलाइन ही फीस जमा होगी। 12 अक्टूबर 2022 से 11 नवम्बर 2022 की रात 11.59 तक जमा कराया जा सकता है।

### आवेदन में संशोधन कैसे होगा

आवेदन में संशोधन के लिए अंतिम तिथि के 7 दिन के भीतर 300 रुपए फीस जमा करवाकर संशोधन कराया जा सकता है।

### परीक्षा तिथि

समान पात्रता परीक्षा 18 फरवरी, 19 फरवरी, 25 फरवरी और 26 फरवरी को अलॉट परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी।

### परीक्षा का सिलेबस

राजस्थान का इतिहास, कला, संस्कृति, साहित्य, परम्परा और विरासत, भारत और राजस्थान का भूगोल, राजस्थान पर विशेष बल के साथ भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, राजस्थान की अर्थव्यवस्था, दैनिक विज्ञान, तार्किक विवेचन और मानसिक योग्यता, सामान्य हिन्दी, जनरल इंग्लिश, कम्प्युटर का ज्ञान, समसामयिक घटनाएं।
कितने पदों पर भर्ती होगी यह जानकारी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के विज्ञापन में नहीं दी गई है।

# अपनत्व की डोर से बांधते थे मुलायम



कलराज मिश्र
राज्यपाल, राजस्थान
@jagrukjanta.net

**मुलायम** सिंह यादव का बिछोह राजनीति के एक युग का अवसान है। वह बहुत नेकदिल सच्चे इंसान थे। मैं यह मानता हूं, वह संबंधों का मर्म समझते हुए रिश्तों को शिद्दत से निभाने वाली विरल शख्सियत थे। याद नहीं पहली भेंट उनसे कब हुई थी, परंतु राजनीति के आरंभिक दिनों से ही उनसे एक निकट का नाता हो गया था। बाद के दिनों में यह नाता और गहरा होता गया। प्यार और सम्मान के गहरे अर्थों में समाहित होता चला गया। राजनीतिक दल को ध्यान में रखें, तो हम दोनों भले ही सदा अलग-अलग रहे, परंतु जो अपनापन और प्यार, सम्मान उन्होंने दिया, उसे मैं कभी भुला नहीं सकता।

मुझे याद है, आपातकाल के दौरान उन्होंने भी बहुत कष्ट झेले थे और जेल में रहे थे। भारतीय जनता पार्टी बनने के पश्चात उत्तर प्रदेश में भाजपा और लोकदल का राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा बना था, इसके अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव थे और महामंत्री मैं था। हमने बहुत से स्तरों पर साथ-साथ काम किया। राजनीति में रहते हुए इस बात को मैंने निकट से अनुभव किया कि उनमें न केवल उत्तर प्रदेश की गहरी भौगोलिक व सामाजिक समझ थी, बल्कि उनकी राजनीतिक दृष्टि भी बहुत व्यापक थी। अपने कार्यकर्ताओं के प्रति उनके मन में गहरा लगाव भी मैंने शुरू से ही देखा, महसूस किया। शायद इसी गुण के चलते वह अपनी पार्टी को सत्ता तक पहुंचा पाए। चुनावों के दौरान भी उनसे जब-तब संवाद होता रहता था और इस दौरान विमर्श से सदा नई राहें भी खुलती रहती थीं। राष्ट्रवाद से उनका गहरा लगाव भी मैंने निरंतर महसूस किया। अक्सर मैं मजाक में उनसे कह दिया करता कि आपको हमारी पार्टी में होना चाहिए था, तब वह हंसकर रह जाते थे। वह कुछ कहते नहीं थे, परंतु जानता हूं, बहुत से स्तरों पर उनकी दृष्टि राष्ट्र और समाज के सांस्कृतिक सरोकार से जुड़ी हुई थी। राजनीति में जमीन से जुड़े उन जैसा नेता इस समय बहुत कम रह गए हैं। ऐसे में, मुलायम सिंह लोगों को और अधिक याद आएंगे। वह जन-जन से जुड़ाव रखने वाले सही मायने में जमीनी नेता थे। उन्हें सब 'नेताजी' ऐसे ही नहीं कहते थे, वह नेतृत्व के अद्भुत गुण रखने वाले नेता थे और सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करते थे। इसीलिए हर कोई उनके नेतृत्व में कार्य करने के लिए भी तत्पर रहता था। याद है, उत्तर प्रदेश में जब मायावती मुख्यमंत्री थीं, तब मैं उस समय सार्वजनिक निर्माण विभाग का मंत्री हुआ करता था। इटावा में तब हमने सार्वजनिक निर्माण विभाग से भवन बनवाए थे। उन्हीं दिनों समाजवादी पार्टी का एक अखिल भारतीय सम्मेलन वहां होने वाला था। उन्होंने फोन करके सम्मेलन में आने वाले लोगों के लिए वह भवन उपलब्ध कराने और दूसरी कुछ छोटी-मोटी व्यवस्थाएं करने के लिए आग्रह किया। उनकी छवि ऐसी थी कि उनका आग्रह न मानने का सवाल ही नहीं उठता था। मैं स्वयं वहां गया और त्वरित ढंग से अपने प्रमुख सचिव से कहकर सारी व्यवस्थाएं कराईं। मुझे याद है, बाद में मुलायम जब भी मिलते, तो इस प्रकरण का जिक्र जरूर छेड़ते थे। इस तरह की मदद कोई ऐसी बड़ी बात नहीं थी, लेकिन यह उनका व्यक्तित्व था कि वह भी किसी स्तर पर कोई सहयोग करता, तो उसको कभी भूलते नहीं थे। उत्तर प्रदेश में जब मैं सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री पद पर था, तब एक दफा सदन में बजट भाषण के दौरान समाजवादी पार्टी के एक विधायक ने मेरे बारे में कुछ ऐसे अनर्गल शब्द बोल दिए थे, जो सत्य से बहुत परे थे। मैंने भी अपनी प्रतिष्ठा के लिए तब त्यागपत्र दे दिया था। मुझे स्मरण है, मुलायम सिंह यादव ने तब मुझे फोन किया था और कहा था कि मुझे इस बात पर सीधे त्यागपत्र नहीं देना चाहिए था। तब अपनी पार्टी के विधायक को भी उन्होंने कड़े शब्दों में फटकार लगाई थी। उन्होंने साार्वजनिक रूप से कहा था कि कलराज जी के प्रति इस तरह की बातें करना राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ है। मुलायम सिंह दलगत राजनीति से बहुत ऊपर थे, संबंध निभाना जानते थे और जिससे भी निकटता होती थी, उसके लिए दलीय लीक से हटकर कुछ करना होता, तो वह उसमें चूकते नहीं थे। बहुत से ऐसे और भी प्रसंग हैं, जो आज याद आ रहे हैं और आगे भी याद आएंगे।

# शांति के लिए सम्मान

**नोबेल** शांति पुरस्कार का इंतजार पूरी दुनिया करती है, क्योंकि शांति एक ऐसी उपलब्धि है, जिसका लाभ पूरी दुनिया को होता है। दुनिया के किसी एक क्षेत्र में जब शांति के लिए कोई प्रयास होता है, तो उससे दुनिया के दूसरे इलाके भी प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभान्वित होते हैं। युद्ध और छद्म युद्धों से जूझ रही दुनिया में नोबेल समिति ने संयुक्त रूप से तीन शांति अभियानों को पुरस्कृत किया है। बेलारूस के मानवाधिकार अधिवक्ता एलेस बालियात्स्की, रूसी मानवाधिकार संगठन 'मेमोरियल' व यूक्रेन के मानवाधिकार संगठन 'सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज' ने इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार जीतकर दुनिया भर के शांति दूतों व कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया है। आज के समय में दुनिया में शांति की इच्छा रखने वाले और शांति के लिए प्रयासरत लोगों तथा संस्थाओं की जितनी तारीफ की जाए, कम है। 60 वर्षीय बियालियात्स्की 1980 के दशक के मध्य से बेलारूस में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। साल 1996 में उन्होंने अपने शांति प्रयासों को तेज किया था और तत्कालीन शासन के विवादास्पद फैसलों के विरोध में पूरे साहस के साथ खड़े हो गए थे। उसी साल उन्होंने अपने देश के सबसे बड़े मानवाधिकार संगठन की स्थापना की थी। वह सच्चे संघर्ष के लिए जेलों में बंद कार्यकर्ताओं व उनके परिवार की यथासंभव सेवा करते आए हैं। चोरी के आरोप में उन्हें साढ़े चार साल कैद की सजा भी सुनाई गई थी। साल 2020 में भी जब शासन का कहर टूटा, तो बियालियात्स्की पीड़ितों और उनके परिजनों की सेवा के लिए समर्पित हो गए। नोबेल समिति द्वारा किया गया यह चयन अभिनंदनीय है। बेलारूस के लोगों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर वक्त खड़े होकर उन्होंने अत्याचार के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को बहुत बल दिया है। अब शांति के लिए नोबेल मिलने के बाद वह अपने देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिए एक प्रेरक व सम्मानित व्यक्तित्व बन गए हैं। वह अच्छी तरह जानते हैं कि आज लोकतंत्र, मानवाधिकार और न्याय के लिए खड़े होने में क्या जोखिम हैं। रूसी मानवाधिकार संगठन 'मेमोरियल' को मिले नोबेल शांति सम्मान का भी बहुत मुखर संदेश है। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंद्रेई सखारोव सहित मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के एक समूह ने कम्युनिस्ट शासन के पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए तत्कालीन सोवियत संघ में 1987 में 'मेमोरियल' की स्थापना की थी। इस संगठन के शांति समर्थक अभियान ने एक लंबा सफर तय किया है।

**ईरान से उठी हिजाब क्रांति की बुलंद आवाज अब सिर्फ ईरान में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई देशों में गूंजने लगी है। ईरान सरकार गोलियों के दम पर हिजाब के खिलाफ उठी इन आवाजों को खामोश करना चाहती है, लेकिन ताजा हालात देखकर लगता है कि विरोध की यह आवाज अब दबने वाली नहीं है।**

# औरत, जिंदगी और आजादी!



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net



**ईरान में अब बस एक ही है शोर- हिजाब नो मोर! वहीं यह शोर सिर्फ ईरान नहीं बल्कि स्वीडन से लेकर कनाडा और तमाम अरब देशों में भी सुनाई देने लगा है। हिजाब के खिलाफ ईरान की महिलाओं का साथ देने के लिए अलग-अलग मुल्कों में महिलाएं सड़कों पर दिखाई देने लगी हैं।**

**ईरान** में कुर्द युवती महसा अमीनी की मौत के बाद से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी है। सड़कों पर जली हुई कारें दिख रही हैं, महिलाएं अपने हिजाब जला रही हैं और देश में झड़पें तेज हो गई हैं। ईरान मानवाधिकार समूह के मुताबिक अक्टूबर के शुरुआती हफ्ते तक विरोध-प्रदर्शनों में कम से कम 150 लोग मारे गए हैं। ईरान के सख्त हिजाब कानून का कथित रूप से उल्लंघन करने के आरोप में नैतिकता पुलिस ने युवा कुर्द महिला महसा अमीनी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 22 वर्षीय महसा अमीनी की तेहरान में पिछले महीने पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। पुलिस ने दावा किया कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी, लेकिन अमीनी के परिवार का कहना है कि मौत पुलिस की पिटाई के कारण हुई।

दरअसल, ईरान में हिजाब के खिलाफ उठ खड़े इस आंदोलन के पीछे महसा अमिनी की कहानी है। 22 साल की महसा अमिनी 13 सितंबर को कुर्दिस्तान से ईरान की राजधानी तेहरान अपने रिश्तेदारों से मिलने पहुंची थीं। महसा अमीनी के सिर पर हिजाब था, लेकिन ईरान के कानून के मुताबिक वो ठीक नहीं था, क्योंकि उससे महसा अमीनी के बाल दिखाई दे रहे थे, जिसके बाद ईरान की मोरल पुलिस महसा को अपने साथ ले गई। कहा गया कि महसा को एक घंटे की शिक्षा देने के लिए ले जाया जा रहा है।

ईरान मीडिया के मुताबिक जिस डिटेंशन सेंटर में महसा गई थी उसके बाहर उनका भाई मौजूद था और भाई ने महसा के चीखने की आवाज सुनी। अरेस्ट होने और अस्पताल जाने के बीच महसा को सिर्फ दो घंटे का वक्त लगा और ईरान सरकार ने कहा कि महसा को हार्ट अटैक आ गया। महसा कोमा में चली गईं और 16 सितंबर को उनकी मौत की खबर आई। महसा की मौत की खबर ईरान में आग की तरह फैली और सालों से दबा गुस्से का ज्वालामुखी फट पड़ा। एक घटना ने ईरान को हिला दिया। महिलाओं ने बीच सड़क पर अपने अपने हिजाब को जलाना शुरू कर दिया। अमीनी के अंतिम संस्कार में कुर्द स्वतंत्रता आंदोलन का एक मशहूर राजनीतिक नारा गूंज रहा था-'औरत, जिंदगी, आजादी!' अब यही नारा पूरी दुनिया में अमीनी की मौत के विरोध में हुए प्रदर्शनों में सुनाई दे रहा है। दुनिया भर में ईरानी महिलाओं को समर्थन मिल रहा है। देश में और देश के बाहर महिलाओं ने विरोध जताते हुए अपने हिजाब जला दिए या अपने बाल काट डाले। हिजाब क्रांति की यह बुलंद आवाज अब सिर्फ ईरान में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई देशों में गूंजने लगी है। दशकों से पर्दे में रहता आया समाज जैसे अचानक उठ खड़ा हुआ है। ऐसा लगता है जैसे लोगों को पूरी तरह आजाद जिंदगी की ख्वाहिश है। ईरान की पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ क्रूरता की सारी हदें पार कर दी हैं, लेकिन हिजाब क्रांति को लेकर लोग टस से मस होने को तैयार नहीं। ईरान में अब बस एक ही है शोर- हिजाब नो मोर! वहीं यह शोर सिर्फ ईरान नहीं बल्कि स्वीडन से लेकर कनाडा और तमाम अरब देशों में भी सुनाई देने लगा है। हिजाब के खिलाफ ईरान की महिलाओं का साथ देने के लिए अलग-अलग मुल्कों में महिलाएं सड़कों पर दिखाई देने लगी हैं। ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन, सीरिया और कनाडा समेत कई देश हिजाब को लेकर मुखर हो गए हैं।

ईरानी पुलिस की बर्बरता के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम पर वायरल हो गए हैं। दरअसल, इंस्टाग्राम ईरान में काफी ज्यादा लोकप्रिय है, क्योंकि सिर्फ यही एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो सार्वजनिक तौर पर आसानी से उपलब्ध था। हालांकि अब इस पर नए प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए ईरानी सरकार ने दो सप्ताह पहले इंस्टाग्राम के इस्तेमाल पर पाबंदी लागू कर दी और पूरे देश में इंटरनेट का इस्तेमाल बैन कर दिया। लंदन स्थित वैश्विक इंटरनेट निगरानी संगठन, नेटब्लॉक्स के अनुसार, मोबाइल नेटवर्क काफी हद तक बाधित हुआ है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ईरान में इंटरनेट सेवा देने वाली तीन बड़ी कंपनियां ईरानसेल, राइटेल और एमसीआई शाम चार बजे से आधी रात तक इंटरनेट के इस्तेमाल को सीमित कर देती हैं, ताकि देश के बाहर के हिस्सों से संपर्क न किया जा सके। चूंकि इसी समय सबसे ज्यादा विरोध प्रदर्शन होते हैं। ऐसे में इंटरनेट सेवा बाधित होने से उन्हें लाइव स्ट्रीम करना मुश्किल हो जाता है।

पाबंदियों की वजह से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करना मुश्किल हो गया है। ईरान के लाखों लोग सेंसरशिप से बचने के लिए टोर और साइफन जैसे टूल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इनकी मदद से, सोशल मीडिया साइटों को अपने कंप्यूटर पर ऐक्सेस किया जा सकता है। दरअसल ईरान के लोग करीब 20 वर्षों से सेंसरशिप का सामना कर रहे हैं। इसलिए, वे जुगाड़ खोजने में माहिर हैं। वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क- वीपीएन का इस्तेमाल करना इन्हीं जुगाड़ों में से एक है। वीपीएन की मदद से उपयोगकर्ता अपनी पहचान छिपाकर इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकते हैं। गूगल ने अपनी फारसी सेवा पर इसके इस्तेमाल से जुड़ी सलाह भी दी है।ईरान में जो विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं, उनसे देश की शासन व्यवस्था में व्यापक तौर पर बदलाव होने की संभावनाएं भी नजर आ रही हैं। हालांकि इन विरोध प्रदर्शनों की तुलना 1979 के इस्लामिक क्रांति से नहीं की जा सकती, जब दसियों लाख लोग विरोध करने वालों के साथ खड़े होने के लिए सड़कों पर उतर आये थे। विश्लेषकों का यह जरूर कहना है कि इन प्रदर्शनों को जिस तरह का समर्थन और सहयोग मिल रहा है उससे इस्लामिक क्रांति की याद ताजा हो गई है। मौजूदा विरोध प्रदर्शनों की 1979 के प्रदर्शनों से एक समानता है सड़कों पर उतरे लोगों का मूड, जो साफतौर पर क्रांतिकारी है। वे सुधार नहीं बल्कि सत्ता में बदलाव चाहते हैं। निश्चित रूप से कोई इस बात की भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि यह कब होगाः यह हफ्तों, महीनों या सालों में हो सकता है, लेकिन ऐसा लगता है कि ईरान के लोगों ने अपना मन बना लिया है। दुनिया के दूसरे देशों की सरकारों को भी इस घटनाक्रम से सबक लेना चाहिए।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## कविता

### सद्‌गुरु वाणी



भंवर सिंह गुर्जर
समाजसेवी
@jagrukjanta.net

सजनी
चालोनी देश
पिया के।
यो संसार
असार है मोरी
सजनी।।
स्वार्थ लाग
करे सब प्रीति।
कैसे बीते मोह
नगर की
रजनी।।1।।
अगम नगर की खोज करले।
गुरु मिले को ब्रह्म ज्ञानी।।
सत संग मारग लागे जब।
मिले सरग निशानी।।2।। सजनी
ज्ञान बैराग दुऊं खम्बा है।
जा में भगती सनमानी।।
भगती बीज पले नहीं।
कहे सतगुरु ब्रह्म ज्ञानी।।3।। सजनी
कहे भंवरदास सुनौ मोरी सजनी
सदगुरु चरणों दीप शिखा है।।
कभी नहीं होवै रजनी।।4।।सजनी

*(लेखक, काशीपुरा हरसूद जिला खंडवा-म.प्र. से है)*

## ओपिनियन

# जीवन को सार्थकता से ही बचाया जाता है



डॉ. रामावतार शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**मृत्यु** की निश्चितता को जानने वाला मनुष्य जन्म के साथ ही रोता है कि अब तो एक दिन मरना ही होगा। पर क्या स्वयं को मौत के मुंह में धकेलना उचित है? मृत्यु आनी चाहिए और गरिमा के साथ आनी चाहिए। बलात मृत्यु को बुला कर जीवन को समाप्त करना बुजदिली है, अधर्म है क्योंकि ऐसा करने वाला व्यक्ति शरीर की यात्रा को पूर्ण नहीं होने देता है। इसके अलावा आत्महत्या किसी अस्थाई समस्या का स्थाई समाधान है जो कि अप्राकृतिक कार्य है। पर आत्महत्या हर रोज घटने वाली घटनाओं में से एक है। समय के हर क्षण देश में कोई ना कोई व्यक्ति अपनी जीवनलीला समाप्त कर रहा होता है और हर एक आत्महंता के पीछे कितने ही और हैं जो ऐसा करने के बारे में सोच रहे होते हैं। कुछ लोग दिन में कितनी ही बार आत्महत्या की धमकी दे रहे होते हैं।



भारत में आधिकारिक तौर पर 2021 में 1,64,033 ने आत्महत्या की। इन लोगों में डॉक्टर थे, डॉक्टर बनने के प्रयास में लगे छात्र थे, डाटा एंट्री ऑपरेटर थे और थे पुलिस के अधिकारी और पुलिस के हाथों प्रताड़ित जुआरी। इनमें मूढ लोग भी थे तो ज्ञानी भी, नेता थे अभिनेता भी। कोई सफलता को नहीं पचा पाया तो कोई असफल हो कर अपनी जान ले बैठा। स्त्री, पुरुष, युवा वृद्ध सभी वर्ग, जाति और धर्म के लोग इस निर्मम राह पर चल रहे थे। लोग अखबारों में इनके बारे में पढ़ कर पन्ने पलट रहे थे मानो खबर छुप जायेगी तो सत्य भी छुप जायेगा।

आत्महत्या ऊंचाई से छलांग लगाने, नींद की गोलियां या जहर खाने, पिस्टल से गोली मारने आदि से तो होती ही है पर परोक्ष तरीके से भी बहुत से लोग अपनी जीवन लीला समाप्त करने में लगे हैं। वायु वेग से मोटरसाइकिल या कार को दौड़ाना, मोबाइल कान पर लगा बीच सड़क बेहूदगी से चलना, बिना इधर उधर देखे सड़क पार करना, मूर्तियों के साथ खुद बह जाना, धर्म के नाम पर अपने ही शरीर को पीटना फोड़ना, सेल्फी के चक्कर में जान की परवाह न करना आदि सभी परोक्ष आत्महत्या के प्रयास ही माने जायेंगे। हर जीव का प्रथम कर्तव्य उपहार स्वरूप मिले जीवन की रक्षा करना है। इस कर्तव्य के आगे बाकी सब कर्तव्य मानव निर्मित हैं और संदेह के घेरे से मुक्त नहीं हैं। आत्महत्या से बचने के कितने ही तरीके कितने ही अनुभवी लोगों ने बताए हैं और वे सब अपने हिसाब से सही भी हैं। हर व्यक्ति का व्यक्तित्व, उसकी समस्याएं, उसका वातावरण आदि बहुत सी बातों को ध्यान में रख कर ही राय दी जा सकती है पर एक बात ऐसी है जो सब पर समान रूप से लागू होती है और वह बात है अपने जीवन को सार्थकता देना। यदि कोई व्यक्ति अपने जीवन को कोई सार्थकता, कोई उद्देश्य दे देता है तो वह आत्महंता होने से बच जाता है। इसलिए हर व्यक्ति को जीवन के हर दिन अपने आप को सार्थकता का उपहार देना चाहिए। निरर्थक जीवन को ज्ञानी से ज्ञानी भी खो देने की कमजोरी लिए हुए चलता है। जीवन से प्यार का मतलब ही जीवन का अर्थ खोजना होता है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्‌गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्‌गुरु देव



**शिव** निर्माल्य के विषय में कहा गया है, नर्मदेश्वर लिंग, धातुमय लिंग, रत्नलिंग स्वयंभू लिंग, सिद्धलिंग (पुराण प्रसिद्ध) इन पर चढ़ाया गया निर्माल्य तथा नैवेद्य ग्राह्य है, उसे अवश्य ग्रहण करना चाहिए। शिव मूबर्ति पर चढ़ाए निर्मा्य में कोई दोष नहीं है। अन्य शिव सिलंगों में भी जो वस्तु शिवलिंग के ऊपर रखी जाती है वह अहग्राह्य है, उसे यदि शालग्राम शिला से स्पर्श करा दिया जाए तो वह शुद्ध मानी जाती है। सभी शिवलिंगों के पास रखकर उन्हें निवेदित की गई वस्तु ग्राह्य मानी जाती है। शिव उपासना में पंचाक्षर मंत्र-ओम् नमः शिवाय की अत्यधिक महिमा बताई गई है। यह मंत्र भुक्ति मुक्ति दोनों देने वाला है। मंत्र के पूर्व ओम् लगाने से ऊम् नमः शिवाय यह षडाक्षरप मंत्र भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सर्वाव्याधिइ विनाश और दीर्घायु के लिए महामृत्युंज0य मंत्र का जप अथवा अषिक बहुत श्रेयस्कर है। भगवान शंकर की उपासना में शत रुद्रीय का अन्यतम स्थान है। सांसारिक दुःखों से बचाने का सरल उपाय है-शिव उपासना। भगवान आशुतोष सर्वशक्तिमान एवं कृपालु हैं। वेदों पुराणों में अनेक प्रमाण हैं, शिव ही परम उपास्य देव हैं। भगवान शिव की उपासना के लिए अनेक उत्तम उत्तम स्तुति स्त्रोत्र आदि उपलब्ध हैं। श्रद्धा विश्वासपूर्वक शुद्ध अन्तःकरण से पवित्र होकर भक्तिपूर्वक भगवान शिव की उपासना करनी चाहिए। भक्त प्रवर गन्धर्वराज पुष्पदंत विरचित शिव महिम्न स्तोत्र में भगवीन की असीम महिमा का वर्णन करते हुए कहा है- **क्रमशः**

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



वर्षा, रितु, राशी डॉटर सीमा-राजेंद्र जोशी, जयपुर

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

# गर्भवती के स्वास्थ्य पर देना होगा अधिक ध्यान

**गर्भवती महिलाओं तक उनके खान-पान की जानकारी पहुंच नहीं पा रही है। एक सर्वे में अधिकतर महिलाओं ने माना कि उन्हें गर्भावस्था के दौरान हर रोज 300 कैलोरी या उससे ज्यादा लेनी चाहिए। अमूमन माना जाता है कि महिलाओं को प्रेगनेंसी में दो लोगों के भोजन लेने की जरूरत है, एक खुद के लिए और दूसरा अजन्मे बच्चे के लिए।**



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**गर्भावस्था** में गर्भवती महिला को यदि पौष्टिक व संतुलित आहार नहीं मिलता तो उसका गर्भस्थ शिशु भी पर्याप्त रूप से विकसित नहीं हो पाएगा। ज्यादातर महिलाओं को ये पता नहीं होती कि प्रेग्नेंसी में उन्हें कितना खाना चाहिए। सामान्य स्त्री को प्रायः 1900 कैलोरी की आवश्यकता होती है, जबकि गर्भावस्था में 2200 कैलोरी की आवश्यकता होती है। आहार पोषक तत्वों से भरपूर होना चाहिए। गर्भवती का आहार ऐसा होना चाहिए, जिसमें पौष्टिकता के सभी तत्व मौजूद हों। आहार में फल व सब्जियां, की पर्याप्त मात्रा होनी चाहिए। गर्भवती महिला को प्रोटीन भी संतुलित मात्रा में मिलना चाहिए। प्रोटीन अंडा, मांस, दूध आदि में अधिक होता है। जो महिलाएं शाकाहारी हैं, वह सोयाबीन व दालों से प्रोटीन प्राप्त कर सकती हैं। अंकुरित दालें मूंग, मोठ, चने आदि भी अधिक प्रोटीन उपलब्ध कराते हैं।

ब्रिटेन में लोगों के स्वास्थ्य पर नजर रखने वाली एजेंसी नाइस की सलाह के मुताबिक, गर्भावस्था के पहले छह महीने में महिलाओं को अतिरिक्त कैलोरी की जरूरत नहीं पड़ती है, लेकिन प्रेगनेंसी के आखिरी तीन महीनों में महिलाओं को हर दिन 200 कैलोरी एक्स्ट्रा लेनी चाहिए। इतनी कैलोरी ऑलिव ऑयल में सेंकी गई दो ब्रेड में मिल जाती है। एक सर्वे के अनुसार, गर्भवती महिलाओं तक उनके खान-पान की जानकारी पहुंच नहीं पा रही है। सर्वे में महिलाओं ने माना कि उन्हें गर्भावस्था के दौरान हर रोज 300 कैलोरी या उससे ज्यादा लेनी चाहिए। अमूमन माना जाता है कि महिलाओं को प्रेगनेंसी में दो लोगों के भोजन लेने की जरूरत है, एक खुद के लिए और दूसरा अजन्मे बच्चे के लिए।

एक सवाल उठता है कि गर्भावस्था में महिलाएं कितना खाएं? गर्भवती महिलाओं को अमूमन हर रोज 2200 कैलोरी की जरूरत पड़ती है। इसमें खाना और पीना दोनों शामिल है। डॉक्टरों का कहना है कि खाना संतुलित होना चाहिए, जिसमें फल और सब्जियां, कार्बोहाइड्रेट्स (पास्ता और आलू), प्रोटीन (दाल, मछली, अंडा और मांस, दूध, दही जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स) और वसा शामिल हों। प्रेगनेंसी के दौरान ज्यादा खाने से महिलाओं को नुकसान हो सकता है। महिलाएं प्रेगनेंसी के दौरान इतनी मोटी हो सकती हैं कि उनके गर्भपात का खतरा बढ़ सकता है। उनमें हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की संभावना हो सकती है। समय से पहले बच्चा पैदा हो सकता है। सिजेरियन डिलीवरी की सूरत पैदा हो सकती है।

स्त्री के लिए गर्भावस्था की अवधि में जरा सी असावधानी से बच्चे के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है, इसलिए इस समय किसी भी ऐसे पदार्थ का सेवन न करें जिससे खतरा हो। चटपटे, ज्यादा मिर्च मसाले वाले, तले हुए खाद्य पदार्थ तथा मिष्ठान आदि से शिशु की पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है। इसी प्रकार चाय, कॉफी, अल्कोहल युक्त उत्तेजक पेय पदार्थ भी हानिकारक होते हैं। ठंडा व बासी भोजन भी नहीं करना चाहिए। यदि गर्भवती स्त्री अपने भोजन की ओर ध्यान दे तो निश्चय ही वह बच्चे को स्वस्थ जीवन प्रदान कर सकेगी।अगर वजन की बात करें तो प्रेगनेंसी वेट पहले या शुरुआती गर्भावस्था बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) पर निर्भर करता है। गर्भावस्था में वजन बढ़ाने के बारे में बताया है। अगर बॉडी मास इंडेक्स 18.5 से कम यानी कि अंडरवेट बीएमआई है तो वेट गेन 13 से 18 किलो होना चाहिए। अगर बॉडी मास इंडेक्स 18.5-24.9 यानी नॉर्मल बीएमआई है तो वजन 11 से 16 किलो तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं अगर बॉडी मास इंडेक्स 25 से 29 यानी ओवर वेट है तो वजन 7 से 11 किलो बढ़ाएं। अगर बॉडी मास इंडेक्स 30 या उससे ज्यादा है तो सिर्फ 5 से 9 किलो वजन बढ़ाया जा सकता है। अगर किसी के जुड़वां बच्चे हैं या मल्टीपल प्रेगनेंसी है तो उसके और अधिक वजन बढ़ने की उम्मीद है। सामान्य तौर पर पहले 3 महीनों में लगभग 0.9-1.8 किलोग्राम और बाकी प्रेगनेंसी के दौरान हर हफ्ते लगभग 0.5 किलोग्राम वजन बढ़ाना चाहिए। महिलाओं में गर्भधारण को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों की ओर से भी कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। ***ये लेखक के अपने विचार है।***

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग




ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

## जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 12/10/2022**

**सूर्योदय :** 06:27 **सूर्यास्त :** 17:51 **चन्द्रोदय :** 19:29 **चन्द्रास्त :** 08:36 **शक सम्वत :** 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना :** आश्विन **पूर्णिमांत :** कार्तिक **सूर्य राशि :** कन्या **चन्द्र राशि :** मेष **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** तृतीया, 26:02 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1944 शुभकृत **विक्रम सम्वत :** 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत :** 2078 प्रमादी **चन्द्रमास कार्तिक :** पूर्णिमान्त **आश्विन :** अमान्त **द्रिक ऋतु :** शरद।

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** भरणी, 17:13 तक
**योग :** वज्र, 14:17 तक
**प्रथम करण :** वणिजा, 13:43 तक
**द्वितिय करण :** विष्टि, 26:02 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:41 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:05 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:03 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:43 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:55 पी एम से |
| अमृत काल | 12:11 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:43 पी एम से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 05:10 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : मंगल
अग्निवास: पृथ्वी

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:26 - 07:51 | उद्वेग : 05:50 - 07:25 |
| अमृत | : 07:51 - 09:17 | शुभ : 07:25 - 08:59 |
| काल काल वेला | : 09:17 - 10:43 | अमृत : 08:59 - 10:34 |
| शुभ | : 10:43 - 12:08 | चर : 10:34 - 12:08 |
| रोग वार वेला | : 12:08 - 01:34 | रोग : 12:08 - 01:43 |
| उद्वेग | : 01:34 - 02:59 | काल : 01:43 - 03:18 |
| चर | : 02:59 - 04:25 | लाभ : 03:18 - 04:52 |
| लाभ | : 04:25 - 05:50 | उद्वेग : 04:52 - 06:27 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज तृतीया

**आज कौन सा कार्य करें**

तृतीया को यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

कार्तिक, कृष्ण, तृतीया, 2079 बुधवार, 12 अक्टूबर - 18 अक्टूबर, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्र म बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा। उत्साह व

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजन हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बनेंगे।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। विरोध होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
घर में मेहमानों का आगमन होगा। श आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

बालोतरा क्षेत्र में अवैध इकाईयो का कुनबा

# नगर परिषद प्रशासन शांत अवैध कपड़ा ईकाई संचालक मस्त

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**बालोतरा @ मयंक अवस्थी।** शहर सहीत आसपास के क्षैत्र मे अवैध कपड़ा ईकाइयों कुनबा बढता ही जा रहा है। जिला व उपखंड प्रशासन एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों की अनदेखी से नगर में अवैध वस्त्र कारखाने आज भी संचालित हो रहे हैं। परेशान लोग अधिकारियों को समय-समय पर शिकायत करते हैं। सबूत पेश करके कार्रवाई करने की मांग करते हैं। लेकिन अधिकारी है जो इस काम में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। एक दूसरे को कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए अवैध संचालित कारखानों की ओर झांककर तक नहीं देखते। इससे यह धंधा फल-फूल रहा है।

नगर में अवैध वस्त्र उद्योग वासियों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है। दर्जनों जने नियमों को ताक पर रखकर रहवासी कॉलोनी में खुलेआम इनका संचालन कर रहे हैं। प्रदूषित पानी नगर परिषद के नाले वह खुले में छोड़ते हैं

बालोतरा जसोल बिठूजा के वस्त्र धुपाई रंगाई छपाई के उद्योग के साथ जल प्रदूषण की समस्या जुड़ी हुई है। इस पर हरित प्राधिकरण न्यायालय ने खुले में प्रदूषित पानी नहीं छोड़ने को लेकर स्पष्ट आदेश दे रखे हैं। लेकिन नगर में बहुत से स्थानों पर इसकी पालना नहीं की जा रही है। कमाई के लालच में नगर के जेरला रोड बिजनेस पार्क के पीछे भेर जी की बाड़ी नूरानी मोहल्ला नीलम सिनेमा खारिया बेरा नया बस स्टैंड के पीछे आदि अनेकों स्थानों पर करीब एक सौ अवैध वस्त्र कारखाने संचालित हो रहे हैं।

वस्त्र दुबई वरंगल के कामकाज के बाद कारोबारी नलों में पानी छोड़ते हैं। इसके अलावा ट्रैक्टर टकियो तथा टैंकरों से अन्य स्थानों पर चोरी छिपे पानी छोड़ते हैं। इससे जल वह जमीन दोनों खराब हो रहे हैं। लंबे समय से यह काम का जारी है। अवैध कारखानों के संचालन से परेशान लोग उपखंड प्रशासन राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल नगर परिषद को समय-समय पर अवगत करवाते हैं। लेकिन अधिकारी झांककर तक नहीं देखते हैं। शिकायतकर्ता को कार्रवाई करने का झूठा आश्वासन देकर घरों को रवाना करते हैं। इसके बाद एक दूसरे को कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए इन अवैध कारखाना की ओर जाकर तक नहीं देखते हैं। इससे अवैध कारोबारियों की मौत बंद पड़ी है। वही इससे शहर में फैल रहे जल प्रदूषण से आमजन का जीना मुश्किल हो गया है।

> **इस** संदर्भ में टीम बनाकर चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी।
> **दुर्गेश रावल,** आयुक्त, नगर परिषद

## "मानसिक स्वास्थ्य एवं खुशहाली, वैश्विक प्राथमिकता" संगोष्ठी आयोजित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गौतम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मेंटल हेल्थ फाउंडेशन, रिसर्च एजुकेशन एंड सर्विस ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर डब्ल्यूएचओ की थीम "मानसिक स्वास्थ्य एवं खुशहाली' वैश्विक प्राथमिकता" के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज, जे एन यू मेडिकल कॉलेज, निम्स मेडिकल कॉलेज, एमिटी यूनिवर्सिटी, आईआईएस यूनिवर्सिटी एवं सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी से 110 प्रविष्ठियां प्राप्त हुई तथा तीन कैटेगरी में लगभग 20 पुरस्कार दिए गए। वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. मनस्वी गौतम ने गौतम अस्पताल के 2006 से अभी तक के क्रियाकलाप एवं जन चेतना हेतु किए गए कार्यक्रमों का विवरण दिया। डॉ. अनीता गौतम ने मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह 2022 के तहत हुए कार्यक्रमों का विवरण दिया। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. आई डी गुप्ता, डॉ. आनन्द, गौतम अस्पताल की सीईओ राज्यश्री गौतम, डॉ मोनिका, डॉक्टर पूनम उपस्थित थे। मुख्य अतिथि बहन ब्रह्मा कुमारी सुषमा एवं चंद्रकला ने ध्यान योग एवं जीवन जीने की कला के बारे में जानकारी दी। मंच पर सम्मानित अतिथियों में डॉ. तुषार जागावत, डॉ. आनन्द, डॉ. मोनिका ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अस्पताल की सीईओ राज्यश्री गौतम ने मानसिक स्वास्थ्य एवं खुशी खुशहाल जीवन के बारे में बात करते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## कुमारी सलोनी के जन्म दिन पर शरदपूर्णिमा प्रसाद वितरण किया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नागरिक सेवा समूह मुरलीपुरा ने आंगनवाड़ी खेड़ा (गोरसभण्डार मुरलीपुरा के पीछे)राजकीय मिडिल स्कूल परिसर में कुमारी सलोनी का 5वें जन्मदिन का पूजन वैदिक मंत्रो से गायत्री परिवार के गणपत लाल, द्वारा करा कर मनाया। लोकचंद हरिरामानी (कार्यक्रम प्रमुख) ने पेस्टी, डॉ. सुनील गुप्ता ने टॉफी, दीपिका पत्नी जनार्दन शर्मा, भूमि कृपलानी ने कुरकुरे पैकेट, गिरधारी शर्मा ने देशी घी के लड्डू सभी बच्चों को एवं उपहार स्वरूप ओम सोनी ने पार्टी वियर ड्रेस, हरिशंकर गौड़ ने ट्रॉय साइकिल, ओम गुप्ता ने कुर्सी-टेबुल सैट, बीना पारीक ने कैरम बोर्ड, प्रहलाद राय ने बैड स्टडी टेबुल, प्रदीप शर्मा ने गौलक मय रु 101/-,गोपाल खंडेलवाल ने पिकनिक बैग, बजरंग लाल ने होला हूप रिंग,गौरी भूषण ने मंत्र जाप मशीन, दिव्या शर्मा ने पूजा आरती घंटी, मनी भूषण ने मुरली (बासुरी), भवानी सिंह राठौड़, गिरधारी टांक ने abcd ब्लॉक, कौशल पारीक ने डॉल, कार्यक्रम में विशेष अतिथि देवेन्द्र कुमार शर्मा, मनमोहन गुप्ता, ओम प्रकाश शर्मा, किरण शर्मा, संगीता मीणा, रेखा जोशी ने बच्ची को शुभकामनाओ के साथ उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद पुष्पवर्षा कर दिया।

## विश्वमानसिक सप्ताह के तहत लघु फिल्म का प्रदर्शन



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गौतम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रिसर्च एजुकेशनल एंड सर्विस ट्रस्ट, मीडिया एंड मेंटल हेल्थ सब कमिटी इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान से विश्व मानसिक सप्ताह के तहत भारत नगर कच्ची बस्ती, लोहा मंडी मोड़, निंदड में नशे के दुष्प्रभाव पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। गौतम अस्पताल की सीईओ राज्यश्री गौतम द्वारा निर्मित लघु फिल्म "संभलते कदम" सत्य घटनाओं पर आधारित है, जिसमें व्यक्ति किस तरह नशे की ओर खिचता है तथा इसके शरीर व मस्तिष्क पर होने वाले दुष्प्रभाव एवं उपचार के बारे में बात की गई है। वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉक्टर मनस्वी गौतम ने बताया कि नशे की लत मुख्यतः युवा और किशोर वर्ग में प्रचलित है। गुटका, तंबाकू, शराब का प्रचलन अधिक है। यह नशा धीरे-धीरे व्यक्ति के शरीर में स्वास्थ संबंधी विकार, हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, अस्थि रोग, पेट संबंधी विकार आदि बीमारियों को जन्म देता ही है, मस्तिष्क पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिससे मतिभ्रम, उत्तेजना, आक्रोश, आवेश आदि व्यवहार संबंधी विकार उत्पन्न होते हैं। सआदत अली ने गौतम हॉस्पिटल का आभार प्रकट किया।

## उत्साह से मनाया 37वीं दुर्गा पूजा महोत्सव



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** युवा जागृति सेवा समिति द्वारा 37वीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। समिति के कमल गुप्ता ने बताया कि पाँच दिवसीय कार्यक्रम में एक शाम गौ रक्षा के नाम, आवड़ सैन द्वारा भव्य राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति, स्थानीय बाल कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति, हवन एवं कन्या पूजन व अन्तिम दिन मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीताराम अग्रवाल, पुष्पा खंडेलवाल भी उपस्थित हुए। समिति के संरक्षक मालीराम टांक, अध्यक्ष यतेंद्र सिंह, केशव, अरविंद, सत्यनारायण सर्वा, मुकेश, किशोर, अनिल, सुनील, सत्यनारायण जांगिड़, दिग्विजय सिंह, विक्रम, पुष्पेंद्र, रविकांत, पुष्पराज, रामानंद, अरविद सिंह शिव, पुनीत, संजीव राजीव, दिलीप, केदार, मनोज सैन, ममता टेवानी का पूर्ण सहयोग रहा।

## एस पी डांडिया नाइट्स मे खूब थिरके युगल



**जयपुर @ जागरूक जनता।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस वर्ष भी डांडिया नाइट्स में युवा जोड़ों ने खूब धूम मचाई। विद्याधर नगर स्थित केसर कुंज में आयोजित डांडिया नाइट में अभिमन्यु राजवी के अलावा कई पार्षद भी उपस्थित हुए जिनमें भंवरलाल मालाकर, रूप कंवर, सुमन राजवंशी, नरेंद्र सिंह, नेमी गुर्जर, यश राजस्थानी, पंकज शर्मा, विप्र कल्याण बोर्ड से मंजू शर्मा उपस्थित हुई कार्यक्र म आयोजक पूजा शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि नीता शर्मा एवं कृष्णा शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। शैलेंद्र शर्मा एवं रक्षित शर्मा ने सभी विनर्स को गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्र म में हिमांशु शर्मा, गीता सुखियानी, एकता शर्मा, नीतू शर्मा एवं मुकेश सैनी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## भारत विकास परिषद का स्नेह मिलन कार्यक्रम सम्पन्न



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भारत विकास परिषद,अम्बाबाड़ी शाखा के सदस्यों का स्नेह मिलन कार्यक्रम गोकुल गांव, सीकर रोड जयपुर में आयोजित किया गया। जिसमें परिषद् के सदस्यगण सम्मिलित हुए। समारोह में सदस्यों के लिए रोचक खेल प्रतियोगिता, डांडिया व डिनर की व्यवस्था रखी गयी थी जिसका सदस्यों ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विक्रांत अग्रवाल व प्रीति अग्रवाल ने सभी सदस्यों को कार्यक्रम के दौरान नये - नये खेल से सभी सदस्यों को खूब मनोरंजन कराया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने सभी विजेता सदस्यों को पुरस्कृत किया।

## जर्जर रोड से राहगीर परेशान



**सावर @ जागरूक जनता।** कस्बे के कहार बस्ती से लेकर बनेडिया तिराहे तक बने डामरीकरण रोड़ की जर्जर हालत बनी हैं। क्षतिग्रस्त रोड के चलते वाहन चालक सहित अन्य राहगीरो को परेशानी हो रही हैं। इसके बाद भी सार्वजनिक निर्माण विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षतिग्रस्त रोड पर पैदल चलना मुश्किल हो रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया की क्षतिग्रस्त सड़क को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं।

---

आप प्रभारी बोले- जयपुर में हुआ 'इन्वेस्टमेंट वैभव समिट', दोनों बड़े ग्रुप ने स्टेडियम एकेडमी की बात कही

# ईमानदार लोगों के लिए खुले 'आप' के दरवाजे

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** आम आदमी पार्टी राजस्थान के चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा ने कहा- जयपुर में हुआ दो दिन का इन्वेस्टर्स का सम्मेलन- इन्वेस्टमेंट राजस्थान समिट नहीं, इन्वेस्टमेंट वैभव गहलोत समिट था। जिस तरह सीएम कल ऑफेन्सिव हो रहे थे। झुंझलाहट दिखाई दे रही थी। इन्वेस्टमेंट में राजस्थान के नौजवानों को रोजगार देने की बात नहीं हुई है, बल्की उन्होंने अपने बेटे वैभव गहलोत को रोजगार दिला दिया। दोनों बड़े ग्रुप (अडानी और टोरेंट ग्रुप) ने स्टेडियम और एकेडमी की बात की।

### व्हाइट पेपर (श्वेत-पत्र) जारी कर जनता को सच्चाई बताए

मिश्रा ने कहा- हम इन्वेस्टमेंट के विरोधी नहीं है। लेकिन मांग है कि सरकार व्हाइट पेपर जारी कर जनता को इन्वेस्टमेंट समिट की सच्चाई बताए। अब तक कांग्रेस और बीजेपी दोनों सरकारों के राज में 2003, 2010, 2014, 2019, 2022 के इन्वेस्टमेंट समिट में कितने MOU हुए? कितना इन्वेस्टमेंट का वादा किया? कितने MOU जमीन पर उतरे? कितना इन्वेस्टमेंट सरकार ने करवाया? कितने बेरोजगारों को नौकरी मिली ? कितने रोजगार क्रिएट हुए? प्रदेश सरकार जनता के सामने इनके आंकड़े जारी करे। मिश्रा ने कहा- रीको ने 25 नए इंडस्ट्रीयल एरिया बनाने की बात की। पुराने रीको एरिया में क्या डवलपमेंट किया, वो भी व्हाइट पेपर पर जारी करे।

### आप में जॉइनिंग का दौर जारी

**जयपुर** में आप के प्रदेश ऑफिस में पार्टी के प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा ने जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर रहीं डॉ मीनाक्षी सेठी जैदी, बेटियों की शिक्षा में योगदान देने वाले शिक्षाविद और बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज के फाउंडर डॉ संजय बियानी, नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क के प्रणेता और पर्यावरणविद, आरटीआई कार्यकर्ता राजेन्द्र तिवारी, समाजसेवी कुशाल तिवारी, डूंगर कॉलेज बीकानेर के जनरल सेक्रेट्री, हस्ट्ठ जिलाध्यक्ष और यूथ कांग्रेस के पूर्व महासचिव रहे कुशल पंवार, बानसूर के पूर्व प्रधान अवतार सिंह, जालौर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जालम सिंह, राजस्थान आदिवासी मीना सेवक संघ के अध्यक्ष गिर्राज मीणा ने आप राजस्थान की सदस्यता ग्रहण की। मिश्रा ने कहा- हर उस आम आदमी के लिए आम आदमी पार्टी के दरवाजे खुले हैं जो ईमानदार है। भ्रष्टाचारी नेताओं के लिए आप पार्टी में जगह नहीं है। इसीलिए पार्टी की विचारधारा को आदर्श मानते हुए जनता आप पार्टी के सदस्य बनती जा रही है।

## भारत को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भारत विकास परिषद,अम्बाबाड़ी शाखा ने "भारत को जानों" सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का शाखा स्तर पर रेक्रीएशन क्लब, विश्वकर्मा इंडस्ट्रीयल एरिया में आयोजित किया। इस प्रतियोगिता मे अलग अलग ग्रुप के साथ विद्यालयों ने भाग लिया। प्रकल्प प्रमुख अम्बाबाड़ी शाखा संजीव ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में केपीएस उडान पब्लिक स्कूल विजेता तथा उपविजेता टैगोर विद्या भवन गर्ल्स स्कूल की टीम रही। सीनियर ग्रुप में टीम टैगोर विद्या भवन गर्ल्स स्कूल विजेता व टैगोर पब्लिक स्कूल उपविजेता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी एल शर्मा सेवानिवृत् आई पी एस, आर एस सक्सेना प्रान्त अध्यक्ष, आर एस त्यागी प्रान्त महासचिव भारत विकास परिषद्, कैलाश चोटिया भाजपा नेता व सुमन राजवंशी पार्षद ने प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप शर्मा भारत विकास परिषद् अध्यक्ष अम्बाबाड़ी शाखा ने की।

## मोबाइल एवं लैपटॉप से उदयपुर के दृष्टि बाधित बच्चे पढ़ेंगे

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** समग्र शिक्षा, अंतर्राष्ट्रीय संस्था साइटसेवर्स इंडिया एवं एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से यहां सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 10 दृष्टि बाधित बच्चों को मोबाइल एवं एक दृष्टि बाधित बच्चे को लैपटॉप देकर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ हुआ। समावेशी शिक्षा परियोजना कार्यक्र म के तहत अल्प दृष्टि बाधित.दृष्टि बाधित बालक बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से उनका क्षमता वर्धन किया जा रहा है। प्रशिक्षण को देने वाले प्रशिक्षक भी दृष्टि बाधित हैं। इन बालक-बालिकाओं को मोबाइल शामिल टॉकबैक नामक फीचर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।विस्तृत समाचार के लिए

## जागरूक खबरें

### झुंझुनूं में करवा चौथ पर राजकीय अवकाश

**झुंझुनू @ जागरूक जनता।** अखंड सौभाग्य की कामना का पर्व करवा चौथ 13 अक्टूबर को उल्लास से मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं समूह में बैठकर चौथ माता और गणेश जी की कहानी सुनेंगी और निराहार रहकर रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोलेंगी। शेखावाटी में चंद्रोदय करीब आठ बजकर इक्कीस मिनट पर होगा। वहीं जिला कलक्टर लक्ष्मण कुड़ी ने इस दिन राजकीय अवकाश घोषित किया है।

### 566 पटवारियों ने नहीं संभाला पदभार

**अजमेर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में पटवारी भर्ती की नियुक्ति संबंधी सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद 566 अभ्यर्थियों ने पदभार नहीं संभाला है। प्रदेश के जिलों से प्राप्त सूची को राजस्व मंडल ने पुनः कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजा है। बोर्ड इनके स्थान पर अब रिजर्व सूची में उपलब्ध अभ्यर्थियों के नाम राजस्व मंडल को भेजेगा।

### एनटीसीए टीम ने किया प्रस्तावित अभयारण्य का दौरा

**करौली @ जागरूक जनता।** एनटीसीए की टीम ने करौली-धौलपुर के प्रस्तावित बाघ अभयारण्य क्षेत्र का दौरा कर सुझाव दिए। वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रमुख शासन सचिव शिखर अग्रवाल ने बताया कि यह प्रदेश का पांचवा बाघ अभयारण्य होगा। इस अभयारण्य के विकास से रणथम्भौर पर बाघों का दबाव कम हो सकेगा।

### 14 को आयोजित होगी साधारण सभा

**सावर @ जागरूक जनता।** पंचायत समिति सावर की साधारण सभा 14 अक्टूबर 2022 को आयोजित होगी विकास अधिकारी अनिता यादव ने बताया कि पंचायत समिति की साधारण सभा प्रधान आशा बागड़ी की अध्यक्षता में दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को दोपहर 2:00 बजे विभिन्न बिंदुओं को लेकर सामुदायिक भवन केकड़ी रोड सावर पर आयोजित होगी।

सीएम की दौड़ में बने होने का दिया संदेश, जनता के बीच राजे सक्रिय

# देव दर्शन के बहाने राजे का शक्ति-प्रदर्शन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का बीकानेर दौरा खासा चर्चा में है। चर्चा इसलिए है कि उनका यह दौरा पार्टी की तरफ से घोषित कार्यक्रम नहीं था। वसुंधरा ने इसे देव दर्शन के लिए निजी टूर बताया था। विश्नोई समाज के मुकाम और करणी माता मंदिर में दर्शन के साथ राजे ने अपनी राजनीतिक क्षमता का भी शक्ति प्रदर्शन किया। नोखा, देशनोक और बीकानेर शहर में सभाओं में समर्थकों की भीड़ को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि मेरा कोई भी काम सीधे-सीधे नहीं होता, संघर्ष करना पड़ता है। अब मुहर लग गई है। अब कोई रोक नहीं सकता।

वसुंधरा के कार्यक्रम से बीकानेर भाजपा संगठन पूरी तरह से दूर रहा, लेकिन जिस मकसद को राजे हासिल करना चाहती थीं, वो इस दौरे ने पूरा कर दिया।

मकसद था- आने वाले विधानसभा चुनाव में खुद को मुख्यमंत्री की दौड़ में होने का मैसेज देना। साथ ही यह बताना कि उनके सामने बाकी चेहरे कोई खास मायने नहीं रखते। वसुंधरा ने केंद्रीय नेतृत्व से लेकर स्थानीय संगठन तक यह बात पहुंचा दी कि उनका अभी भी प्रदेश के सुदूर इलाकों में दबदबा कायम है। उनके लिए समर्थकों की फौज हर जगह तैयार है।



### सराफ, युनूस, राजपाल और परनामी ने संभाली कमान

वसुंधरा के बीकानेर पहुंचने के तीन दिन पहले से ही भीड़ जुटाने के लिए फील्ड मैनेजमेंट चल रहा था। इसके लिए उनके विश्वस्त मानें जाने वाले पूर्व मंत्री युनूस खान, राजपाल सिंह शेखावत, कालीचरण सराफ और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी तैयारियों में जुटे हुए थे। बताया जा रहा है कि 6 से 8 अक्टूबर तक बीकानेर शहर के सभी 80 वार्डों में बैठकें की गई। बीकानेर में जूनागढ़ के सामने हुई सभा की तैयारियों का जिम्मा पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ और राजपाल सिंह शेखावत के पास था, वहीं मुकाम में हुए कार्यक्रम का पूरा जिम्मा पूर्व मंत्री युनूस खान ने संभाला। देशनोक में हुई सभा की सारी तैयारी भाजपा से निष्कासित पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी के जिम्मे थी। राजे के ऑफिस से पार्टी और प्रशासन को जो टूर प्रोग्राम जारी हुआ, उसमें कहीं भी पब्लिक मीटिंग का कार्यक्र म तय नहीं था। उनका सिर्फ मंदिर दर्शन के साथ-साथ पार्टी के पुराने नेताओं के घर जाकर श्रद्धांजलि का ही कार्यक्रम तय हुआ था। जबकि दूसरी ओर पिछले तीन दिन से खान, परनामी, सराफ जैसे नेता उनके लिए सभाएं कराने की तैयारियों में जुटे हुए थे। ऐसे में यह साफ जाहिर होता है कि यह सिर्फ धार्मिक यात्रा न होकर अपनी राजनीतिक अस्तित्व को फिर से मुखर करने और जनता की नब्ज टटोलने का प्रयास भी है।

## रावत एजुकेशनल एंटरप्रेन्यर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रावत एजुकेशनल ग्रुप का अंतर्राष्टीय स्तर पर परचम फहलाते हुए रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक, अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत को मॉरीशस के सेकंड एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवॉर्ड्स, 2022 में मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपम, वाइस प्राइम मिनिस्टर और शिक्षा मंत्री लीला देवी डोकून द्वारा "एजुकेशनल एंटरप्रेन्यर ऑफ द ईयर अवार्ड, 2022" से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वर्ल्ड हिंदी सेक्रेटेरिएट, मॉरीशस में किया गया।कार्यक्रम में हाई कमिश्नर ऑफ इंडिया के नंदिनी सिंगला,विदेश मंत्री एलन गनू,गुजरात के शिक्षा सचिव डॉ विनोद राव सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद थे। रावत को मिले इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मान के लिए रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में विशाल सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मित्तल परिवार ने किया गयाजी में पितृ श्राद्ध

# ग्रामवासियों के लिए किया भंडारा प्रसादी

**चन्द्रप्रकाश अग्रवाल बने मुख्य यजमान**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सिंगनौर निवासी मित्तल परिवार की ओर से बीते दिनों अपने पैतृक गांव सिंगनौर में पूरे गांववासियों को प्रसादी भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व परिवार की ओर से बिहार स्थित गयाजी में इस बार पूरे 16 दिन तक पितरों को पिण्डदान अर्पित कर प्रतिदिन 50 ब्राह्मणों को भोजन करवाया गया था।

मित्तल परिवार के ही चन्द्रप्रकाश अग्रवाल (लालू) को विचार आया कि क्यों नहीं हमें गयाजी में श्राद्ध करना चाहिए, क्योंकि चन्द्रप्रकाश के सिर से बचपन में ही माता-पिता का साया उठ गया था। इन्होंने अपने परिवार से चर्चा कर गयाजी जाने का कार्यक्रम बना लिया। इनके साथ रतन अग्रवाल पत्नी रुकमणी, बनारसी अग्रवाल पत्नी कृष्णा बाई, महेन्द्र अग्रवाल पत्नी रेणुदेवी, सुशील भाई, दिनेश अग्रवाल, अमोल अग्रवाल, पंकज गुप्ता एवं बनारसी अग्रवाल के पौत्र चिराग गया जी पहुंच गए।



चन्द्रप्रकाश अग्रवाल के अनुसार 8 सितम्बर से श्राद्ध पूजा प्रारम्भ की गई जो 26 सितम्बर तक चली। कार्यक्रम के अनुसार मुख्य यजमान की भूमिका चन्द्रप्रकाश अग्रवाल ने सपत्नी रुचि अग्रवाल के साथ सम्पन्न करवाई। पूजा के लिए प्रतिदिन रात्रि को 2 बजे उठकर स्नान इत्यादि करके कुटुम्ब के सारे सदस्य ब्रह्म मुहुर्त में 4 बजे पूजा के लिए बैठ जाते थे। 4 बजे से शुरू हुई पूजा 10 बजे तक चलती थी। उसके बाद ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद स्वयं भोजन करते। मानस सुआ आचार्य एवं रतन आचार्य पंडा ने पूरे पितृ पक्ष में श्राद्ध कर्म सम्पन्न करवाया।

इस दौरान एकादशी को सालिगरामजी की पूजा की गई जिसमें 1008 बार तुलसी समर्पित की गई। द्वादशी को गऊ दान, तेरस को 500 दीपक जलाकर पितृ दीपावली एवं पितृ अमावस्या को शैय्यादान कर श्राद्ध कर्म का समापन हुआ।

# विश्व मंगल कामना से भगवान महावराह के किया 49वाँ महा मस्तकाभिषेक

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**केकड़ी।** बघेरा स्थित विश्व विख्यात वराह मन्दिर में भगवान महावराह के 49 वाँ महामस्तकाभिषेक किया गया। विश्व में अमन चैन बना रहे तथा आने वाले समय में प्राणी मात्र में किसी भी प्रकार की कोई संकट नही आए। इस हेतु भगवान महावराह का पंचामृत्र से महामस्तकाभिषेक किया गया। वराह धाम बघेरा में विराजित भगवान श्री हाई महा वराह के प्रत्येक पूर्णिमा को किए जा रहें महामस्तकाभिषेक के तहत पूर्णिमा कों महा 49वां मस्तकाभिषेक कार्यक्रम के मुख्य यजमान मोहन लाल कुमावत निमिवाल निवासी शान्ति पुरा अजमेर सपत्निक थे। इस मौके पर महावीर उपाध्याय एण्ड पार्टी द्वारा विभिन भजनों की प्रस्तुतियाँ देकर भगवान महावराह का यशोगान किया गया। लम्पी से गौवंश बचाने के लिए वैदिक मन्त्रो का उच्चारण किया गया। महामस्तकाभिषक में पुजारी दिनेश पाठक, पवन पाठक, दशरथ पाठक, पकंज पाठक ने पंचामृत से भगवान महा वराह का अभिषेक किया। कार्यक्रम के मुख्य आचार्य



पंडित सुरेन्द्र पाठक, मनोज श्रोत्रिय. राम सहाय, धमेन्द्र गौतम, अतुल् शुक्ल सहित अन्य पंडितो ने संगीतमय रुद्री पाठ का वैदिक मन्त्रोचारण के साथ भगवान महावराह का पंचामृत से महामस्तकाभिषेक करवाया। जिसमें रामनरेश विजय केकड़ी द्वारा इत्र सुगन्ध से अभिषेक करवाया। अजमेर जिले के पूर्व में 100 किमी दूर स्थित ग्राम बघेरा में विराजित यह प्रतिमा अद्वितीय हैं जहाँ प्रत्येक पूर्णिमा पर भगवान महा वराह का पंचामृत द्वारा महामस्तकाभिषेक किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्त में महा आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

# प्रतिभाएं व 75 वर्ष से अधिक वृद्धजनों का किया सम्मान



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज केकड़ी द्वारा समाज के वृद्धजनों एवं प्रतिभावान को किया गया। मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज केकड़ी के अध्यक्ष गोपाल चंद सारडीवाल ने बताया कि स्वर्णकार समाज के आदि पुरोधा महाराजा अजमीढ़ की जयंती के शुभअवसर पर स्वर्णकार समाज केकड़ी द्वारा प्रथम बार "मैंढ़ रत्न" प्रारंभ किया गया। जो तेजमल पुत्र गुलाब चंद जवड़ा, मोडू लाल पुत्र लादू लाल जवड़ा के परिवार जन सत्यनारायण व विजय कुमार जवड़ा को भेंट किया गया। साथ ही समाज की विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं एवं 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 35 महिला व पुरुष के अलावा प्रतिभावान विद्यार्थीयो का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश कांदला अजमेर जिला देहात अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि चतुर्भुज रुनवाल, सत्य नारायण जवड़ा, तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश डसानिया, विजय कुमार जवड़ा, कोषाध्यक्ष हीरालाल कांदला, समाजसेवी कैलाश चंद खत्री, समाजसेवी कन्ह्यालाल कादेडा, जिला उपाध्यक्ष भगवत लांबा, महिला सचिव कैलाश देवी, महिला उपाध्यक्ष चंदा देवी रहे। पुरुषों को श्रीफल, माला, साफा,व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया वही महिलाओं को माला, श्रीफल शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण मालिंडिया, गोविंद स्वरूप जवड़ा व ऋषि राज खजवानिया ने किया।

प्रदेश के 5 जिलों में 30 हज़ार से अधिक किसान परिवार हो रहे लाभान्वित

# हिन्दुस्तान जिंक की समाधान परियोजना में उन्नत तकनीक से स्मार्ट बन रहे किसान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** जावर के सिंघटवाड़ा के किसान लालसिंह वर्षो से परंपरागत तरीके से कृषि कर रहे थे, उन्हीं की तरह उनके परिवार या गावं में किसी ने भी खेती के तरिके में कोई नवाचार नहीं किया था। हिन्दुस्तान जिंक की समाधान परियोजना की जानकारी मिलने पर लालसिंह ने अजमेर में बांदनवाड़ा में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कृषि में नवीन तकनीक की जानकारी मिलनें के बाद ड्रिप सिंचाई की उन्नत विधि को अपनाते हुए जैव-उर्वरक और जैव-कीटनाशकों के साथ फसल उगाने के जैविक तरीकों की शुरूआत की, जिससे उन्हें कम से कम पानी के साथ फसल उगाने में मदद मिली। इस कदम से उन्हें अधिक पैदावार मिली साथ ही आय भी बढ़ी।

इन्हीं की तरह चित्तौड़गढ़ जिले के कश्मोर ग्राम पंचायत के दिनेशचंद्र शर्मा मेहनत और लगन का उदाहरण है। इन्होंने समाधान परियोजन के अंतर्गत 5 दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद खेती में नवाचार कर महारत हांसिल की और मॉल होटलों और सीधे ग्राहकों को मशरूम बेचना शुरू कर दिया। जिससे उन्हें पहले की तुलना में अधिक आय होने लगी।




इन्हीं की तरह हिन्दुस्तान जिंक की समाधान परियोजना से प्रदेश के 5 जिलों में 30 हज़ार से अधिक किसान परिवार लाभान्वित हो रहे है। इनमें से 43 सौ महिला किसान विभिन्न कृषि नवाचारों को अपनाने के लिये प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, जबकि अन्य 5 हजार ने बेहतर कृषि और पशुपालन की नवीन तकनीक पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसके अलावा 10 हजार किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों पर प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण हेतु जोडा गया है। 13,838 किसानों को हाई-टेक सब्जी की खेती, लो टनल फार्मिंग ट्रेलिस फार्मिंग, मशरूम फार्मिंग, बागवानी आदि के उपयोग के लिए सहायता दी गयी है। वर्तमान में समाधान परियोजना से 224 किसान हित समूह में 38 लाख से अधिक निवेश और बचत पूंजी बनाने में मदद की है जो जमीनी स्तर पर किसानों के साथ नियमित संचार सुनिश्चित करता है। उल्लेखनीय है कि मई 2022 में कृषि संबंधी उत्पादों की बिक्री शुरू करने वाले कृषक उत्पादान संगठन द्वारा पहली बार ही राजस्व के रूप में 79 हज़ार प्राप्त किये। इसके अतिरिक्त, एक एफपीओ के तहत डेयरी प्रसंस्करण सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने में भी सहायता की है। यह नई इकाई प्रतिदिन अपने 33 किसान सदस्यों से एकत्रित 250 लीटर दूध का प्रसंस्करण करती है। यह इकाई पहली बार में 25 हजार लीटर दूध, 30 हज़ार लीटर से अधिक छाछ और 450 लीटर बिलोना घी का उत्पादन कर चुकी है।

## उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा खंड केकड़ी के द्वारा उपखंड अधिकारी केकड़ी को उपखंड पीपलू जिला टोंक में पुलिस उप अधीक्षक व थाना प्रभारी का निलंबन को बहाल करने बाबत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि विगत 5 अक्टूबर को ग्राम वासियों व बजरी माफिया के बीच विवाद हुआ था, जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया था उक्त जाम को पुलिस उप अधीक्षक रूद्र प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी आसाराम गुर्जर के साथ पुलिस टीम जाम खुलवाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान वहां मौजूद पूर्व उप जिला प्रमुख रामविलास चौधरी एवं अन्य व्यक्तियों ने पुलिस के साथ अभद्रता की व बजरी माफियाओं की शह ली। उक्त मामले को जातिगत रंग देने का प्रयास किया तथा उक्त मामले की निष्पक्ष जांच न कर दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। निलंबन को निरस्त कर निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन देने के दौरान खण्डाध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, मंत्री राजेन्द्र शर्मा, जिलायुवाध्यक्ष शेखर सिखवाल, व. उपाध्यक्ष महेंद्र पारीक, बजरंग लाल व्यास, संरक्षक रामेश्वर मिश्र, सहित नवल दाधीच, एड. नवल पारीक, एड. मोहिंदर जोशी, शंकर लाल, प्रहलाद पांडे, कैलाश चंद्र शर्मा, एड. गजेंद्र पराशर, गणेश शर्मा, महेश दाधीच, कमल दाधीच, परमेश्वर व्यास, गोपाल उपाध्याय सहित अन्य समाजबंधु उपस्थित रहे।

## पुष्कर पशु मेला होगा या नहीं, अब तक तय नहीं

**26 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक पशु मेला प्रस्तावित है**

**अजमेर @ जागरूक जनता।** तीर्थराज पुष्कर में कार्तिक माह के ख्याति प्राप्त पुष्कर पशु मेले को लेकर प्रशासन ने भले ही तैयारियां शुरू कर दी, लेकिन अभी तक मेले को लेकर स्वीकृति नहीं मिली है। ऐसे में स्थिति स्पष्ठ नहीं है कि मेला भरेगा या नहीं। अगर भरेगा तो किन शर्तो पर। पशुपालन विभाग को स्वीकृति का इंतजार है। गायों में लम्पी डिजिज, घोड़ों में गैलेंडर के कारण ऐसे हालात बने है। हालाकिं स्वीकृति मिलने की उम्मीद है लेकिन यह स्वीकृति सशर्त भी हो सकती है। ऐसे में आयोजन भी उसी के अनुरूप होगा।पिछले साल कोरोना गाइड लाइन के बीच मेले का आयोजन हुआ और साल 2020 में कोरोना के कारण मेले का आयोजन नहीं हुआ। ऐसे में दोनों ही साल कोई खास रौनक नहीं रही। इस बार विदेशी भी अच्छी संख्या में आने की उम्मीद है। साथ ही मंहगे पशु और पशुओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

## लंपी बीमारी की रोकथाम को लेकर पथमेड़ा होंगे संतों के प्रवचन

**जालोर @ जागरूक जनता।** गोवंश में फैली लंपी बीमारी की रोकथाम को लेकर गुरुवार को पथमेड़ा गोशाला में मानव सेवा विश्व गुरु दत्तात्रेय आश्रम धाम जाणीपुरा आरवा की साध्वी हेमलता दत्त सहित अन्य संतों के प्रवचन होंगे। जिसमें सैंकड़ों गौ भक्त शामिल होंगेगुरु दत्तात्रेय आश्रम धाम के टीकमाराम ने बताया कि पथमेड़ा गोशाला के संस्थापक दत्त शरणानंद महाराज के प्रेरणा से साध्वी हेमलता गुरुवार को 11 बजे पथमेड़ा गोशाला में एक दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम करेगी। इसमें साध्वी गौवंश में फैली लंपी बीमारी की रोकथाम सहित अन्य प्रकार की सावधानियों के बारे में बताएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रवचन के दौरान भगवान दत्तात्रेय का चरणामृत दिया जायेगा। जिससे गोवंश में फैली बीमारी से पीड़ित गोवंश को राहत मिलेगी।



**प्रदेश के सभी गोशालाओं का भ्रमण करेगी साध्वी :** समूचे देश में फैली लंपी बीमारी को देखते हुए मानव सेवा विश्व गुरु दत्तात्रेय आश्रम धाम जाणीपुरा आरवा की साध्वी हेमलता दत्त प्रदेश की सभी गोशालाओं में प्रवचन कार्यक्रम करेगी। साध्वी हेमलता ने बताया कि गोवंश की बीमारी को देखते हुए राजस्थान के 33 जिलों की गोशालाओं में जाऊंगी और गोवंश के सरंक्षण को लेकर जागरूक करने के साथ भगवान दत्तात्रेय के चरणामृत पहुंचाया जाएगा।

ANCHOR स्टार्टअप

# भीलवाड़ा से शुरुआत: 10 से ज्यादा देशों के बच्चों तक पहुंची पढ़ाई

**ज्ञानेन्द्र मिश्रा**
jagrukjanta.net

**भीलवाड़ा।** अगर किसी काम को दिल से चाहो और उसमें अपना शत-प्रतिशत दो तो आपको ऐसी सफलता मिलती है जिसकी ख्वाहिश शायद आपने भी कभी ना करी हो। ऐसी ही एक मिसाल व उदाहरण को प्रस्तुत किया है भीलवाड़ा के एक एजुकेशनल स्टार्टअप टिल्स एजुकेशन ने, टिल्स एजुकेशन राजस्थान के एक छोटे से जिले भीलवाड़ा से शुरू हुआ था और शुरू के 3 साल तक वह भीलवाड़ा व उसके आसपास के कुछ जिलों के बच्चों को स्पोकन इंग्लिश व व्यक्तित्व निखार की ट्रेनिंग देता रहा। कोरोना में जब कुछ लोग मुसीबतों को कोस रहे थे उसी वक्त में टिल्स की प्रतिभाशाली टीम ने एक ऐसा शानदार ऑनलाइन कोर्स बनाया जिससे केवल राजस्थान के नहीं बल्कि पूरे भारत के 50 शहरों से ज्यादा के लोग आज ऑनलाइन माध्यम से अपने घर व ऑफिस में बैठे हुए टिल्स एजुकेशन के माध्यम से अंग्रेजी सीख रहे हैं। भाषा प्रशिक्षक व टिल्स के फाउंडर डॉ. अभिलाष मोदी ने बताया की टिल्स भारत के कई सारे गांव में, अर्ध-शहरी कस्बों में व बड़े शहरों में लाइव क्लासेज के माध्यम से कई सारे स्कूल व कॉलेज के बच्चों, प्रोफेशनलस व होम लेडीज को भी अंग्रेजी सिखा रहा है। इतना ही नहीं टिल्स अपने स्पोकन इंग्लिश के कोर्स को कई सारे देश जैसे हंगरी, के केनेडा, अमेरिका, नीदरलैंड, जापान, जर्मनी, नेपाल, सऊदी अरेबिया, यूएई, पाकिस्तान, थाईलैंड व कई अन्य सारे देशों के बच्चों को स्पोकन इंग्लिश सिखा रहा है।टिल्स के टेक्निकल एक्सपर्ट व को-फाउंडर अभिषेक काकरिया ने बताया कि टेक्नोलॉजी व भाषा-ज्ञान को मिलाकर हम बेहतरीन काम कर सकते हैं और ऐसा ही कुछ टिल्स ने भी किया और इसी तरीके से वे अपनी शिक्षा-सेवाओं को ज्यादा लोगों तक दे पा रहे है। टिल्स एजुकेशन के मुख्य इंग्लिश ट्रेनर्स डॉ. अभिलाष मोदी, दिव्यांशी शुक्ला व सोनाली डांगी ने बताया की टिल्स वर्तमान में 3 तरीके के कोर्से चला रहा है, पहला ऑफलाइन कोर्स जिससे कोई भी फिजिकल क्लासेस में आकर के भीलवाड़ा, राजस्थान में पढ़ सकता हैं, दूसरा रिकार्डेड क्लास जिससे आप प्री-रिकार्डेड कोर्स के माध्यम से घर बैठे अपना इंग्लिश-नॉलेज व कम्युनिकेशन को बेहतरीन तरीके से अच्छा कर सकते हैं व तीसरा ऑनलाइन लाइव क्लासेस जिसमें ऑफलाइन क्लासेस की तरह ही टीचर हमेशा आपसे जूम एप्प से जुड़ा रहता हैं व स्टेप-बाई-स्टेप आपको इंग्लिश लर्निंग, प्रैक्टिस व परफॉर्मेंस करवाते हुए आपकी कम्युनिकेशन को बेहतर करता हैं। इन्ही तीनों माध्यमो से टिल्स एजुकेशन दिन भर में सेकड़ों बच्चों को स्पोकन इंग्लिश का कोर्स करवा रहा हैं।टिल्स के फाउंडर डॉ. अभिलाष मोदी व इंग्लिश ट्रेनर दिव्यांशी शुक्ला ने मिलकर 'जस्ट-स्पीक' किताब का छठवां संस्करण लिखा है, जिसे स्पोकन इंग्लिश की सबसे व्यवहारिक व मददगार किताब बताया जा रहा है, इसके द्वारा भी कई सारे लोग अपने इंग्लिश को बेहतर कर रहे हैं और अपने कम्युनिकेशन को अच्छा कर निजी व व्यावसायिक जिंदगी में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।



## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को दी कानूनी जानकारी

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला अधिकारिता एवं एस.एम. वेलफेयर एंड डेवलपमेंट सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में इन्दिरा महिला शक्ति केन्द्र की ओर से जिले के मानपुरा ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा व बाल विवाह जैसे मुद्दों पर चर्चा करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नेहा राव, आयूषी कुमावत, प्रतिभा राव, अंजली कुमावत, कोमल नायक, पूजा कुमावत, कोमल कुमावत को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अध्यापिका यशोदा खटीक, मधु झामड़, महिला अधिकारिता विभाग से चेताली जैन (पर्यवेक्षक), मुस्कान भटनागर, लक्ष्मी पालीवाल, वनस्टॉप सेन्टर से रूचिका त्रिपाठी, संगीता सुथार, ग्राम साथिन रेखा रेगर एवं लगभग 40 बालिकाओं ने भाग लिया।




## बजाज रेलवे बोर्ड की परामर्शदात्री समिति सदस्य मनोनीत



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** भारतीय रेलवे, रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय की संस्तुति से विषेष रूचि की श्रेणी के तहत उक्त समिति का प्रतिनिधित्व के लिए प्रहलाद बजाज को जोधपुर मण्डल पर मण्डल रेल उपयोगकर्त्ता परामर्षदात्री समिति, जोधपुर के सदस्य मनोनीत किया। इस संबंध में मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, जोधपुर की ओर से पत्र जारी किया गया है।

## जागरूक खबरें

### अदबी उड़ान के 7वें वार्षिक समारोह में होगा साहित्यकारों का सम्मान

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** अदबी उड़ान संस्था की सातवां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मान समारोह 16 अक्टूबर को आयोजित होगा। संस्था से दिये जाने वाले वार्षिक पुरस्कारों एवं सम्मानों की सोमवार घोषणा की गयी। संस्था अध्यक्ष खुर्शीद शेख 'खुर्शीद' ने बताया कि आदमी उड़ान संस्था का सातवां राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन 16 अक्टूबर को किया जा रहा है जिसमें बीकानेर की संगीता सेठी को अदबी उड़ान बहुआयामी पुरस्कार 5 हजार रु. का दिया जायेगा। अदबी उड़ान गजल साहित्यकार सम्मान डॉ. गणेश लाल गायकवाड बुलडाणा महाराष्ट्र को, गीत सम्मान प्रो.दिवाकर दिनेश, गोधरा गुजरात , काव्य सम्मान इन्दु सिन्हा इन्दु रतलाम, बाल-साहित्य पुरस्कार डॉ. हुसैनी बोहरा उदयपुर, राजस्थानी भाषा पुरस्कार वीरेन्द्र सिंह लखावत सोजत सिटी।कहानी सम्मान भारती अंशुमान तिवारी जयपुर, नवोदित महिला सम्मान डॉ. निर्मला शर्मा नीलोफर उदयपुर, महिला सम्मान डॉ. मधु खण्डेलवाल अजमेर प्रत्येक को 1 हज़ार रु. का दिया जायेगे। शेख ने आगे बताया कि अदबी उड़ान विशिष्ट साहित्यकार सम्मान में डॉ. योगेश कुमार सिंहल योगी नाथद्वारा, डॉ. राजपाल जी हनुमानगढ़ को सम्मानित किया जायेगा । यह पुरस्कार एवं सम्मान 16 अक्टूबर को आयोजित भव्य समारोह में दिये जायेंगे। पुरस्कृत सम्मानित साहित्यकारों को सम्मान में शाल, पाग, उपरणा, प्रशस्ति पत्र, श्रीफल एवं राशि भेंट की जायेगी।

### आवासीय भूखण्डों की नीलामी प्रारम्भ

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** नगरपालिका निम्बाहेड़ा द्वारा वसुंधरा विहार कॉलोनी में आवासीय भूखण्डों की नीलामी सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा,अधिशाषी अधिकारी सौरभ कुमार ज़िन्दल,जिला आयोजना समिति सदस्य व पार्षद मनोज पारख,युवक कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पार्षद रविप्रकाश सोनी,पार्षद जावेद खान,राजेश सांड,खेमराज मेघवाल,पार्षद प्रतिनिधि नितिन नागोरी की उपस्थिति पुनः प्रारम्भ हुई। अधिशासी अधिकारी सौरभ कुमार जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार कॉर्नर के 26 भूखण्डों की संख्या भी नीलामी में रखी गई है।आम जनता की माँग को देखते हुए इस बार एक और प्रावधान किया गया जिसमें बोलीदाता नीलामी दिवस को बोली छूटने से पहले तक निर्धारित अमानत राशि जमा करवा कर बोली में भाग ले सकते हैं।योजना में विभिन्न आकार के 93 भूखंडों की नीलामी की जा रही है जिनकी आरक्षित दर 265 रुपये प्रति वर्ग फ़ीट रखी गयी है।

### डीएपी खाद आपूर्ति के लिए सांसद पटेल ने मंत्री को भेजा पत्र



**जालोर @ जागरूक जनता।** सांसद देवजी एम पटेल ने केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र भेजकर संसदीय क्षेत्र जालोर-सिरोही में डीएपी खाद की आपूर्ति की मांग की।सांसद पटेल ने पत्र में बताया कि क्षेत्र में इस वर्ष अच्छी बारिश होने के कारण रबी की खेती में भारी बढ़ोतरी हुई है, इस कारण किसानों को अतिरिक्त डीएपी खाद की आवश्यकता है। वर्तमान में दोनों जिलों (जालोर व सिरोही) में डीएपी खाद की भारी किल्लत है, किसानों की सीजन बुवाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने मंत्री से क्षेत्र में किसानों की खाद की समस्या के लिए जालौर एवं सिरोही जिले हेतु इफको डीएपी खाद की रैक आपूर्ति करवाने की मांग की।

**चित्तौड़गढ़ दशहरा मेला: प्रसिद्ध आतिशबाजी रही फीकी, अव्यवस्था से नाराज हुए शहरवासी**

# रावण दहन कार्यक्रम में अश्लीलता का तड़का

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** प्रदेश के साथ-साथ जिले में विजयादशमी पर्वहर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में रावण दहन का कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि संतर रमताराम, संत दिग्विजयराम, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, नगर परिषद सभापति संदीप शर्मा रहे।

वही रावण दहन के दौरान कुंभकरण से पहले रावण का पुतला दहन हो जाना सभी दर्शकों में चर्चा का विषय रहा। रावण मेघनाद और कुभकरण के तीनों ही पुतले लगभग 2 मिनट में स्वाहा हो गए। जबकि पुतला बनाने वाले कारीगरों ने दावा किया था एक एक पुतला लगभग 6-7 मिनट तक जलेगा। लेकिन तीनों ही पुतले 2-2 मिनट से ज्यादा देर तक नहीं जल पाए। इंदिरा गांधी स्टेडियम में रावण दहन से पूर्व की गई आतिशबाजी ने सभी को निराश किया। वही रावण दहन के पूर्व और रावण दहन के पश्चात स्टेडियम के दोनों और लम्बा ट्रैफिक जाम हो गया और सभी जगह अव्यवस्था का माहौल देखने को मिला। कई लोग तो ट्रैफिक जाम की वजह से स्टेडियम में भी नहीं जा पाए और रावण दहन के पूर्व ही उन्हें फिर से घर लौटना पड़ा। 2 वर्ष बाद लगे नगर परिषद के मेले में जमकर भीड़ उमड़ी, लेकिन हर जगह अव्यवस्था का माहौल होने से शहरवासी खासा निराश हुए जगह-जगह धूल का गुबार उठता देखा गया। वही भीड़ को नियंत्रण करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया गया था। वहीं रात को मेले के पहले दिन रंगारंग कार्यक्रम में सेलिब्रिटी पावनी पांडे के लाइव शो में अव्यवस्थाएं देखी गई। कई अतिथियों के स्वागत में पार्षद पति नजर आए। अतिथि कार्यक्रम के मध्य में ही उठ कर चल दिए। रंगारंग कार्यक्रम में सेलिब्रिटी द्वारा युवाओं को एंजॉय करने के लिए बार-बार कहा जा रहा था, लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें जबरदस्ती रोका जा रहा था। रंगारंग कार्यक्रम ऐसा लग रहा था कि सिर्फ नगर परिषद के पार्षद व परिवार के लिए ही रखा गया है।



**सांस्कृतिक के नाम पर अश्लीलता का नाच**

**इंदिरा** गांधी स्टेडियम में आयोजित दशहरा मेला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अश्लीज डांस की भरमार रही। यहां आयोजक परिषद द्वारा सरकारी खजाने को लाखों रुपए खूब चपत लगाई है। परिषद के पार्षद, कर्मचारी की सैलिब्रिटीज के साथ मंच पर फोटो खिंचवा रहे हैं। सैलिब्रिटीज सिर्फ 15 से 20 मिनट में कार्यक्रम पूरा कर लाखों समेट कर रवाना होते देखे गए। सरकारी पैसे की बंदरबाट का नमूना नगर परिषद चित्तौड़गढ़ द्वारा आयोजित दशहरा मेला रहा। बीते 2 वर्षों से कोरोना के कारण दशहरा मेला आयोजित नहीं हो सका था।

# लेटा क्रॉसिंग ओवरब्रिज: डायवर्जन के लिए रोड तैयार, गर्ल्स कॉलेज की टूटेगी दीवार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जालोर।** जालोर जिला मुख्यालय पर महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट सी-48 (लेटा फाटक) आरओबी का निर्माण इन दिनों तेज गति से चल रहा है। हालांकि फिलवक्त फाउंडेशन का कार्य होने के चलते लेटा फाटक से ही वाहनों का आवागमन जारी है, लेकिन सम्भवतया दीपावली के बाद इस फाटक से आवागमन बंद किया जा सकता है इसके विकल्प के रूप में लेटा जीएसएस के पास से धवला रोड गोल निम्बड़ी तक बायपास के लिए सड़क का निर्माण पूरा किया जा चुका है। ताकि शहर में आने वाले बड़े वाहन बायपास से घूमकर आ सकेंगे।



### छोटे वाहनों के लिए नहीं रहेगी कोई समस्या

**लेटा** क्रोसिंग पर ओवरब्रिज के काम को लेकर आवागमन बंद करने पर दुपहिया व हल्के वाहनों के लिए तो रतनपुर अंडरब्रिज समेत अन्य विकल्प है, लेकिन बड़े वाहनों के लिए व्यवस्थित बायपास आवश्यकता थी, जिसकी पूर्ति कर दी गई है। लेटा जीएसएस के पास से करीब चार किलोमीटर की दूरी पर गोल निबड़ी तक सड़क बना दी गई है। यह न केवल बायपास तैयार हुआ है, बल्कि धवला व रीको क्षेत्र से आने वाले भारी वाहनों के लिए सदैव का रास्ता तैयार हो गया है। अब बड़े वाहनों को जालोर मुख्यालय भीनमाल बायपास की बजाय गोल निम्बड़ी से ही गुजारना चाहिए, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ बनी रहे।

### ओवरब्रिज के लिए महिला कॉलेज की टूटेगी दीवार

**कॉलेज** चौराहे से लेकर सर्किट हाउस के नजदीक तक यह ओवरब्रिज 1 किलोमीटर 60 मीटर लम्बाई का बनेगा। चार लाइन के यह ओवरब्रिज 52 पिलर पर तैयार होगा। ओवरब्रिज के निर्धारित क्षेत्र में आने के कारण फाटक से लेकर गर्ल्स कॉलेज तक की दीवार तोड़ी जाएगी। वर्तमान दीवार से करीब 15 फीट अंदर तक ओवरब्रिज का हिस्सा रहेगा। इस कारण कॉलेज के भीतर नई दीवार का कार्य कम्पनी ने शुरू कर दिया है।

### सी-48 आरओबी का निर्माण गति पर

**वाहनों** के डायवर्जन के लिए लेटा जीएसएस से धवला रोड गोल निम्बड़ी तक सड़क बनकर हुई तैयार। दीपावली के बाद सम्भवतया लेटा फाटक से वाहनों का आवागमन हो सकेगा बंद। ओवरब्रिज के निर्धारित क्षेत्र में आने के कारण महिला कॉलेज की दीवार भी तोड़ी जाएगी।

**फिलहाल** फाउंडेशन का कार्य चल रहा है। सम्भवतया दीपावली के आसपास फाटक से वाहनों का आवागमन रोकना पड़ सकता है। इसके लिए हमने लेटा जीएसएस से निबड़ी तक रोड तैयार कर दी है। गर्ल्स कॉलेज की दीवार टूटेगी, इसलिए भीतरी हिस्से में नई दीवार का कार्य शुरू कर दिया है।
**- मनीष जांगिड़**, प्रोजेक्ट इंजीनियर

### हिन्दुस्तान ज़िंक: कर्मचारियों को बोनस एवं एक्सग्रेसीया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान जिंक प्रबंधन द्वारा वर्ष 2021-22 हेतु कंपनी में कार्यरत स्थायी एवं संविदा कर्मचारियों के लिये बोनस एवं एक्सग्रेसीया की घोषणा की गयी है। उल्लेखनीय है कि कंपनी में लगभग 25 हजार कर्मचारी कार्यरत है। घोषणा के तहत् सभी स्थायी श्रमिकों को 1 लाख 38 हजार पांच सौ सभी अण्डरग्राउण्ड संविदा श्रमिकों को 82000 रूपये सभी सरफेस संविदा श्रमिकों को 19250 रूपये गुडविल जेस्टर के साथ 8.33 वास्तविक सैलरी पर बोनस दिया जाएगा। बोनस की घोषणा पर हिन्दुस्तान ज़िंक वर्कस फेडरेशन के अध्यक्ष यूएम शंकर दास ने हिन्दुस्तान ज़िंक प्रबंधन को श्रमिकों और फेडरेशन की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि दीवाली से पूर्व बोनस की घोषणा से त्यौहार को कर्मचारियों के परिवार और अधिक उत्साह से मना सकेगें। इस अवसर पर हिन्दुस्तान ज़िंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा, सीएफओ संदीप मोदी, एच आर विभाग से मनमीत सिंह, मोहम्मद अली, दीपक गखरेजा, अनूप कुमार, अनिल गदिया, कृष्णा राव, अक्षत यादव, सौरभ मिश्रा हिंदुस्तान जिंक वर्कर्स फेडरेशन की ओर से अध्यक्ष यूएम शंकर दास, महामंत्री कल्याण सिंह शक्तावत सहायक महामंत्री प्रकाश श्रीमाल, घनश्याम सिंह राणावत, महेंद्र सोनी ,लालू राम मीणा, कोषाध्यक्ष मांगीलाल अहीर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# श्मशान भूमि का सरपंच, अधिकारियों ने सुझबुझ से सुलझाया विवाद

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जालोर।** पिछले दिनों मेड़ाउपरला पंचायत के बारलावास गांव में श्मशान भूमि को लेकर उपजे विवाद को सरपंच व अधिकारियों ने सूझबूझ से सुलझा लिया है। दरअसल, बारलावास गांव में एक सार्वजनिक श्मशान थी, वर्षों से गांव में किसी के निधन पर उस श्मशान में अंतिम संस्कार किया जाता था। इस वर्ष एक व्यक्ति ने अपनी जमीन की तहकीकात करवाई तो उक्त श्मशान भूमि उसकी खातेदारी बताई गई। इसे देखते हुए इस बार खातेदार ने उस श्मशान भूमि में जुताई करके फसल बुवाई कर दी। इससे गांव में विवाद का माहौल पैदा हो गया। कई लोगों ने प्रशासन को श्मशान भूमि वापस दिलाने की मांग को लेकर चेतावनी भी दी। प्रशासन इस मामले को लेकर गम्भीरता बरतने लगा। इस बीच बुधवार रात को गांव में धर्मीदेवी प%ी उकाराम सरगरा का निधन हो गया। श्मशान के लिए जमीन नहीं थी, पुरानी श्मशान में फसल बुवाई हो रखी थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुए प्रशासन व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। सरपंच प्रेमसिंह व अधिकारियों ने गांव में सरकारी सिवायचक पांच बीघा भूमि सार्वजनिक श्मशान के लिए आवंटित कर दी और खातेदार ने भी अपनी खातेदारी जमीन से नई श्मशान भूमि के लिए रास्ता सरेंडर कर दिया। नई श्मशान में धर्मीदेवी का अंतिम संस्कार किया गया। इस प्रकार से बारलावास गांव विवाद को सुलझा दिया गया। गांव में शांति का माहौल है।

नई श्मशान के लिए 5 बीघा सिवायचक भूमि आवंटित की है। खातेदार ने रास्ता भी दिया है। विवाद सुलझ गया है। गांव में भाईचारा कायम है।

# बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड ऊर्जा सरक्षण पुरस्कार से सम्मानित



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपनी उपलब्धियो में एक ओर अध्याय जोड़ते हुए वर्ष 2022 का ऊर्जा सरक्षण पुरस्कार अपने नाम किया। यह पुरस्कार कन्फेडरशन ऑफ इण्डियन इंडस्ट्री नई दिल्ली द्वारा प्रदान किया गया। नई दिल्ली मे आयोजित 23वें वार्षिक ऊर्जा प्रबंधन सम्मेलन के मौके पर कंपनी के डिप्टी जनरल मैनेजर, प्रोडक्शन घनश्याम पलोड एवं प्रोडक्शन के डिप्टी मैनेजर अविषेक त्रिपाठी को यह अवार्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड कंपनी द्वारा ऊर्जा सरक्षण, वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम कार्यान्वन, अक्षय ऊर्जा प्रबंधन तथा जलवायु परिवर्तन नियंत्रण पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के क्षेत्र मे प्रदान किया गया। बहू निर्णायक सदस्यों की समिति द्वारा ऊर्जा सरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्रो मे उत्कृष्ट कार्यो के लिए बिरला कारपोरेशन लिमिटेड को अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए विजेता घोषित किया। इस अवार्ड मे अन्य कम्पनियो ने भी भाग लिया। ईकाई प्रमुख देवेश कुमार मिश्रा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार कंपनी द्वारा किए गए ऊर्जा सरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के माध्यम से इस पृथ्वी पर जीवन को लम्बे समय तथा उच्च परिवेश में रहने के लिए अनुकूल बनाएगा। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ने हमारी कम्पनी की छवी, राष्टीय स्तर पर पहचान, व्यवसायिक लाभों में सुधार, ग्रीन हॉउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती तथा ऊर्जा सरक्षण के माध्यम से सहभागीदारो और सामुदायिक समृद्धि को बढ़ावा दिया है।

**ANCHOR** | **अरमान**

# मूंग, ग्वार, तिल की फसल पर फिरा 'पानी'

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जालोर।** नारणावास पंचायत क्षेत्र में इस बार बोई गई मूंग, ग्वार व तिल आदि खरीफ की फसलें बारिश से खराब हो गई हैं। जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया हैं। महंगे फसलों के बीज, बढ़ती डीजल की कीमत आदि के कारण खेती में किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है जिससे किसान बहुत दुःखी हैं। मूंग, ग्वार व तिल की फसलें खराब होने को लेकर किसानों ने 2 अक्टूबर को आयोजित नारणावास पंचायत की बैठक में नारणावास सरपंच जशोदा कंवर सहित नारणावास, नया नारणावास व धवला के सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में जिला कलक्टर निशांत जैन को ज्ञापन देकर फसलें खराब होने की जानकारी दी थी जिस पर जिला कलक्टर ने जालोर तहसीलदार पारसमल राठौड़ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए थे।

नारणावास पंचायत क्षेत्र के नारणावास, नया नारणावास, धवला आदि गांवो में इस बार जमाना अच्छा नहीं होने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। किसान फकला राम, जोरावर सिंह, जोग सिंह, नैना राम, दलपत सिंह, पीपा राम, चतरा राम सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि इस बार वर्षा अच्छी होने से किसानों ने बड़ी उमीदों के साथ मूंग, ग्वार ,तिल , बाजरे आदि की खरीफ की फसले बोई थी । लेकिन इस बार मूंग ,ग्वार व तिल की फसले पूरी तरह से खराब हो गई हैं। मूंग की फसल में फलियां बहुत ही कम मात्रा में लगी हैं साथ ही लगी हैं वो भी रोग ग्रस्त हो गई जिससे उत्पादन शून्य हो गया। ऐसी हालत तिल व ग्वार की भी हो गई हैं। ऐसे में अब किसानों को लागत मूल्य भी नही मिल पाया हैं जिससे किसान दुःखी हैं। किसानों ने बताया कि उन्होंने सहकारी बैंक , स्टेट बैंक ऑफ इंडिया , ग्रामीण बैंक आदि से केसीसी बनाकर कर्जा लिया था लेकिन फसल खराब होने से अब कर्ज कैसे चुकाएंगे इसकी चिंता किसानों को होने लगी हैं। किसानों ने बताया कि गत वर्षो में भी फसलें खराब होने से कर्ज में डूब गए थे जिसके कारण बैंकों के नोटिस आ रहे है। ऐसे में किसानों की हालत खराब हो रही हैं।

### बाजरे पर किसानों की उम्मीदें

नारणावास क्षेत्र के किसानों ने बताया कि एक मात्र बाजरे की फसल थोड़ी बहुत हुई हैं । जो किसानों का सहारा बनी है। बाजरे के अलावा सभी फसले खराब हो चुकी हैं।

### अरंडी दे सकती हैं सहारा

मंगू, ग्वार व तिल की फसल खराब होने के बाद अब किसान नई उम्मीदों के सहारे अरंडी की फसल पर जोर दे रहे है। किसानों ने बताया कि अरंडी की फसल बोई हैं वो सही सलामत रही तो आने वाले समय मे किसानों को कुछ राहत दे सकती हैं।

**वर्ल्ड मेंटल हैल्थ डे**

### हिंदुस्तान जिंक ने शुरू किया गिव योरसेल्फ ए चांस अभियान

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** वेदांता समूह की जिंक-सीसा-चांदी उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक ने न केवल कार्य पर बल्कि जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी अपनी सफलता सुनिश्चित करने के लिए मानसिक कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया है। कंपनी के इस तरह के प्रयासों के लिए मानसिक स्वास्थ्य को अनुकूल रखने को महत्वपूर्ण मानते हुए इस हेतु पहल कर गिव योरसेल्फ ए चांस अभियान की शुरूआत की है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2022 पर शुरू किया गया हिंदुस्तान जिंक का अभियान एक प्रासंगिक संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है कि चाहे कोई भी स्थिति हो, मदद हमेशा उपलब्ध होती है। कंपनी का अभियान विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम मेकिंग मेंटल हेल्थ एंड वेल-बीइंग ए ग्लोबल प्रायोरिटी के अनुरूप है। विश्व में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

### नारायण सेवा संस्थान में सांस्कृतिक संध्या



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** विजया दशमी पर्व पर नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में सेक्टर - 4 स्थित मानव मंदिर प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक संध्या में लोगों ने भरपूर आनंद लिया। संस्थापक पद्मश्री कैलाश 'मानव' सह संस्थापिका कमला देवी के सानिध्य में सम्पन्न भक्तिपरक सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण 'श्री राम- रावण संवाद' था। इसके अतिरिक्त दिल्ली के कलाकारों ने शिव तांडव, श्री राम- शक्ति पूजा, रासलीला महिषासुर -मर्दन, शिव बारात, राम -रावण युद्ध, नृत्य-नाटिकाओं का भावपरक प्रस्तुतियां दी। संस्थान की संगीत टीम ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी। समारोह में हिरण मगरी क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में आये। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल व निदेशक वंदना अग्रवाल ने श्री राम राम दरबार की आरती की। संयोजन महिम जैन ने किया ।

### ममता विद्यालय में कन्या पुजन कर गरबा नृत्य किया गया



**जालौर @ जागरूक जनता।** आहोर के चादराई निकटवर्ती मुलेवा ग्राम की ममता विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार नवरात्र के नवें दिन कन्या पुजन कर गरबा नृत्य किया गया। विधालय व्यवस्थापक रमेश कुमार ने बताया कि नवरात्र के नवें दिन विधालय परिसर में कन्याओं का पुजन किया गया वहीं छात्र छात्राओं द्वारा शानदार वेशभूषा धारण कर गरबा नृत्य प्रदर्शन किया गया व प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर शानदार प्रदर्शन करने पर पारितोषिक के रूप में ईनाम दिया गया व सभी छात्र छात्राओं को मिठाई वितरण कर नवरात्र की शुभकामनाएं दी गई वहीं प्रधानाध्यापक मांगीलाल मीणा ने विधार्थियों को नवरात्र व रावण दहन के इतिहास में किस कारण मनाया जाता पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाध्यापक मांगीलाल मीणा, अध्यापक आदित्य सोनी, भंवरलाल चौधरी, शेलु चौधरी व कर्मचारी ओटाराम सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सौर ऊर्जा पंप संयत्र के लिए आवेदन 19 तक

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र के तहत ई-मित्र पर पूर्व में आवेदित पत्रावलियों का राजकिसान साथी पोर्टल पर ऑनलाईन के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया है। उद्यान विभाग के सहायक निदेषक डॉ. शंकर सिंह राठौड़ ने बताया कि सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र स्थापित कराने के लिए ऐसे कृषक जिन्होंने पूर्व में ई-मित्र पोर्टल पर आवेदन किया था लेकिन निर्धारित अवधि 30 जून 2022 राजकिसान साथी पोर्टल पर पुनः आवेदन नही कर सकें थे, ऐसे कृषकों को 19 अक्टूबर राजकिसान साथी पोर्टल पर पुराने आवेदन के टोकन नम्बर अंकित करते हुए आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है अतः जिन कृषकों ने ई-मित्र पोर्टल पर पत्रावलियों को राजकिसान साथी पोर्टल पर आवेदन नही किया है, वह कृषक पुनः 19 अक्टूम्बर 2022 तक राजकिसान साथी पोर्टल पर आवेदन कर सकते है।

### उत्साह से मनाया विजयादशमी पर्व



**जालोर @ जागरूक जनता।** जिला मुख्यालय पर दशहरा का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक दशहरे पर रावण दहन किया गया। शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में रावण दहन का भव्य आयोजन हुआ। जिला कलक्टर निशांत जैन के मुख्य आतिथ्य में रिमोट से रावण दहन हुआ। साथ ही मेघनाद व कुम्भकरण के पुतले का भी दहन किया गया। इससे पहले करीब एक घंटे तक आतिशबाजी हुई। आतिशबाजी के चलते आसमान रंग बिरंगी रौशनी से सराबोर हो गया।इस दौरान जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, सभापति गोविंद टांक, उप सभापति अम्बालाल व्यास, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, पार्षद मिश्रीमल गहलोत, लक्ष्मण सांखला, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित, सदस्य रमेश मेघवाल समेत कई लोग उपस्थित थे। रावण दहन कार्यक्रम में मानो जालोर शहर उमड़ आया। स्टेडियम मैदान में कहीं भी पैर रखने की जगह नहीं थी। रावण दहन के बाद निकली भीड़ से एक बार तो कुछ देर के लिए आहोर रोड मानो जाम हो गया व करीब 20 मिनट तक लोगों से निकलने में परेशानी हुई।

### ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



**जालोर @ जागरूक जनता।** हजरत मोहम्मद के पैदाइश का दिन 12 रबी उल अव्वल पर जालौर मुस्लिम समाज की ओर से जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस कमेटी के अध्यक्ष इरफान खान नायक ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जुलूस शानदार तरीके से निकाला गया। अमन, शांति व भाईचारे का पैगाम देता इस जुलूस को व्यापार मंडल के अध्यक्ष शंकर सिंह बेगेडिया, संजय जैन, कमल अग्रवाल, लाल जी प्रजापत सहित कई व्यापारियों ने जुलूस पर फूल बरसा कर मुस्लिम समुदाय का स्वागत कर कौमी एकता की मिसाल पेश की। जुलूस कमेटी के अध्यक्ष इरफान का नायक ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी पर सवेरे 10:30 बजे जुलूस दरगाह गेबनशाह गाजी से रवाना हुआ सदर बाजार, गांधी चौक, सूरजपोल, हॉस्पिटल चौराहा, हरिदेव जोशी सर्कल, बागोडा रोड होते हुए पंचायत समिति, बड़ी पोल के अंदर, सुभाष मार्केट होता हुआ जामा मस्जिद के वशि मैदान में संपन्न हुआ।

### विश्राम भवन का लोकार्पण

**जालोर @ जागरूक जनताद्ध** शहर के राजकीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के लिए विश्राम भवन का लोकार्पण सोमवार को हुआ। अर्थ लाइफ फाउंडेशन की प्रेरणा से भामाशाह महेन्द्र चौधरी पुत्र नरपतराज चौधरी (भंसाली) परिवार, जालोर हाल बैंगलोर की ओर से स्व. उगीयाबाई नरपतराज चौधरी (भंसाली) की स्मृति में विश्राम भवन का निर्माण किया गया। विश्राम भवन का उद्घाटन अस्पताल के दो चर्तुथ श्रेणी के कार्मिक जयंती बाई एवं रेखा बाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि पीएमओ डॉ. पूनम टांक, डॉ. रमाशंकर भारती, डी.सी. डॉ. नैनमल परमार, डॉ. रितिका श्रीवास्तव, डॉ. वर्षा बालोत, नर्सिंग अधीक्षक किशोर कुमार व भामाशाह परिवार से हुकमीचन्द सिघंवी, डॉ. नितिन मोदी, भानूमति सिघंवी, राजेन्द्र कुमार जैन, पुष्कर सोलंकी व अर्थ लाइफ फाउंडेशन के प्रशांत बोहरा, संजय सुथार, मोहित बोहरा के आतिथ्य में सम्पन हुआ। अतिथियों ने अस्पताल हेतु 10 बेड से सुसज्जित विश्राम भवन की महत्ति आवश्यकता बताते हुए भामाशाह परिवार का अभिनन्दन किया।

# तीन उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को न्यायमूर्ति पंकज मिथल को राजस्थान उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति पी. बी वरले को कर्नाटक उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति अली मोहम्मद माग्रे को जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्ति करने घोषणा की। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि विभाग की ओर से मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित अधिसूचनाएं आज जारी की गईं। अधिसूचनाओं के मुताबिक, राष्ट्रपति ने जम्मू एवं कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल को राजस्थान उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के तौर पर स्थानांतरित करने की मंजूरी दी है। इसी प्रकार,जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अली मोहम्मद माग्रे को पदोन्नत करके यहीं का मुख्य न्यायाधीश बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।बम्बई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. बी. वरले को पदोन्नत करके कर्नाटक हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की मंजूरी दी गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की कॉलेजियम ने सितंबर के आखिरी सप्ताह में तीनों उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित सिफारिश की थी।




## गाय संबंधी अर्जी पर सुनवाई नहीं

**नई दिल्ली@ जागरूक जनता।** गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस संजय किशन कौल के मामले पर सख्त रुख को देखते हुए याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली।




## स्टालिन का फिर हिंदी विरोध

**चेन्नई @ जागरूक जनता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व वाली आधिकारिक भाषाओं पर संसदीय समिति की 11वीं रिपोर्ट के कुछ प्रावधानों पर द्रविड़ दलों ने विरोध जताया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बार फिर हिंदी का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक और भाषाई युद्ध थोपने की कोशिश कर रही है।








संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### टर्की में आयुषी ने जीता बेस्ट प्लेटफॉर्म प्रेजेंटेशन अवार्ड

**12 साल में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाली डॉक्टर आयुषी पहली भारतीय**

**सीकर @ जागरूक जनता।** टर्की के इंटरनेशनल न्यूरोलॉजी सम्मेलन में सीकर निवासी डॉक्टर आयुषी अग्रवाल ने बेस्ट प्लेटफॉर्म प्रेजेंटेशन अवार्ड जीता है। डॉ. आयुषी 12 वर्ष में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय हैं। 17 वें इंटरनेशनल चाइल्ड न्यूरोलॉजी सम्मेलन में एम्स दिल्ली सहित पूरी दूनिया से 70 डॉक्टर शामिल हुए। आयुषी ने दो से 12 वर्ष की आयु के बच्चों में मिर्गी के दौरे पड़ने की समस्या को लेकर प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बच्चों को इस बीमारी से बचाने के लिए 238 बच्चों पर रिसर्च भी किया। उन्होंने स्कूली पढ़ाई के विद्याभारती तोदी नगर स्कूल व सेंट मेरी स्कूल से हुई है। इसके बाद सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर से एमबीबीएस किया। वर्ष 2018 में एमबीबीएस होने के बाद चाइल्ड स्पेशलिस्ट के रूप में मुंबई दादर के हिंदुजा हॉस्पिटल से पोस्ट ग्रेजुएशन किया। अब 1 नवंबर से वापस दो साल का केंसर स्पेशलिस्ट कोर्स करने के लिए आयुषी मुंबई जा रही हैं। कोर्स करने के बाद 28 वर्षीय डॉ. आयुषी का सपना बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन के लिए यूके जाने का है। डॉक्टर आयुषी के माता-पिता सीकर में पिपराली रोड़ गणपति प्लाजा के पास रहते हैं। आयुषी के पिता कैलाश चंद्र अग्रवाल महात्मा गांधी स्कूल में प्रिंसीपल और बड़ा भाई अंकित अग्रवाल जयपुर कर भवन में टेक्स ऑफिसर के पद पर कार्यरत है।

### पालिकाध्यक्ष शारदा ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के निर्देश पर नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा ने मंगलवार को सहायक अभियंता प्रवीण बंसल, कनिष्ठ अभियंता खेमराज गुर्जर व स्वास्थ्य निरीक्षक गोपाल सेन के साथ स्थानीय जिला चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण किया एवं चिकित्सालय पी.एम.ओ.डॉक्टर कमलेश बाबेल को सहकारिता मंत्री आंजना की इच्छानुरूप व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने व आमजन को बेहतर से बेहतर सुलभ चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करवाने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। पालिकाध्यक्ष ने चिकित्सालय के सामने स्थित महात्मा गांधी उद्यान को विकसित करने का निर्देश दिया ताकि भर्ती मरीज़ों के परिजनों के लिए व आमजन के लिए विश्राम स्थल के रूप में भी उपयोगी रहे। चिकित्सालय के मुख्य गेट पर बनी वाहन पार्किंग को सुव्यवस्थित करने व स्वास्थ्य सेवा चिरंजीवी योजना एवं सरकार की स्वास्थ्य सेवाओ सम्बंधित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर चिकित्सालय में चस्पा करने के सुझाव भी दिये गये। साथ ही पालिकाध्यक्ष शारदा ने सहकारिता मंत्री आंजना की मंशारूप परिसर में इंदिरा रसोई योजना भवन निर्माण कार्य में तेज़ी लाने के लिए पालिका तकनीकी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा ने बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण कर वहाँ चल रहे सौंदर्यकरण व विकास कार्यों की जानकारी ली।

आईआईटी-एनआईटी जोसा काउंसलिंग-2022

# आईआईटी की सीट छोड़ने का अंतिम मौका 15 अक्टूबर तक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** देश की आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलआईटी व जीएफटीआई के 112 कॉलेजों की ज्वाइंट सीट काउंसलिंग जारी है। इस काउंसलिंग के चौथे राउंड के सीट आवंटन में आईआईटी की ओपन से क्लोजिंग रैंक जेंडर न्यूट्रल पूल से 15,538, फीमेल पूल से 23,940 रही। वहीं एनआईटी की क्लोजिंग रैंक जेंडर न्यूट्रल पूल से 8,47,546 व फीमेल पूल से 7,76,488 रैंक रही। इसी प्रकार ट्रिपलआईटी की क्लोजिंग रैंक जेंडर न्यूट्रल पूल से 45,711 व फीमेल पूल से 56,747 रही। जीएफटीआई की जेंडर न्यूट्रल पूल से 75,611, फीमेल पूल से 75,214 रैंक रही। पांचवे राउण्ड का सीट आवंटन बुधवार शाम 5 बजे जारी किया जाएगा। पांचवे राउंड में जिन स्टूडेंट्स को कॉलेज सीट का आवंटन होगा होगा। उन्हें 14 अक्टूबर शाम 5 बजे तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी। पांचवे राउण्ड सीट आवंटन से वे विद्यार्थी जो अपने आवंटित आईआईटी से संतुष्ट नहीं है एवं सीट छोड़कर फीस विड्राअल करवाना चाहते हैं। वे पांचवे राउंड की रिपोर्टिंग के लिए दिए गए समय 15 अक्टूबर शाम 5 बजे तक जोसा वेबसाइट पर दिए गए विड्राअल विकल्प द्वारा कारण बताकर अपनी आवंटित आईआईटी की सीट छोड़ सकते हैं। आईआईटी सीट विड्राअल के लिए यह अंतिम अवसर होगा। जोसा द्वारा 6 हजार रुपए प्रोसेसिंग काउंसलिंग फीस काटकर शेष राशि लौटा दी जाएगी।

### जैक काउंसलिंग में रजिस्ट्रेशन का अंतिम मौका

**एक्सपर्ट** अमित आहूजा के अनुसार देश के शीर्ष संस्थानों में शामिल दिल्ली टेक्नीकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू), नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (एनएसयूटी) में ट्रिपलआईटी दिल्ली,आईजीटीयूडब्ल्यू एवं डीकेइयू की 6372 सीटों के लिए करवाई जा रही जैक काउन्सलिंग के तीसरे राउंड में स्टूडेंट्स को अपनी पूर्व में भरी हुई कॉलेज चॉइसेस को बदलने एवं उन स्टूडेंट्स को जो किसी भी कारण से पूर्व में रजिस्टर्ड नहीं कर पाए थे, उन सभी के लिए इस राउंड में पुनः रजिस्ट्रेशन कर काउंसलिंग में भाग लेने का बुधवार तक अंतिम मौका है। रजिस्ट्रेशन एवं चॉइसेस फिलिंग के अंतिम तिथि 12 अक्टूबर शाम 5 बजे तक है। तीसरे राउंड का सीट आवंटन 14 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। जिन स्टूडेंट्स को इस राउंड में पहली बार में सीट मिलेगी। उन्हें सीट एक्सेप्टेन्स फीस जमाकर अपनी कैटेगरी अनुसार दिए गए शेडयूल पर 17 से 20 अक्टूबर के बीच आवंटित कॉलेज में फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। अपने दस्तावेज सत्यापन करवाकर अपनी मिली सीट कन्फर्म करनी होगी, फिजिकल रिपोर्टिंग ना करने पर मिली सीट कैन्सिल कर दी जाएगी।

जलदाय मंत्री ने किया पहले पिंक डिवीजन कार्यालय का उद्घाटन

# दिवाली से पहले जारी होगी इमारतों के लिए जल कनेक्शन की नीति

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** जलदाय मंत्री महेश जोशी ने जलदाय विभाग के मालवीय नगर स्थित पिंक डिवीजन कार्यालय का उद्घाटन किया। अब इस डिवीजन की कमान पंप चालक से लेकर अधिशासी अभियंता तक महिला इंजीनियरों के हाथ में रहेगी। इस मौके पर जोशी ने कहा कि जल्द दिवाली से पहले जयपुर शहर में बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लाखों लोग बीसलपुर सिस्टम से जल कनेक्शन ले सकें इसके लिए कनेक्शन की दरों को लेकर तैयार की गई नई नीति जारी कर दी जाएगी। जोशी ने कहा कि प्रदेश में बहुमंजिला इमारतों एवं निजी टाउनशिप को पेयजल कनेक्शन के संबंध में बनाई जा रही नीति दीपावली से पहले जारी कर दी जाएगी। पेयजल उपभोक्ताओं के पुराने पानी के बिल के भुगतान पर ब्याज एवं शास्ति माफ की गई है। उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 15 हजार लीटर तक पानी फ्री दिया जा रहा है।

### संबंधित पर कार्रवाई होगी

अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरसी मीणा द्वारा पदोन्नतियों में भ्रष्टाचार करने के मामले में जोशी ने कहा कि जांच होगी और पदोन्नतियों में भ्रष्टाचार सामने आता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### अगली मुख्य सचिव भी महिला ही होंगी

जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जो कार्य किया है वह किसी मुख्यमंत्री ने नहीं किया। पहले कुशाल सिंह और अब उषा शर्मा को गहलोत ने ही मुख्य सचिव बनाया। अब अगली मुख्य सचिव भी महिला ही होंगी।

### लोगों ने रखा धैर्य

इधर बीसलपुर सिस्टम से दो दिन का शटडाउन लिया गया। लोग पानी के लिए परेशान हुए लेकिन धैर्य रखा।

### कछुआ चाल परियोजनाओं का बखान

कार्यक्रम में एसीई जयपुर आरसी मीणा ने जयपुर शहर में कछुआ चाल से चली ट्रांसफर मैन और पृथ्वीराज नगर परियोजनाओं का बखान करना शरू किया तो वहां मौजूद इंजीनियरों में खुसर-फुसर शुरू हो गई। क्योंकि ट्रांसफर मैन परियोजना कार्यादेश दो वर्ष बाद दिया गया है। वहीं पृथ्वीराज नगर प्रोजेक्ट के अभी एक वर्ष तक पूरा होने की संभावना नहीं है।

घरेलु रसोई गैस सिलेंडर की बिक्री पर राशनिंग

# एक परिवार को साल में 15 मिलेंगे सिलेंडर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अवैध रिफलिंग की घटनाओं को रोकने और कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर की बिक्री को बढ़ाने के लिए तेल-गैस कंपनियों ने बड़ा फैसला किया है। कंपनियों ने अब घरेलु उपयोग के सिलेण्डर की राशनिंग करते हुए इसकी बिक्री को कंट्रोल किया है। कंपनियों ने हर परिवार को साल में केवल 15 घरेलु गैस सिलेण्डर ही देने का निर्णय किया हैं। अगर इससे ज्यादा सिलेण्डर किसी परिवार को जरूरत है तो उसे पहले अपनी एजेंसी को लिखित में देना होगा, ताकि एजेंसी वितरण कंपनी को बता सके। आईओसीएल अधिकारियों की माने तो वर्तमान में सब्सिडी बंद होने के बाद से घरेलु गैस सिलेण्डर की रिफलिंग अनलिमिटेड कर दी थी यानी कोई भी परिवार कितने भी सिलेण्डर ले सकता था। इस छूट के बाद से कॉमर्शियल सेक्टर में इन घरेलु रसोई गैस का उपयोग बढ़ने लगा था। लोग अवैध तरीके से कॉमर्शियल सिलेण्डर व गाड़ियों में अवैध रिफलिंग का कारोबार करने लगे थे। जोधपुर कांड के अलावा कॉमर्शियल गैस की बिक्री में होती गिरावट भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। अवैध रिफलिंग के कारण गैस एजेंसियों की कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर की बिक्री में कमी आई है। इसे भी देखते हुए कंपनियों ने यह निर्णय किया है। क्योंकि कंपनियों को कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर की बिक्री से ज्यादा मुनाफा होता है।

### 1406 रुपए की होती है 4 सिलेण्डर की खरीद पर बचत

जयपुर में अभी 19 किग्रा का कॉमर्शियल सिलेण्डर 1878 रुपए में बाजार में मिलता है यानी एक किलोग्राम गैस करीब 99 रुपए में पड़ती है। वहीं घरेलु उपयोग का 14.2 किग्रा का सिलेण्डर 1057 रुपए में मिलता है यानी एक किग्रा गैस करीब 75 रुपए में पड़ती है। इस तरह कॉमर्शियल और घरेलु गैस में 24 रुपए किलोग्राम का अंतर आता है। इस अंतर के चलते कालाबाजारी करने वाले लोग 4 घरेलु गैस सिलेण्डर से 3 कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर अवैध तरीके से रिफिल करके बाजार में बेचते है, जिससे उन्हें 1406 तक का फायदा होता है।

### जोधपुर में हुई बड़ी घटना से सबक

जानकारों की माने तो पिछले दिनों जोधपुर में एक घर में अवैध रिफलिंग के दौरान हुए हादसे से सबक लिया है। पिछले सप्ताह जोधपुर के कीर्ति नगर इलाके घरेलु रसोई गैस सिलेण्डर से अवैध रिफलिंग के दौरान हादसा हो गया था, जिसमें 10 सिलेंडरों में रिसाव के बाद फट गए थे। इस घटना में 3 बच्चों समेत 4 जनों की मौत हो गई थी।

### 1.75 करोड़ उपभोक्ता है

राजस्थान में वर्तमान में तीनों तेल-गैस कंपनियों के करीब 1 करोड़ 75 लाख उपभोक्ता है। इसमें सबसे ज्यादा उपभोक्ता करीब 74.15 लाख IOCL के है। इन तीनों ही गैस कंपनियों के यहां से हर साल औसतन 9.8 करोड़ घरेलु गैस रिफिल होते है, जबकि कॉमर्शियल सिलेण्डर की संख्या सालाना करीब 45 लाख रहती है।

उद्धव को मिली मशाल, शिंदे को बालासाहेबची शिवसेना नाम

# शिंदे की पार्टी को मिला ढाल और तलवार चुनाव चिह्न, उद्धव को मशाल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े 'बालासाहेबंची शिवसेना' को चुनाव आयोग ने चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया है। शिंदे की पार्टी को ढाल और तलवार का चुनाव चिह्न मिला है। इससे पहले उन्होंने अपने पंसद के तीन चुनाव चिह्नों की सूची मंगलवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) को सौंपी थी। आयोग ने चुनाव चिह्न के लिए पार्टी द्वारा शुरुआत में सौंपी गई सूची को खारिज कर दिया था। चुनाव आयोग ने कहा कि शिवसेना के एकनाथ शिंदे खेमा को 'दो तलवार और एक ढाल' चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने शनिवार को शिवसेना के दोनों खेमों- उद्धव ठाकरे के नेतृव वाले धड़े और शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े- को तीन नवंबर को अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने से प्रतिबंधित कर दिया था। आयोग ने सोमवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े को 'मशाल' चुनाव चिह्न आवंटित किया था। शिंदे ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत करते हुए दावा किया था कि उनके पास शिवसेना के 55 में 40 विधायकों और 18 लोकसभा सदस्यों में से 12 का समर्थन प्राप्त है।

गुजरात विधानसभा चुनाव

# एक मौका केजरीवाल को दें, फिर देखें गुड गवर्नेंस- राघव चड्ढा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**राजकोट।** राज्यसभा सांसद और 'आप' गुजरात के सह-प्रभारी राघव चड्ढा मंगलवार सुबह राजकोट एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां पार्टी के नेशनल जॉइंट सेक्रेटरी इंद्रनील राजगुरु और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उसके बाद राघव चड्ढा ने राजकोट में प्रेसवार्ता की। वहां से पदयात्रा में हिस्सा लेने के लिए राघव अमरेली पहुंचे।

राघव चड्ढा ने कहा कि आप पार्टी ने पहले भी गुजरात की जनता की समस्याओं की आवाज बनने के लिए 'परिवर्तन यात्रा' और 'तिरंगा यात्रा' जैसी यात्राएं की है। हर बार पार्टी और अरविंद केजरीवाल को जनता का ढेर सारा प्यार और समर्थन मिला है। अब यह तय है की आने वाला चुनाव गुजरात में ऐतिहासिक बदलाव का कारण बनेगा।

चड्ढा ने पदयात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि, गुजरात की जनता अब परिवर्तन चाहती है। एक तरफ दिल्ली में हमारे 7 साल के काम, पंजाब में 7 महीने के काम और दूसरी तरह गुजरात में 27 साल से चल रही भाजपा सरकार जिसने जनहित के लिए कभी कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि ऐसे हालातों में गुजरात की जनता भी चाहती है कि एक मौका अरविन्द केजरीवाज को दिया जाए। ताकि मॉडल ऑफ़ गवर्नन्स केजरीवाल ने दिल्ली को दिया है वैसा अब गुजरात को भी मिले।




ANCHOR | प्रदेश में नई बिजली कंपनी गठन की तैयारी

# ठण्डे बस्ते में 'एग्रीकॉम', अब बनेगी नई बिजली कंपनी 'आईटीकॉम'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य में अब एक ओर नई बिजली कंपनी बनेगी, जिसका नाम 'आईटीकॉम' होगा। इसमें मौजूदा तीन बिजली कंपनियों (जयपुर, अजमेर व जोधपुर विद्युत वितरण कंपनी) की आइटी विंग को शामिल किया जाएगा।स्मार्ट मीटरिंग, इआरपी व बिलिंग सॉफ्टवेयर से लेकर सूचना प्रोद्योगिकी से जुड़े सभी काम नई कंपनी के जिम्मे होंगे। राजस्थान डिस्कॉम ने इसका ड्राफ्ट तैयार कर ऊर्जा विभाग को भेज दिया है। यह प्रस्ताव वित्तीय मंजूरी के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा। यहां से मंजूरी के बाद प्रदेश में आठवीं बिजली कम्पनी का गठन होगा। हालांकि, बजट में घोषित कृषि बिजली कंपनी 'एग्रीकॉम' का प्रस्ताव अब तक ठंडे बस्ते में है।



### कृषि विद्युत वितरण कंपनी का पता नहीं

**मुख्यमंत्री** ने बजट में कृषि विद्युत वितरण कंपनी की घोषणा की। इसके बाद 'एग्रीकॉम' नाम से प्रस्ताव भी तैयार किया गया, लेकिन इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इस कंपनी के जरिए सरकार का फोकस 15 लाख किसानों को सौर ऊर्जा के जरिए दिन में ही बिजली उपलब्ध कराना और सालाना 16500 करोड़ रुपए के सब्सिडी बोझ 50 से 70 फीसदी तक कम करना था।

### यूं जताई जरूरत

- ईआरपी सिस्टम लागू करना, जिसमें तीनों कंपनियों के कार्मिक शाखा का डेटा, वित्तीय स्थिति, संसाधन स्टॉक का लेखा-जोखा एक क्लिक पर पता चल सके।
- राजस्व प्रबंध सिस्टम एकरूप पैटर्न पर लागू किया जा सके।
- केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश के सभी बिजली उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसका करोड़ों रुपए का बजट है। तीनों ही कंपनियों का काम एक जगह से हो। ग्रिड सब स्टेशन, ट्रांसफार्मर से लेकर विद्युत पोल के लिए जीआइएस मैपिंग की जाएगी।
- ग्रिड को स्मार्ट मीटर बनाने पर काम होना है।

### अभी हैं ये 7 कंपनियां

- जयपुर विद्युत वितरण निगम
- अजमेर विद्युत वितरण निगम
- जोधपुर विद्युत वितरण निगम
- राजस्थान ऊर्जा विकास निगम
- राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम
- राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम
- राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम

### स्वतंत्र निदेशक को जिम्मेदारी!

बतौर नोडल एजेंसी जयपुर डिस्कॉम की आईटी विंग ने नई बिजली कम्पनी का मसौदा तैयार किया है। कम्पनी में एक स्वतंत्र निदेशक को आईटी नवाचारों की जिम्मेदारी दी जा सकती है। संभवतया आईटी से जुड़े प्रोफेशनर्स की भर्ती भी होगी।

**तीनों** डिस्कॉम का आइटी सिस्टम यूनिफार्म और स्मार्ट हो, इसीलिए नई कंपनी का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। यह सर्विस कंपनी होगी। अभी उच्च स्तर पर भेजा है। कृषि विद्युत वितरण कंपनी गठन में तकनीकी दिक्कत है, जिस पर बातचीत चल रही है।

**-भास्कर ए. सावंत,** प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा विभाग

## जागरूक खबरें

### ■ हिन्दुस्तान जिंक द्वारा जागरूकता सत्र आयोजित

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** वेदांता समूह और देश की एकमात्र एकीकृत ज़िंक, लेड और सिल्वर उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक, द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2022 पर जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों के माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। हिन्दुस्तान ज़िंक के स्वास्थ्य सेवा परियोजना के तहत् ये कार्यक्रम इकाइयों के संचालन क्षेत्र के आस पास के क्षेत्रों में आयोजित किया गया। भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर जिलों के कोटडी, पंचदेवला और धेवातलाई के राजकीय विद्यालयों में आयोजित जागरूकता सत्र में लगभग 263 छात्रों ने भाग लिया। आयोजित सत्रों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अन्य विषयों मानसिक बीमारी के कारण, मानसिक स्वास्थ्य के शुरुआती संकेतों की पहचान करना, मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति पर तंबाकू, शराब और नशीली दवाओं की लत के दुष्प्रभाव और ध्यान और योग का अभ्यास करने के लाभ के बारे में जानकारी दी गयी। हिंदुस्तान जिंक द्वारा ओपीडी, विशेष स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता सत्र अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से आयोजित किये जा रहे है। राजस्थान के 5 जिलों एवं उत्तराखंड के पंतनगर गुजरात सहित 196 गांवों में 8 मोबाइल स्वास्थ्य वैन का संचालन किया जा रहा हैं। स्वास्थ्य सेवा परियोजना के अंतर्गत तनाव प्रबंधन, कल्याण और सहकर्मी सहायता समूह, और सदैव उपलब्धता संभव की जा रही है।

### ■ कलक्टर ने दिए विशेष गिरदावरी के आदेश

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने हाल ही बेमौसम वर्षा के कारण काश्तकारों की फसलों को नुकसान को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के निर्देशानुसार विशेष गिरदावरी के आदेश दिए हैं। इसी क्रम में वर्तमान में नियमित गिरदावरी का कार्य पटवारियों द्वारा क्षेत्रों में किया जा रहा है। राज्य सरकार के उक्त निर्देशों की पालना में जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ द्वारा जिले के समस्त तहसीलदारों को इस बाबत नियमानुसार विशेष गिरदावरी के निर्देश जारी किये गये हैं।

### ■ जिला युवा कार्यक्रम एवं सलाहकार समिति की बैठक आज

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिला युवा कार्यक्रम एवं सलाहकार समिति की बैठक जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल की अध्यक्षता में आज प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी।

# पैलेस ऑन व्हील का ट्रायल टूर संपन्न, आज से चलेगी शाही पर्यटक ट्रैन



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** कोरोना काल के ढाई वर्ष बाद एक बार फिर से शाही रेल पैलेस ऑन व्हील ट्रायल के लिए चित्तौड़गढ़ पहुंची, इस दौरे पर ट्रेन के भीतर फेम टूर के तहत आरटीडीसी के चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ परिवार सहित मौजूद रहे। वर्ष 1982 से पर्यटक को के लिए संचालित हो रही शाही रेल पैलेस ऑन व्हील मार्च 2020 में कोविड 19 पेंडमिक के कारण बंद हो गई थी जिसके पश्चात इस रेल को पर्यटन विभाग द्वारा एक बार फिर से शुरू किया गया अपने पहले दौरे के अंतर्गत रविवार दोपहर को शाही रेल चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पहुंची। जिसमें सवार आरटीडीसी के चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने टूरिज्म क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए 1 हज़ार करोड रुपए का बजट आरटीडीसी को समर्पित किया है। पूरे विश्व में इस प्रकार की 10 लग्जरी रेलगाड़ियां चल रही है और सबसे पहले राजस्थान में शाही रेल पैलेस ऑन को पर्यटकों के लिए कोरोना काल के बाद चलाना बहुत बड़ी बात है।

### 12 अक्टूबर से नियमित फेरे

अभी इसका ट्रायल फेम टूर के तौर पर किया है 12 अक्टूबर से यह ट्रेन नियमित रूप से शुरू हो जाएगी फिलहाल इसके शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया है। यह रेल गाड़ी 12 अक्टूबर से दिल्ली के सफदरगंज रेलवे स्टेशन से शुरू होकर जयपुर, सवाई माधोपुर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, अजमेर होकर भरतपुर, आगरा से दिल्ली 7 दिन के शेड्यूल में चलेगी। राजस्थान पर्यटन विकास निगम को शाही रेल के सफर करने वाले यात्रियों की अक्टूबर-नवंबर दिसंबर 3 माह की एडवांस बुकिंग मिल चुकी है। जिससे लगता है।

### पर्यटकों में खासा उत्साह

पर्यटक को इस रेल में सफर को लेकर खासा उत्साह देखते हुए राजस्थान पर्यटन विकास निगम ट्रेन के सफर के शेड्यूल में बूंदी जिले को और जोड़ने का प्रयास कर रहा है। आरटीडीसी के ऑपरेशन एंड मैनेजमेंट आने वाले समय में नई पॉलिसी को ध्यान में रखते हुए शाही रेल को एजेंसी को संचालन के लिए दिया जाएगा। जिससे निजी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

**शिशु देखभाल कक्ष का किया उद्घाटन**

# संस्कृति मंत्री मेघवाल ने दुर्ग पर सुनी समस्याएं



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** केंद्रीय संस्कृति एवं संसदीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार शाम को दुर्ग पर पहुंचकर पर्यटक महिलाओं के सम्मान में बनाए गए शिशु देखभाल कक्ष का उद्घाटन किया। दुर्ग पर स्थित ऐतिहासिक विजयस्तंभ के पास पुराने टिकट घर को पुरातत्व विभाग के द्वारा यहां आने वाले पर्यटकों के लिए महिलाओं हेतु शिशुओ को स्तनपान व देखभाल के लिए परिवर्तित किया है। इस कक्ष में पुरुषों का प्रवेश निषेध रहेगा।

उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय लोगों के द्वारा दुर्ग पर आने वाले पर्यटकों की समस्याओं को सुना। सांसद जोशी के द्वारा बताया गया कि यहां आने वाले पर्यटकों को टिकट लेने के लिए फिर से बाहर बनाए गए टिकट विंडो पर जाना पड़ता है जिससे वन वे होने के कारण जाने में समस्याएं होती है अगर विजय स्तंभ के पास या पद्मिनी महल पर एक और टिकट विंडो पर्यटकों के लिए लग जाए तो समस्याएं पैदा नहीं होगी। वहीं जौहर स्थल पर अमर जवान ज्योति के की तरह जौहर स्थल पर भी जौहर ज्योत लगाकर सहेजा जाए जो 24 घंटे ज्योत जल सके जिससे भी पर्यटक जौहर स्थल का इतिहास जानेंगे। वहीं स्थानीय गाइड्स ने बताया की दुर्ग विजय स्तंभ के बंद होने कारण यह आने वाले पर्यटक निराश होते है, अगर फिर से विजय स्तंभ पर्यटकों के लिए खुला जाए तो उत्साह की बात होगी वही आसपास माइनिंग होने से भी ऐतिहासिक स्तंभ को खतरा है। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा की किस कारण बंद है उसका तकनीकी समाधान किया जायेगा।

उन्होंने ने बताया की इस वर्ष भारत G-20 देशों का नेतृत्व कर रहा है जिसकी राजधानी बनारस को बनाया गया है। त्न 20 देशों में यूरोपियन यूनियन के साथ त्न 7 के विकसित देश भी शामिल है आने वाले सम्मेलन में बनारस से इन देशों के राष्ट्रध्यक्ष, राष्ट्रदूत व मंत्रियों को देश को विश्व विख्यात हेरिटेज साइट घूमने का न्यौता भी दिया जाएगा जिसमें ऐतिहासिक विरासत का धनी चित्तौड़ किला भी शामिल है। विदेशी राष्ट्र के मंत्रियों के यहां आने से और भी पर्यटकों के यह आने के आसार बनेंगे जिससे चित्तौड़ किले का इतिहास बाहर के लोग जानेंगे साथ ही स्थानीय व्यापार में भी वृद्धि होगी। इससे पूर्व दुर्ग पर पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री मेघवाल का बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। आपको बता दें कि देश में आगरा के बाद यह चित्तौड़ में दूसरा शिशु देखभाल कक्ष बनाया गया है जो कि गौरव की बात है।

# जुलूसे मोहम्मदी में उमड़ा अकीदत का सैलाब



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्ललाहो अलेह वसल्लम की यौमे पैदाइश पर शहर में जुलूसे मोहम्मदी का आयोजन किया गया। शहर काजी अब्दुल मुस्तफा की सदारत में मीरा मंच से जुलूसे मोहम्मदी आरंभ हुआ जिसमें सजे धजे ऊंट, घोड़े, बग्गिया आदि शामिल रही। इन बग्गियों में शहर काजी अब्दुल मुस्तफा सज्जादा नशीन सलीम अशरफी युसूफ अशरफी मुफ्ती उस्मान अशरफी जुनेद अशरफी जुबेर अशरफी आदि बैठे रहे। इस दौरान चंदेरिया, कुंभा नगर, प्रताप नगर, रेलवे स्टेशन, कच्ची बस्ती गांधी नगर आदि क्षेत्रों से भी समाज के हजारों व्यक्ति जुलूस के रूप में आकर गोल प्याऊ पर मुख्य जुलूस में सम्मिलित हुए, यहां से हजारों व्यक्तियों का यह जुलूस गांधी चौक, कपड़ा बाजार, चंदनपुरा, लोहार मोहल्ला, बलाईयो की कुई, सुभाष चौक होता हुआ पुनः मीरा मंच पर जाकर संपन्न हुआ। जहां महफिले मिलाद के बाद फातेहा ख्वानी और देश में अमोनो सुकून की दुआ के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। जुलूस के दौरान कई स्थानों पर समाज जनों द्वारा पुष्प वर्षा कर इस्तकबाल किया गया। जुलूस में जिला कलक्टर के निर्देश पर नियुक्त मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्जुन सिंह, उप अधीक्षक बुधराज टांक, उपाधीक्षक लाभूराम विश्नोई, शहर कोतवाल विक्रम सिंह सहित कई अधिकारी अतिरिक्त पुलिस जाब्ते के साथ तैनात रहे।

### कोरोना संक्रमण के 2 वर्ष बाद निकला जुलूस

**पिछले** 2 वर्षों में कोरोना संर मण के कारण देश ही नहीं पूरी दुनिया में जनजीवन अस्त व्यस्त रहा, भारत में कई महीनों तक लॉकडाउन व कोरोना गाईड लाइन के कारण सामूहिक आयोजन निरस्त रहे। इसलिए इस वर्ष पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मोत्सव को लेकर समाज जनों में विशेष उत्साह का माहौल रहा। इसलिए रविवार को निकाले गए जुलूस ए मोहम्मदी में अकीदत मंदो का उत्साह देखने लायक रहा।

# भारत के मंदिरों को सजा रहे है मोदी-शर्मा

**पिछले जन्मों का प्रतिफल ही मोदी को कर रहा है प्रेरित**



**जयपुर @ जागरूक जनता।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कौन से पुण्य कर्म किए होंगे पिछले जन्म में जो आज भारतवर्ष के मंदिरों सजा रहे है। श्रीराम मंदिर की शिला पूजन अयोध्या में उसके बाद बाबा विश्वनाथ मंदिर काशी में, अब महाकाल की नगरी उज्जैन में किस प्रकार से विकसित किया। यह कार्य आसानी से किसी के भाग्य में नहीं आता है। यह कहना है भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा (रींगस) का। शर्मा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री ने अवश्य ही पिछले जन्मों में बहुत ही पुण्य कर्म किए थे। जिसका प्रतिफल इस जन्म में मिल रहा है। मैं बहुत सी बातों पर मोदी विरोध रहा हूं, नोटबंदी, जीएसटी, मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन और विशेष रूप से महंगाई पर अंकुश नहीं लगाने के कारण। लेकिन जब बात सनातन धर्म सनातन संस्कृति और सनातन परंपरा की आती है तो आज तक के इतिहास में ऐसा कोई राजनेता नजर नहीं आता है, जिसने कभी धर्म स्थापना पर जोर दिया हो। धर्म बचेगा-तो देश बचेगा। शर्मा ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी महंगाई पर भी अंकुश लगाने का प्रयास करें।

# चित्तौड़गढ़ अर्बन बैंक ने किया यूपीआई का शुभारंभ'



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा आयोजित चित्तौड़गढ़ समिट ऑन कोऑपरेटिव एंड बैंकिंग के अवसर पर यूपीआई का शुभारंभ रिजर्व बैंक के निदेशक सतीश मराठेए सहकार भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपोरेए नेफकब मुख्य कार्यकारी योगेश शर्मा रेफकब मुख्य कार्यकारी एम एल शर्मा ए बैंक अध्यक्ष डॉ आई एम सेठिया निवर्तमान अध्यक्ष एडवोकेट विमला सेठिया एउपाध्यक्ष शिव नारायण मांधना व वंदना वजीरानी प्रबंध सहित निदेशक मंडल सदस्यों ने किया। बैंक के आई टी अधिकारी राकेश दशोरा के अनुसार मोबाइल बैंकिंग के साथ यूपीआई के प्रारंभ होने से अब फोन पेए गूगल पे आदि के जरिए भी ग्राहक के खाते में सीधा धन हस्तांतरण अविलंब हो सकेगा। बैंक अध्यक्ष डॉ आई एम सेठिया के अनुसार राजस्थान के 27 बैंकों तथा मेवाड़ क्षेत्र के सहकारी क्षेत्र सहित कुल 325 सदस्यों तथा द्वितीय सत्र में बैंक सदस्यों व आमजन ने सहभागिता निभाई उनका धन्यवाद ज्ञापित किया

### बैंक अध्यक्ष डा. सेठिया सम्मानित

**समिट** आयोजन को लेकर नेफकब एवं रेफकब की ओर से मुख्यकारी अधिकारी योगेश शर्मा एवं एम.एल. शर्मा तथा भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक सतीश मराठे व सहकार भारतीय के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपोर बैंक की निवर्तमान अध्यक्ष एड़वोकेट विलमा सेठिया व बैंक उपाध्यक्ष शिवनारायण मानधना ने बैंक अध्यक्ष डा. आई.एम. सेठिया का शाल पागडी एवं उपरणा से अभिन्नदन किया। पुर्व विमला सेठिया के साथ निदेशक कल्याणी दिक्षित पुर्व निदेशक सुनिता सिसोदिया एनसीएम सीटी निदेशक विमला नाहट्टा एवं पुष्पा सुहालका ने प्रबन्ध निदेशक वंदना वजीरानी का भी शाल पगडी व उपरना से सम्मान किया।

**बालिका दिवस पर दिलाई कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम की शपथ**

# बालिकाओं को बढ़ाना होगा अपना बल



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**उदयपुरवाटी।** कोट के राउमा विद्यालय में मंगलवार को राजीव गांधी युवा विकास संस्थान कोट की ओर से अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस छात्रा गीताअंजलि की अध्यक्षता में, 'अब हमारा समय है, हमारे अधिकार हमारा भविष्य है' थीम पर आयोजित हुआ। क्रार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा, विश्व में बालिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाएं जो अपने आपको अबला समझने की मानसिक के घेरे में घिरी हुई हैं, उसको मन से हटा कर अपने का सबला बनाना का सार्थक प्रयास है। हमारा देश इस दिशा में लगातार उन्नति कर रहा है किंतु दुनिया और देश में बालिकाओं व महिलाओं की आधी आबादी होने के बावजूद, हमारे हिंदुस्तान नारी सशक्तिकरण का प्रतिशतांक का स्तर 10 फिसदी तक ही नहीं है। आज की बालिकाओं अपने हकों को लिए परिवार और समाज के सामने अपनी आवाज को पूरजोर बुलंद करना होगा तभी हमारे देश में नारी शक्ति का सूर्य पूरे तेज से चमकेगा। अपने देश को इस दौड़ में सबसे आगे करने का काम आप बालिकाएं और माताएं ही कर सकती है, अभी समाज में लिंगानुपात को सुधारने में महिलाओं को और बहुत मुश्किल चुनौतियों का सामना करना है, और इनसे लड़ते हुए महिलाओं को जीत हासिल करनी है, हारना नहीं है। प्रधानाचार्य रामप्रसाद ने कहा, संसार में आबादी में आधा हिस्सा है बालिकाओं और महिलाओं का, इस गणित के अनुपात को जिस दिन नारी शक्ति पूरी तरह से समझ जायेगी, उस दिन परिवार, समाज और शासन में नारी का स्वरूप बदल जायेगा, इन तीनों स्थानों में नारी शक्ति की भागीदारी सुनिश्चित हो कर रहेगी। इसके लिए नारी को नारी की सच्ची सहेली बनना पड़ेगा, जमाना को नारियों की ललकार के आगे बदलना पड़ेगा। इसमें कन्या भ्रूण हत्या अमानवीय दुष्कृत्य की रोकथाम की शपथ भी दिलाई। छात्रा गीताअंजलि ने कहा, हम सब बालिकाओं को अपना बल बढाना है और देश में ही नहीं दुनिया में अपने नाम का डंका बजाना है जैसे झांसी की रानी, हाडा रानी, सावित्री बाई फुले, पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी, मेरी कॉम, मीरा बाई, मदर टेरेसा, लता मंगेशकर आदि नारियों ने अपनी नारी शक्ति पूरे विश्व को दिखाई ।



# संत श्री रमेश बाबा के सानिध्य में ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा प्रारंभ





**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**बरसाना।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री माता गौशाला के संचालक संतश्री रमेश बाबा के सानिध्य में ब्रज चौरासी कोस की पैदल परिक्रमा शरद पूर्णिमा को प्रारंभ हुई। 9 अक्टूबर से शुरू हुई परिक्रमा 36 दिन तक पूरे ब्रजधाम में होती हुई वापस 13 नवंबर को बरसाना पहुंचकर संपन्न हो जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस यात्रा में 20,000 से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के रहने खाने की व्यवस्था श्री मान सेवा संस्थान द्वारा की जा रही है। इस यात्रा में पूरे भारतवर्ष से बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। **ये धाम आते हैं परिक्रमा में :** भक्त ध्रुव तपोस्थली, मधुवन, तालवन, कुमुदवन, शांतनु कुण्ड, सतोहा, बहुलावन, राधा-कृष्ण कुण्ड इत्यादि।

### सभी तीर्थों को ब्रज में बुलाया

शास्त्रों के अनुसार यशोदा मैया और नंद बाबा ने भगवान श्री कृष्ण से 4 धाम की यात्रा की इच्छा जाहिर की तो भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि आप बुजुर्ग हो गए हैं, इसलिए मैं आप के लिए यहीं सभी तीर्थों और चारों धामों को आह्वान कर बुला देता हूं। उसी समय से केदरनाथ और बद्रीनाथ भी यहां मौजूद हो गए। 84 कोस के अंदर राजस्थान की सीमा पर मौजूद पहाड़ पर केदारनाथ का मंदिर है। इसके अलावा गुप्त काशी, यमुनोत्री और गंगोत्री के भी दर्शन यहां श्रद्धालुओं को होते हैं। तत्पश्चात यशोदा मैया व नन्दबाबाने उनकी परिर् मा की। तभी से ब्रज में चौरासी कोस की परिक्रमा की शुरुआत मानी जाती है।



**ANCHOR** ज्ञानवापी

# 'शिवलिंग' की कार्बन डेटिंग जांच पर बहस पूरी, 14 अक्टूबर को आदेश की संभावना



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग जांच पर मंगलवार को मुस्लिम पक्ष ने भी अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। इसके साथ ही मामले पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है। अब अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। संभावना है कि उस दिन अदालत अपना आदेश सुना सकती है।

वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में मामले पर सुनवाई हुई। मुस्लिम पक्ष ने कार्बन डेटिंग जांच पर दाखिल वाद पर मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर आपत्ति दाखिल की है। पहली आपत्ति इसके मूलवाद को लेकर है। उनका कहना है कि यह मामला मूल वाद से संबंधित नहीं है। दूसरा जिसे शिवलिंग बताया जा रहा है, वह आकृति सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सील है। पिछली सुनवाई में जिला जज ने वादी अधिवक्ता से पूछा था कि कार्बन डेटिंग की अर्जी का सम्बंध क्या मूलवाद में नियत रखता है या नहीं। इस पर अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने स्पष्ट किया था कि श्रृंगारगौरी सहित अन्य विग्रहों के पूजा के अधिकार के वाद में अदालत में दृश्य व अदृश्य देवता की बात कही गई थी। ऐसे में यह भी मूलवाद का हिस्सा है। इसके बाद अदालत ने मुस्लिम पक्ष से इस पर आपत्ति मांगी थी। मंगलवार को मुस्लिम पक्ष की तरफ से आपत्ति आई और बहस पूरी करने के साथ ही अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित कर लिया।

वहीं, फास्ट ट्रैक कोर्ट में शिवलिंग की आकृति की पूजा-पाठ के वाद पर भी सुनवाई हुई। इस मामले में मुस्लिम पक्ष ने आदेश 7 नियम 11 के तहत पोषणीयता जांचने (मेरिट) का आवेदन दिया है। इस मामले पर अदालत आज सुनवाई करेगी।

# महाकाल का जब आशीर्वाद मिलता है तो काल की रेखाएं मिट जाती हैं-मोदी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जैन में 'महाकाल लोक' का उद्घाटन कर दिया है। लोकार्पण के बाद प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाकाल लोक सबसे अलौकिक है। शंकर के सानिध्य में साधारण कुछ भी नहीं है। सब कुछ अलौकिक है, असाधारण है। अविस्मरणीय है, अविश्वसनीय है। इससे पहले पीएम मोदी ने महाकाल मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे और पूजा अर्चना की। इस दौरान प्रधानमंत्री संध्या आरती में भी शामिल हुए। पीएम मोदी के दौरे को लेकर महाकाल मंदिर में आम भक्तों की एंट्री रोक दी गई है। सीएम शिवराज सिंह चौहान पहले ही उज्जैन पहुंचे थे, वहां उन्होंने कई मंदिरों में पूजा की। 14 अक्टूबर से महाकाल लोक आमलोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

### हमारे शास्त्रों में एक वाक्य है- शिवम् ज्ञानम्... बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे शास्त्रों में एक वाक्य है- शिवम् ज्ञानम्। इसका अर्थ है शिव ही ज्ञान है और ज्ञान ही शिव है। शिव के दर्शन में ही ब्रह्मांड का सर्वोच्च दर्शन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार चार धाम प्रोजेक्ट के जरिए, हमारे चारों धाम रोड से जुड़ने जो रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार करतारपुर साहिब खुला है।

### 'उज्जैन वो नगर है, जहां भगवान कृष्ण ने भी शिक्षा ग्रहण की थी'

पीएम मोदी ने कहा कि उज्जैन वो नगर है, जो हमारी पवित्र सात पुरियों में से एक गिना जाता है। ये वो नगर है, जहां भगवान कृष्ण ने भी आकर शिक्षा ग्रहण की थी। उज्जैन ने महाराजा विक्रमादित्य का वो प्रताप देखा है, जिसने भारत के नए स्वर्णकाल की शुरुआत की थी।



### राष्ट्र छुए, सांस्कृतिक उत्कर्ष को

पीएम मोदी ने कहा कि किसी राष्ट्र का सांस्कृतिक वैभव इतना विशाल तभी होता है, जब उसकी सफलता का परचम, विश्व पटल पर लहरा रहा होता है। सफलता के शिखर तक पहुंचने के लिए ये जरूरी है कि राष्ट्र अपने सांस्कृतिक उत्कर्ष को छुए, अपनी पहचान के साथ गौरव से सिर उठाकर खड़ा हो। हमारी तपस्या और आस्था से जब महाकाल प्रसन्न होते हैं तो उनके आशीर्वाद से ही ऐसे ही भव्य स्वरुप का निर्माण होता है। और महाकाल का जब आशीर्वाद मिलता है तो काल की रेखाएं मिट जाती हैं।

### पीएम मोदी ने किया अयोध्या के श्रीराम मंदिर का जिक्र

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में भारत ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति और अपनी विरासत पर गर्व जैसे पंच प्राण का आह्वान किया है। इसलिए आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण पूरी गति से हो रहा है। काशी में विश्वनाथ धाम भारत की संस्कृति का गौरव बढ़ा रहा है। सोमनाथ में विकास के कार्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उत्तराखंड में बाबा केदार के आशीर्वाद से केदारनाथ, बद्रीनाथ तीर्थ क्षेत्र में विकास के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं।

### उज्जैन के छण-छण में, पल-पल में इतिहास सिमटा हुआ है

पीएम मोदी ने कहा कि 'शिवं ज्ञानं' यानी शिव ही ज्ञान है और ज्ञान ही शिव है। उज्जैन ने हजारों वर्षों तक भारत की संपन्नता और समृद्धि का, ज्ञान और गरिमा का और साहित्य का नेतृत्व किया है। उज्जैन के छण-छण में, पल-पल में इतिहास सिमटा हुआ है। कण-कण में आध्यात्म समाया हुआ है और कोने-कोने में ईश्वरीय ऊर्जा संचारित हो रही है।

### उज्जैन भारत में केन्द्र है

'जय महाकाल' के साथ उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि उज्जैन की ये ऊर्जा, ये उत्साह, अवंतिका की ये आभा, ये अद्भुतता, ये आनंद, महाकाल की ये महिमा, ये महात्म्या, 'महाकाल लोक' में लौकिक कुछ भी नहीं है। जब देश का भौगोलिक स्वरूप आज से अलग रहा होगा तब से ये माना जाता है कि उज्जैन भारत के केंद्र में हैं।

### शिवराज सरकार की तारीफ

उज्जैन में महाकाल लोक के उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि शंकर के सानिध्य में साधारण कुछ भी नहीं है। सब कुछ अलौकिक है, असाधारण है। अविस्मरणीय है, अविश्वसनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की शिवराज सरकार की तारीफ।

### लगभग 850 करोड़ की लागत से बना 'महाकाल लोक' का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जैन में 'महाकाल लोक' राष्ट्र को समर्पित किया। श्री महाकाल लोक प्रोजेक्ट का पहला चरण श्रद्धालुओं को विश्व स्तरीय आधुनिक सुविधाएं देने में मदद करेगा, महाकाल मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों के अनुभव को यादगार बनाने में सहायता प्रदान करेगा। महाकाल लोक करीब 850 करोड़ की लागत आई है।

## भारत की विकास यात्रा के दो स्तंभ हैं प्रौद्योगिकी, प्रतिभा-मोदी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में समावेश के वाहक के तौर पर प्रौद्योगिकी की महत्ता पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि प्रौद्योगिकी एवं प्रतिभा भारत की विकास यात्रा के दो स्तंभ हैं। मोदी ने वर्चुअल मोड के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस में अपने संबोधन में कहा, "दूसरी अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस में आप सभी के साथ बातचीत करके मुझे खुशी हो रही है। यह सम्मेलन हैदराबाद में आयोजित किया जा रहा है जो अपनी संस्कृति, व्यंजन, आतिथ्य और उच्च तकनीक दृष्टि के लिए जाना जाता है। "

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का विषय वैश्विक गांव को भू-सक्षम करने में कोई भी पीछे नहीं रहना चाहिए है। उन्होंने वीडियो संदेश के जरिए कहा कि देश अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा अभियान है, जिसने अंतिम पंक्ति में भी खड़े व्यक्ति के सशक्तिकरण के लिए बड़े पैमाने पर हमारा मार्गदर्शन किया है। मोदी ने कहा कि 11 करोड़ परिवारों को स्वच्छता सुविधाएं और छह करोड़ से अधिक परिवारों को नल के पानी के कनेक्शन लेने से, भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी पीछे न रहे। प्रौद्योगिकी पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रीयल-टाइम डिजिटल भुगतान में दुनिया का नंबर एक है। यदि आप बाहर उद्यम करते हैं, तो आप देखेंगे कि सबसे छोटे विक्रेता भी डिजिटल भुगतान स्वीकार करते हैं, यहां तक कि पसंद करते हैं।

## आबादी भूमि का किया सीमा ज्ञान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जालोर।** नारणावास पंचायत क्षेत्र के गांवो में स्थित आबादी भूमि का मंगलवार को भू स्वामित्व योजना के तहत भारतीय भू सर्वेक्षण विभाग की टीम ने सीमा ज्ञान के लिए सर्वे किया। नारणावास सरपंच जशोदा कंवर, ग्राम विकास अधिकारी लच्छा राम प्रजापत, रूपसिंह राठौड़ की मौजूदगी में एवं पटवारी पूरणमल मीणा के निर्देशन में सर्वेयर टीम के राम हंस मीणा, नरेंद्र कुमार शुक्ला, राजेश मीणा व गिरधारी लाल यादव ने नारणावास, नया नारणावास व धवला गांव की आबादी भूमि का सीमा ज्ञान के लिए सर्वे किया। जिसमें गांवों की आबादी भूमि में सफेद पाउडर डाल कर रेखांकित किया गया। सर्वेयर टीम के द्वारा ड्रोन को आकाश में उड़ाया गया एवं चारों ओर चक्कर काट कर आबादी भूमि का सीमा ज्ञान की रूप रेखा बनाई गईइस अवसर पर रूप सिंह राठौड़, नारणावास सरपंच जशोदा कंवर, लच्छा राम प्रजापत, पटवारी पूरणमल मीणा, रूप सिंह धवला, प्रेम प्रकाश गर्ग, जेठा राम सरगरा, सुरेश गर्ग, कुईया राम देवासी आदि मौजूद थे।

### ये हैं सर्वे ड्रोन की विशेषता

**यह** ड्रोन हवाई जहाज के आकर जैसे दिखता हैं। ड्रोन का नियंत्रण रिमोट कंट्रोल से होता हैं। इस ड्रोन का लाइव लेपटॉप पर सर्वे करने के दौरान चलता है। इससे ये पता चलता है कि ये जिस जगह उड़ रहा होता हैं उसकी लोकेशन बताता रहता हैं। यह ड्रोन डेढ़ घण्टे तक नियमित उड़ सकता हैं। इस ड्रोन में एक क्वालिटी के साथ अच्छी रेज कवर करने की समता वाला कैमरा लगा हुआ होता हैं । जो वीडियो एवं तस्वीरें लेता हैं। ड्रोन गांव के नक्शे के आधार पर सर्वे करता हैं।

**आजादी का अमृत महोत्सव**

## जनजातीय समुदायों के बलिदान को याद करने का अवसर- मिश्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बांसवाड़ा।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा आजादी का अमृत महोत्सव जनजातीय समुदाय के असंख्य और अनाम स्वतंत्रता वीरों के योगदान को याद करने का अवसर है। मिश्र आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्टीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा आज गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा में आयोजित "स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों का योगदान" विषयक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता एवं अधिकारों की रक्षा के लिए आदिवासी आंदोलनों की चर्चा करते हुए गोविन्दगुरु, नाना भाई खांट एवं वागड़ की झांसी काली बाई के योगदान को स्मरण किया।

**जमन की ढाणी सिणली स्थित केहर माता व गोगाजी मंदिर में 25 दिन पहले हुई चोरी**

## चोरी का खुलासा नहीं होता, तब तक अन्न ग्रहण नहीं करुंगा-पुजारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जसोल (बाड़मेर)।** जमन की ढाणी सिणली स्थित केहर माता व गोगाजी मंदिर में 25 दिन पहले हुई चोरी हुई का खुलासा नहीं होने पर मंदिर के पुजारी नवारम देवासी अन्न त्याग कर अनशन पर बैठ गए। पुजारी नवाराम का कहना है कि चोरी हुए आज 25 दिन हो गए हैं और चोरी के दिन से ही अनशन पर बैठा हूं, लेकिन अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। जब तक चोरी खुलासा नहीं होगा, मैं अन्न ग्रहण नहीं करूंगा। नवाराम पुत्र चिमनाराम देवासी सिणली चौसीरा जमन की ढाणी ने पुलिस थाना जसोल में रिपोटज़् पेश कर बताया कि मैं गोगाजी मंदिर में पूजा अचज़्ना करता हूं और 15 सितंबर गुरुवार को पूजा करने के बाद रात को मंदिर परिसर में सो रहा था कि अज्ञात व्यक्तियों ने मंदिर परिसर का ताला तोड़ कर गोगाजी के चांदी के आभूषण दान पात्र चुरा लिए, जिसका सुबह पता चला। मंदिर से 500 मीटर दूर दान पेटी टूटी हुई व खाली मिली।

> मामला दर्ज है, संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही खुलासा करेंगे।
> **-डिम्पल कुंवर,** थानाधिकारी जसोल

### ■ मदर इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सक्का का नाम दर्ज

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** जिले के अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण शिल्पकार इकबाल सक्का का नाम मदर इण्डिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ। सक्का को मातृभूमि के लिए अपनी कलाकृतियों से विशेष सेवाएं देने की उपलब्धियों में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सक्का का नाम मदर इण्डिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कर महाम्मा गांधी शांति पुरस्कार 2022 मदर इण्डिया बुक के भारतीय चीफ दसरी स्वप्न महेश द्वारा सक्का को हैदराबाद तैलंगाना कार्यालय से प्रमाण पत्र जारी कर सम्मानित किया गया।

### ■ राज्य स्तरीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की ओर से राज्य स्तरीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता का यहां शुभारंभ जनजाति राज्यमंत्री अर्जुन सिंह बामनिया के मुख्य आथित्य में हुआ। स्वामी विवेकानन्द सभागार मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय परिसर में 3 दिवसीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।

**बालिका दिवस पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित**

## बालिकाएँ हर बाधा को पार कर सफलता की उड़ान भर सकती है- कलक्टर जैन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जालोर।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम स्थित बहुउद्देशीय सभागार में किशोरी मेले का आयोजन किया गया। किशोरी मेले में जिलेभर के सभी उपखण्डों से बोर्ड परीक्षाओं में ब्लॉकवार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने पर वाली बालिकाओं सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर निशांत जैन ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बालिकाएँ हर बाधा को पार कर सफलता की उड़ान भर सकती है। इन बालिकाओं की सफलता से अन्य बालिकाओं को भी जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्हांने बालिकाओं को दुष्यंत कुमार की पंक्तियाँ सुनाकर प्रेरित करते हुए बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में जीवन में आगे बढ़ने की बात कही। जिला कलक्टर ने कहा कि आज के दौर में बालिकाएँ बालकों से किसी भी मायने में पीछे नहीं है चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य अथवा फिर मीडिया का क्षेत्र हो। बालिकाएँ हर क्षेत्र में अपना परचम फहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह दिन बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और उनके सशक्तीकरण व अधिकारों को बढावा देने के लिए मनाया जाता है। जिला कलक्टर ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उनके द्वारा बनाये गये मॉडल, चार्ट एवं पोस्टर के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें प्रेरित किया। मुख्य जिला शिक्षाधिकारी टी.आर.मीणा ने कहा कि बेटियाँ आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है तथा पढ-लिखकर देश, समाज और अपने गांव का नाम रोशन कर रही है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक श्रीराम गोदारा ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं भविष्य की चुनौतियों के बारे में जागरूक करना है जिससे वे उनका डटकर सामना कर सकें और अपनी जरूरतों के साथ ही अपने सपनों को भी पूरा कर सकें। टी.आर. मीणासमग्र शिक्षा अभियान के सहायक परियोजना ईश्वरसिंह सांगाणा ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले के उपखण्डों से आई 120 प्रतिभावान बालिकाओं को टीशर्ट, कैंप, प्रमाण पत्र व मोमेन्टो प्रदान कर उनकी प्रतिभा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी नरसिंहगिरी गोस्वामी द्वारा समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा मंच संचालन अध्यापिका शैलजा माथुर द्वारा किया गया। इस दौरान आत्मरक्षा प्रशिक्षण की महिला प्रतिभागियों ने आत्म रक्षा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी व मॉडल प्रदर्शनी व किशोरी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चुन्नीलाल परिहार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक श्रीराम गोदारा, जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी वेदप्रकाश आशिया सहित समस्त ब्लॉकों के संदर्भ व्यक्ति, बालिकाएँ, शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

**ANCHOR** | **मौसम**

## पूर्वी राजस्थान में तेज बारिश का अलर्ट अक्टूबर में टूटा 5 साल का रिकॉर्ड

**दस दिन में 443 फीसदी ज्यादा पानी गिरा**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** लगातार बारिश के कारण सुबह-शाम गुलाबी सर्दी का अहसास होने लगा है। अक्टूबर में तीन दिन की बरसात से तापमान में अचानक दस डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। राजस्थान के कई जिलों में आज सुबह हल्की धुंध भी नजर आई। वहीं, मौसम विभाग ने आज रात तक बारां और धौलपुर में भी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। अक्टूबर के पहले दस दिन में बारिश ने बीते 5 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हालांकि, विभाग के अनुसार कल से मौसम साफ हो जाएगा। बीकानेर, सीकर और चूरू में धुंध के कारण नेशनल हाईवे पर गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी नजर आई। कुछ देर कोहरे के छंटने का इंतजार किया। हालात ऐसे थे, मानो बादल खेतों में उतर आए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार से प्रदेश में पश्चिमी हवाओं का असर बढ़ने लगेगा और तापमान में मामूली बढ़ोतरी होगी।पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट के अनुसार बारां, झालावाड़, सीकर, धौलपुर, झुंझुनूं, चूरू और भरतपुर बेल्ट में कई जगहों पर हल्की बारिश हुई। सबसे ज्यादा 22 एमएम बरसात बारां जिले के अंता कस्बे में हुई। प्रदेश में मौसम के इस बदलाव से कई जिलों में दिन का तापमान सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया। पिलानी, अलवर, चूरू, गंगानगर, धौलपुर में सोमवार दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे रहा। यह सामान्य से काफी कम रहा। इन जिलों के अलावा सीकर और हनुमानगढ़ में भी सोमवार दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, जोधपुर, संभाग के जिलों में अब वेस्टर्न विंड (पश्चिमी हवाएं) एक्टिव होने लगी हैं, जिससे इन संभागों के जिलों में मौसम शुष्क रहने लगेगा। आने वाले 2-3 दिन दिनों में इन वेस्टर्न विंड का असर राज्य के पूर्वी हिस्सों तक बढ़ जाएगा, जिससे राज्य में मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा।

### गाड़ियों को लाइट जलानी पड़ी

बारिश-बादल के बाद आज जब सुबह मौसम खुला तो उत्तरी राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, सीकर, अलवर बेल्ट में कहीं जगह सुबह-सुबह घना कोहरा देखने को मिला। कोहरे के कारण सुबह-सुबह हाईवे पर वाहन चालकों को गाड़ियों की हेडलाइट जलानी पड़ी। इन जिलों में बीती रात न्यूनतम तापमान 20 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

### आज पूर्वी राजस्थान में हो सकती है हल्की बूंदाबांदी

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आज भी प्रदेश में पूर्वी राजस्थान के बारां, धौलपुर जिलों में देर शाम कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है।बाकी जगहों पर मौसम सूखा रहेगा। 12 अक्टूबर से राज्य के लगभग सभी हिस्सों में मौसम साफ रहेगा और धूप निकलेगी। इस तरह अगले 2-3 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### मानसून के विदा होने के बाद भी अच्छी बारिश हुई

राजस्थान में पोस्ट मानसून में इस बार बारिश अच्छी हुई। यही कारण रहा कि इस बार अक्टूबर में अब तक सामान्य से 443 फीसदी ज्यादा बरसात हुई है। अमूमन 10 अक्टूबर तक पूरे राज्य में औसत 5.7 एमएम बारिश होती है, लेकिन इस बार 31 एमएम बरसात अब तक हो चुकी है। सबसे ज्यादा बरसात करौली जिले में हुई जहां 170.8 एमएम बरसात हुई, जो औसत बरसात 6.8 एमएम से कई गुना अधिक है, जबकि बाड़मेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ और जैसलमेर जिले ऐसे है जहां अब तक इस महीने में बिल्कुल बारिश नहीं हुई।

**अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस**

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में केकड़ी ब्लॉक की छात्राओं ने लिया भाग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**केकड़ी।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में केकड़ी ब्लॉक की 11 बालिकाओं ने भाग लिया। साथ में अध्यापिका मंच की अध्यापिकाओं रंजना पाठक, विजयलक्ष्मी गुप्ता व सोनू कुमावत ने भी प्रभारी के रूप में भाग लिया। ब्लॉक के दल को अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी केकड़ी राधेश्याम कुमावत, प्रधानाचार्य बालिका जूनियाँ श्रीधर जाट, सेवानिवृत्त सहायक निदेशक जयनारायण गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर प्रातः 7:30 बजे रवाना किया। सभी संभागी बालिकाएं जिला स्तरीय किशोरी शिक्षक मिले का अवलोकन भी करेंगी व सेमिनार का अनुभव भी प्राप्त करेंगी। जानकारी देते हुए बालिका शिक्षा प्रभारी ब्लॉक केकड़ी रंजना पाठक ने बताया कि वर्तमान में ब्लॉक में सभी पंचायतों में यहां आत्मरक्षा शिविर आयोजित हो रहे हैं। रानी लक्ष्मीबाई दलों का गठन किया जा चुका है।

## अफगानिस्तान को चिकित्सीय सहायता की 13वीं खेप भेजी भारत ने

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान के लोगों को आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सीय उपकरणों की 13वीं खेप आज काबुल पहुंचायी है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि अफगानिस्तान के लोगों के साथ विशेष संबंधों को ध्यान में रखते हुए उनकी तात्कालिक जरूरतों के अनुरूप आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सीय सामग्री की 13वीं खेप भेजी है। भारतीय अधिकारियों ने काबुल के इंदिरा गांधी बाल चिकित्सालय को यह सामग्री सौंपी। इस सामग्री में पीडियाट्रिक स्टेथोस्कोप, स्फाइग्मो मैनोमीटर मोबाइल टाइप एवं पीडियाट्रिक बीपी कफ, ड्रिप चैंबर सेट, इलैक्ट्रो कॉटरी नाइलॉन सूचर आदि शामिल हैं। भारत ने अफगानिस्तान के लोगों के लिए अब तक 45 टन चिकित्सीय सहायता की आपूर्ति की है जिनमें पांच लाख खुराक कोविड के टीके, तपेदिक निरोधक सामग्री शामिल है। इसके अलावा 40 हजार टन गेहूं की भी आपूर्ति की गयी है।


Wishing You a Very Happy Diwali
All Type Use Car Loan Available
Quick Auto Finance
Contact us
9828333666